रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 10 मई 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-257 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### तमिलनाडु में पटाखा फैक्टरी में विस्फोट से आठ लोगों की मौत, कई घायल



**चेन्नई।** तमिलनाडु के दक्षिणी जिले विरुधुनगर के शिवकाशी में गुरुवार को एक पटाखा निर्माण इकाई (फैक्टरी) में विस्फोट होने से कम से कम आठ श्रमिकों की मौत हो गई तथा कई अन्य घायल हो गए। पुलिस मुख्यालय में प्राप्त रिपोर्ट में विस्फोट में आठ श्रमिकों के मौत की पुष्टि की गई है।

### देश के विभिन्न हिस्सों में आंधी बिजली के साथ बारिश के आसार

**नयी दिल्ली।** देश के मध्य, पूर्व और दक्षिण प्रायद्वीपीय हिस्सों में 12 मई तक आंधी, बिजली और तेज हवाओं के साथ बारिश होने के आसार हैं। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने जानकारी दी। आईएमडी ने बताया कि पश्चिमी राजस्थान में शुक्रवार तक लू की स्थिति बनी रहेगी और उसके बाद मौसम में सुधार होने का अनुमान है। आईएमडी के अनुसार, पश्चिम बंगाल, सिक्किम बिहार, झारखंड और ओडिशा के अलग-अलग स्थानों पर 12 मई तक भारी बारिश, गरज, बिजली-चमक के साथ 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज़ हवा चलने का अनुमान है। मौसम विभाग ने अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में अलग-अलग स्थानों पर अगले सात दिन के दौरान गरज के साथ बारिश, बिजली चमकने के साथ 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज़ हवा चलने का अनुमान जताया है।

### शेयर बाजार में हाहाकर, सेंसेक्स-निफ्टी डेढ़ फीसदी लुढ़के

**मुंबई।** कंपनियों के कमजोर तिमाही नतीजे और विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारी बिकवाली के दबाव में एलटी और रिलायंस समेत 25 दिग्गज कंपनियों के करीब छह प्रतिशत तक लुढ़कने से शेयर बाज़ार में हाहाकर मच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1062.22 अंक अर्थात 1.45 प्रतिशत की भारी गिरावट लेकर करीब तीन सप्ताह के निचले स्तर 72,404.17 अंक रह गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ़्टी 345.00 अंक यानी 1.55 प्रतिशत का गोता लगाकर 22 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे 21,957.50 अंक पर बंद हुआ।

# हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी मुख्य परीक्षा के परिणाम घोषित

## हाईस्कूल में 75.61 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण, बालिकाओं का प्रतिशत 79.35 तथा बालकों का प्रतिशत 71.12

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



- हायर सेकण्डरी में 80.74 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण, बालिकाओं का प्रतिशत 83.72 तथा बालकों का प्रतिशत 76.91
- 10 वीं के टॉप-10 में 59 विद्यार्थियों ने बनाया स्थान, जशपुर की सिमरन सब्बा ने प्राप्त किया प्रथम स्थान
- 12 वीं की टॉप-10 सूची में 20 विद्यार्थी शामिल, सरायपाली की महक अग्रवाल प्रथम स्थान पर

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल की अध्यक्ष रेणु जी पिल्ले ने मण्डल के सभागृह में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हाईस्कूल और हायर सेकण्डरी बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित किये। हाई स्कूल परीक्षा में 75.61 प्रतिशत और हायर सेकण्डरी परीक्षा में 80.74 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। पिल्ले ने समस्त सफल परीक्षार्थियों को बधाई तथा शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होने कहा कि असफलता ही सफलता की सीढ़ी है इसे ध्यान रखते हुये, जो परीक्षार्थी असफल हो गये हैं, वे निराश न हो। पुनः अच्छी पढ़ाई करके परीक्षा में सम्मिलित होने पर सफलता अवश्य मिलेगी। कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा के टॉप-10 में कुल 59 विद्यार्थी और बारहवीं बोर्ड परीक्षा की मैरिट लिस्ट के टॉप-10 में 20 विद्यार्थी हैं। दसवी बोर्ड परीक्षा के मैरिट लिस्ट में स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम जशपुर की सिमरन सब्बा ने 99.50 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान, सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकण्डरी स्कूल कोपरा जिला गरियाबंद की होनिशा ने 98.83 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा बारहवीं बोर्ड परीक्षा के मैरिट लिस्ट में इवास वूडलैंड अंग्रेजी माध्यम हायर सेकण्डरी स्कूल सराईपाली जिला की महक अग्रवाल ने 97.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम और स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट योजना अंतर्गत गुरूघासीदास शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कुल जिला बलौदा-बाजार की कोपल अम्बष्ट ने 97 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हाईस्कूल सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा वर्ष 2024 में 3 लाख 45 हजार 686 परीक्षार्थी पंजीकृत हुये। इनमें से 3 लाख 40 हजार 220 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। जिनमें से 3 लाख 39 हजार 994 परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित किये गये। घोषित परीक्षा परिणाम में से उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 2 लाख 57 हजार 072 है। इस प्रकार 75.61 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। इनमें उत्तीर्ण बालिकाओं का प्रतिशत 79.35 तथा बालकों का प्रतिशत 71.12 रहा। घोषित परीक्षा परिणाम में प्रथम श्रेणी में 1 लाख 17 हजार 519 (34.56 प्रतिशत) है, द्वितीय श्रेणी में 1 लाख 23 हजार 386 (36.29 प्रतिशत) है तथा तृतीय श्रेणी में 16 हजार 165 (4.75 प्रतिशत) विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे। पास श्रेणी में 02 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं, जबकि 19 हजार 012 परीक्षार्थियों को पूरक की पात्रता मिली है। विभिन्न कारणों से 226 परीक्षार्थियों के परिणाम रोके गये हैं, जिनमें 15 परीक्षार्थियों के परिणाम नकल प्रकरण के कारण रोके गये हैं तथा 205 परीक्षार्थी का पात्रता के अभाव में परीक्षा आवेदन निरस्त किये गये हैं तथा 06 परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम जांच की श्रेणी में रोका गया है। हाईस्कूल सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा वर्ष 2023 में 3 लाख 30 हजार 681 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुये थे। सम्मिलित परीक्षार्थियों के उत्तीर्ण का प्रतिशत 75.05 था। इस प्रकार गतवर्ष से इस वर्ष परीक्षा परिणाम में लगभग 0.56 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हायर सेकण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा वर्ष 2024 में पंजीकृत 2 लाख 61 हजार 077 परीक्षार्थियों में से 2 लाख 58 हजार 704 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। घोषित परीक्षा परिणाम में से उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 2 लाख 08 हजार 789 है अर्थात् कुल 80.74 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। इनमें बालिकाओं का प्रतिशत 83.72 तथा बालकों का प्रतिशत 76.91 है। इसमें प्रथम श्रेणी में 88 हजार 101 (34.07 प्रतिशत), द्वितीय श्रेणी में 1 लाख 09 हजार 185 (42.22 प्रतिशत) तथा तृतीय श्रेणी में 11 हजार 498 (4.45 प्रतिशत) परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए है। पास श्रेणी में 05 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। पूरक की पात्रता 22 हजार 232 परीक्षार्थियों को मिली है। विभिन्न कारणों से 129 परीक्षार्थियों के परिणाम रोके गये, जिसमें 31 परीक्षार्थियों के परिणाम नकल प्रकरण के कारण, 96 परीक्षार्थी पात्रता के अभाव में परीक्षा आवेदन निरस्त किये गये हैं तथा 02 परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम जांच की श्रेणी में रोका गया है। हायर सेकण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा वर्ष 2023 में 3 लाख 23 हजार 625 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। इनमें परीक्षार्थियों के उत्तीर्ण का प्रतिशत 79.96 था। इस प्रकार गतवर्ष से इस वर्ष परीक्षा परिणाम में लगभग 0.78 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार शैक्षणेत्तर गतिविधियों में हाईस्कूल परीक्षा 2024 में 1108 एवं हायर सेकण्डरी 2024 में 1131 सहित कुल 2239 छात्रों को बोनस अंक प्रदान किये गये हैं। मण्डल द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार प्रावीण्य सूची में शैक्षणेत्तर गतिविधियों के अंक नहीं जोड़े जाने का निर्णय लिया गया है। अतः इस वर्ष बोनस अंक को छोड़कर अस्थाई प्रावीण्य सूची तैयार की गई है।

# आदिवासियों का कल्याण सिर्फ भाजपा सरकार कर सकती है : साय

एजेंसी ‹ लक्ष्मीपुर/ओड़िशा
www.dailypioneer.com



**ओडिशा को चाहिए मोदी की अगुआई वाली डबल इंजन सरकार**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ओडिशा के लक्ष्मीपुर में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, यह लोकसभा चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश की बागडोर सौंपने का चुनाव है। मोदी गरीब परिवार से आते हैं, इसलिए गरीबों की पीड़ा उन्हें पता है। मोदी 18 घंटे काम करते हैं। गरीबों को गैस सिलेंडर देने, घर बनाने, स्वच्छ पानी, उपचार की सुविधा, खाता खुलवाने से लेकर स्वच्छता शौचालय बनवाने का काम मोदी की सोच से संभव हुआ है। जम्मू एवं कश्मीर से अनुच्छेद 370 समाप्त करने के साथ देश को आतंकवाद से मुक्ति दिलाने का काम पिछले दस साल में हुआ है। साय ने कहा कि ओडिशा में खनिज और वन संपदा की कोई कमी नहीं है लेकिन फिर भी यहां गरीबों का जैसा कल्याण होना चाहिए वह नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि ओडिशा में भी डबल इंजन की सरकार बनानी होगी। यदि यहां राज्य में भी भाजपा की सरकार बनती है तो केंद्र सरकार की सभी योजनाएं अच्छे से क्रियान्वित होंगी। सीएम साय ने कहा कि डबल इंजन की सरकार होने से काफी लाभ होता है। छत्तीसगढ़ में 15 साल भाजपा की सरकार थी, लेकिन पांच साल के लिए कांग्रेस ने सत्ता संभाली तो भ्रष्टाचार को जमकर बढ़ावा मिला। तीन महीने पहले आई भाजपा सरकार ने एक बार फिर विकास कार्यों को गति दे रही है। डबल इंजन की सरकार ने किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। उन्होंने विशाल विजय संकल्प रैली में पहुंचे लोगों से आह्वान किया कि 13 मई को लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों को आशीर्वाद प्रदान करें। डबल इंजन की सरकार बनाएं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय खराब मौसम के बाद भी सभा लेने पहुंचे। उन्होंने कहा कि खराब मौसम के कारण मौसम विभाग हेलीकॉप्टर उड़ाने की अनुमति नहीं दे रहा था। लेकिन सब कुछ भगवान जगन्नाथ पर छोड़कर वे यहाँ पहुंचे। साय ने डेढ़-दो घंटे विलम्ब होने पर जनता से माफी भी मांगी। जनसभा में लोकसभा भाजपा प्रत्याशी कालेराम माझी, लक्ष्मीपुर विधानसभा के प्रत्याशी कैलाश कुलसिका, छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप तथा विधायक पुरंदर मिश्रा भी उपस्थित रहे।

# रायपुर सहित प्रदेशभर के 29 से अधिक ठिकानों पर ईओडब्ल्यू एसीबी का छापा

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

महादेव सट्टा एप के मामले में आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो और एसीबी ने कई जगह छापा मारा है। ब्यूरो की टीमें अलग-अलग शहरों में पहुंची है और सुरक्षा बलों की उपस्थिति में कार्यवाही को अंजाम दे रही है। रायपुर, दुर्ग-भिलाई, राजनांदगांव, कांकेर में तड़के सुबह से पहुंची टीमों के द्वारा कार्यवाही को अंजाम दिया जा रहा है। एजेंसी की तरफ से बताया कि दुर्ग में 18 स्थानों पर, रायपुर में 07 स्थानों पर, बलौदा-बाजार में 02 जगह, रायगढ़ एवं कांकेर 1-1 स्थान पर कुल 29 स्थानों और उनसे संबंधित प्रतिष्ठान्नों पर छापे की कार्यवाही की गई। तलाशी में महादेव एप से संबंधित इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, संपत्तियों से संबंधित दस्तावेज, हवाला से संबंधित पर्चियां, बैंकों से सबंधित कागजात एवं अन्य संदेहास्पद दस्तावेज बरामद हुए जिनका परीक्षण किया जा रहा है। इसी मामले में 03 आरोपियों चन्द्रभूषण वर्मा, सतीश चन्द्राकर और सुनील दम्मानी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। वहीं, आरोपी अमित अग्रवाल को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर 14 मई तक के लिये पूछताछ हेतु पुलिस रिमांड बढ़ाया गया है।


### हवलदार के नहीं मिलने पर घर को किया सील

**कांकेर।** गुरुवार सुबह अचानक ईओडब्ल्यू एसीबी की टीम हवलदार के निवास स्थान चारामा में पहुँची जहां विजय कुमार पाण्डे, हवलदार के घर पर नहीं मिलने पर ईओडब्ल्यू के द्वारा कार्यवाही करते हुए अधिकारियों ने बगल में रह रहे परिवार व अन्य सदस्यों से पूछताछ कर अधिकारियों ने घर में नोटिस चस्पा कर घर को सील कर दिया है। बता दें कि यह पूरा मामला सट्टा से जुड़ा हुआ है जिसमें कांकेर डिस्ट्रिक्ट क्राईम रिकार्ड ब्यूरो में पदस्थ विजय पांडे के घर पर सुबह 5 बजे आए एसीबी की टीम ने दबिश दी व घर को शील कर दिया है से साथ ही एसीबी ने थाना ईओडब्ल्यू/एसीबी, रायपुर के अपराध क्रमांक 06/2024, धारा-7.11 भ्र.नि. अधि. 1988 यथासंशोधित भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम 2018 एवं 406, 420, 467, 468, 471, 120बी, 34 भादवि की विवेचना के संदर्भ में विशेष न्यायालय रायपुर द्वारा मकान की तलाशी का वारंट जारी कर सर्च टीम द्वारा घर बंद होना पाया गया है। तो आसपास के लोगों के समक्ष घर को सील कर दिया गया है। बता दें कि यह कार्यवाही छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों में भी हुई है।



# 15 अगस्त तक 30 लाख पदों पर भर्ती कर देंगे शुरु : राहुल गांधी

**नयी दिल्ली/वार्ता।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने देश के युवाओं को आश्वासन दिया है कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बहकावे में नहीं आए और कांग्रेस को वोट दें। उन्होंने कहा कि 4 जून को आ रहे लोकसभा की चुनाव परिणाम में यदि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो 15 अगस्त तक 30 लाख सरकारी पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा देश के युवाओं, 4 जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है और हमारी गारंटी है कि 15 अगस्त तक हम 30 लाख रिक्त सरकारी पदों पर भर्ती का काम शुरू कर देंगे। नरेंद्र मोदी के झूठे प्रचार से भटकना मत, अपने मुद्दों पर डटे रहना। इंडिया की सुनो, नफ़रत नहीं, नौकरी चुनो।



# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्वाचन में सहभागिता देने वाले अधिकारियों कर्मचारियों, संगठनों और मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



**मतदान प्रतिशत में हुई 1.31 प्रतिशत की बढ़ोतरी, कुल 72.8 प्रतिशत मतदान**


मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने प्रदेश में लोकसभा आम निर्वाचन-2024 में अपनी सहभागिता प्रदान करने वाले सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, शासकीय एवं अशासकीय संगठनों, लोकसेवी संस्थाओं और मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग किया और लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी सहभागिता दी। उन्होंने निर्वाचन कार्य में संलग्न एवं नियोजित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। कंगाले ने केन्द्रीय सुरक्षा बलों और राज्य पुलिस बल के प्रति भी आभार व्यक्त किया है जिन्होंने स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन कराने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। उन्होंने प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया के सभी पत्रकारों के प्रति आभार व्यक्त किया जिन्होंने आम निर्वाचन के दौरान निर्वाचन से संबंधित महत्वपूर्ण दिशा-निर्देशों एवं निर्वाचन गतिविधियों के प्रभावी प्रचार-प्रसार के साथ ही मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कंगाले ने मतदाताओं को जागरुक और मतदान के लिए प्रेरित करने वाले सभी लोगों, शासकीय एवं गैर शासकीय प्रतिभागियों, विभिन्न लोक सेवी संस्थाओं और संगठनों के प्रति भी आभार व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में इस बार लोकसभा चुनाव के मतदान प्रतिशत में 1.31 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

प्रदेश में लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के लिए तीन चरणों में हुए मतदान में यहां के कुल 72.8 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यह प्रदेश में हुए अब तक के लोकसभा चुनावों में मतदान का सर्वाधिक प्रतिशत है।

**शर्मनाक और निंदनीय बयान भारत जैसे सनातन देश में 140 करोड़ भारतवासियों को अपमानित करने वाला**

# ‘अपने बुद्धिदाता’ के कृत्यों के लिए माफी मांगे कांग्रेस : योगी

पायनियर संवाददाता ‹ लखनऊ
www.dailypioneer.com



सैम पित्रोदा के बयान की भर्त्सना करते हुये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस को अपने बुद्धिदाता के कृत्य के लिये सार्वजनिक रुप से देश की जनता से माफी मांगनी चाहिये। योगी ने कहा कि पित्रोदा कांग्रेस की बांटो और राज करो की नीति को बयां कर रहे हैं। कांग्रेस में सत्ता प्राप्ति की अतिलिप्सा है। कांग्रेस 1947 में भारत के विभाजन की त्रासदी की जिम्मेदार है। कांग्रेस ने आजादी के बाद भी जाति, क्षेत्र, भाषा के नाम पर देश को बांटने का पाप किया है। सैम पित्रोदा का बयान अत्यंत निंदनीय है। कांग्रेस सैम पित्रोदा के मुंह से जो बोलवा रही है, उसके लिए उसे देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस को अपने बुद्धिदाता के कृत्यों के लिए माफी मांगनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे लोग उत्तर भारत, दक्षिण भारत, पूर्वी भारत, पश्चिमी भारत को रंग व चमड़ी के आधार पर बांटने का प्रयास कर रहे हैं। यह देश के प्रति साजिश का पर्दाफाश होने के साथ ही कांग्रेस की बहुत खतरनाक मंशा है। यह शर्मनाक और निंदनीय बयान भारत जैसे सनातन देश में 140 करोड़ भारतवासियों को अपमानित करने वाला है। उन्होंने कहा कि सैम पित्रोदा अपनी बुद्धि अपने पास ही रखें। उनके जैसे बुद्धिमान लोग कांग्रेस को मुबारक हों। राष्ट्रवादी राम और राष्ट्र को एक-दूसरे के पूरक मानते हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम भारत राष्ट्र के सांस्कृतिक एकता के आधार हैं। भारत का मूल चरित्र राम की चेतना से नई संजीवनी प्राप्त करता है। भारत के हर परिवार में श्रीराम मर्यादा के आदर्श माने गए हैं। राम भारत की सांस्कृतिक और राजनीति एकता के प्रतीक हैं। इसमें गरीब कल्याण, सबका साथ-सबका विकास, सर्वे सन्तु निरामया का भाव निहित है। इसकी मूल चेतना प्रभु श्रीराम से प्राप्त होती है, इसलिए राम मंदिर का निर्माण भारत के लिए गौरव का विषय है। जिनका भारत और भारतीयता पर विश्वास नहीं है और जिन्हें अच्छे कार्य में शर्मिंदगी महसूस होती है। ईश्वर करे कि उन्हें यह शर्मिंदगी हमेशा मिलती रहे। योगी ने कहा कि भारत के 140 करोड़ लोगों के साथ ही दुनिया में जहां भी सनातन धर्मावलंबी निवास करते हैं। दुनिया में जहां कहीं भी मानवता के कल्याण के पक्षधर हैं, वह हर व्यक्ति राम मंदिर के निर्माण से आनंदित व प्रफुल्लित है। इसके जरिए उन्हें बहुत पॉजीटिव एनर्जी भी प्राप्त हुई है। यही कारण है कि न केवल सनातन धर्मावलंबी, बल्कि दुनिया के दर्जनों राजदूत अयोध्या की यात्रा कर वहां के विकास कार्यों को देख चुके हैं।

### परिवार की पांचों सीट हारेगी सपा, नहीं खुलेगा खाता : योगी

**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी का खाता भी नहीं खुलेगा और सपा मुखिया के परिवार की पांचों सीटों पर हार सुनिश्चित है। गोला में खीरी लोकसभा सीट के लिए चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुये योगी ने गुरुवार को कहा कि लोकसभा चुनाव के तीन चरण पूरे हो चुके हैं। देश में एक ही स्वर गूंज रहा है फिर एक बार मोदी सरकार। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और सपा के लोग कह रहे हैं कि राममंदिर का निर्माण अनावश्यक हुआ है। चुनाव जैसे जैसे आगे बढ़ रहा है दो चीजें साफ हो गई हैं। एक तरफ भारत के विकास, गरीब कल्याण के लिए योजनाओं का लाभ देने वाले रामभक्त हैं। दूसरी तरफ भारत की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले, अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का अपमान करने वाले, आस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले रामद्रोही हैं।

## मोदी के अडानी-अंबानी के भ्रष्टाचार के खुलासे से भक्तों में हड़कंप : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अडानी अंबानी संबंधी बयान पर उन्हें घेरने का प्रयास करते हुए कहा कि यह मोदी के चहेतों के भ्रष्टाचार का खुलासा है जो प्रधानमंत्री ने तीसरे चरण के चुनाव के बाद अपनी निश्चित हार को देखते हुए खुद किया है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी ने 10 साल में पहली बार अडानी-अंबानी का नाम लिया है और कहा है कि वह बोरियों में रुपए दे रहे हैं और टेंपो में भर-भर रुपए इधर-उधर किए जा रहे हैं। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री की लाचारी बताया और कहा कि भ्रष्टाचार का खुलासा खुद करने के अलावा उनके पास अब कोई चारा नहीं बचा है। इस खुलासा से भाजपा के भ्रष्टाचारियों में हड़कंप मच गया है। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री की बेबसी करार देते हुए कहाख, देश का प्रधानमंत्री इतना कमजोर, इतना लाचार, इतना असहाय और इतना मजबूर पहले कभी नहीं रहा। दस साल तक चुप रहने के बाद उन्होंने अन्ततः अडानी अंबानी का नाम लिया और उनके भ्रष्टाचार का खुद खुलासा किया है। यह खुलासा उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की वजह से किया से है क्योंकि गांधी ही लगातार अडानी और अंबानी के भ्रष्टाचार को सामने लाने का प्रयास करते रहे हैं।



# बहन का पूरा सम्मान, समाज के लिये लड़ाई रहेगी जारी : आकाश

पायनियर संवाददाता ‹ लखनऊ
www.dailypioneer.com



बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक के पद से हटाये जाने के पार्टी सुप्रीमो मायावती के फैसले का सम्मान करते हुये आकाश आनंद ने कहा कि वह भीम मिशन और समाज के लिये अंतिम सांस तक लड़ते रहेंगे। मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को पिछले मंगलवार को अपने राजनीतिक उत्तराधिकारी और राष्ट्रीय समन्वयक के पद से हटाने की घोषणा की थी। आनंद ने एक्स पर पोस्ट किया मायावती, आप पूरे बहुजन समाज के लिए एक आदर्श हैं, करोड़ों देशवासी आपको पूजते हैं। आपके संघर्षो की वजह से ही आज हमारे समाज को एक ऐसी राजनैतिक ताक़त मिली है जिसके बूते बहुजन समाज आज सम्मान से जीना सीख पाया है। आप हमारी सर्वमान्य नेता हैं। आपका आदेश सिर माथे पे। भीम मिशन और अपने समाज के लिए मैं अपनी अंतिम साँस तक लड़ता रहूँगा। जय भीम, जय भारत। गौरतलब है कि मायावती ने 28 अप्रैल को सीतापुर जिले में बसपा प्रत्याशी के समर्थन में एक रैली के दौरान भड़काऊ भाषण देने के मामले में आकाश आनंद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज होने के बाद यह कदम उठाया था। पिछले साल 10 दिसंबर को बसपा सुप्रीमो ने अपने भतीजे आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था।

# तीन चरणों में भाजपा की निकली हवा : अखिलेश यादव

एजेंसी < बहराइच
www.dailypioneer.com



समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव के पहले तीन चरण के मतदान में जनता ने भारतीय जनता पार्टी को हार की दहलीज पर लाकर खड़ा कर दिया है और अगले दो चरणों में भाजपा की हार सुनिश्चित कर दी जायेगी। बहराइच शहर के गेंद घर मैदान में यादव ने बृहस्पतिवार को दोपहर बाद सपा प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुये कहा कि जनता ने पहले, दूसरे और तीसरे चरण के मतदान में भाजपा को काफी पीछे कर दिया है। चौथे और पांचवें चरण के मतदान में आप लोग मतदान कर इनके मंसूबों को रोकने का काम करें। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा पूर्व ब्रह्मांड की सबसे बड़ी झूठी पार्टी है। वह विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनने का दावा करती है लेकिन विकास के नाम पर काफी पीछे है। भाजपा ने डबल इंजन की सरकार में किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया, लेकिन किसानों की कमाई को बिचौलियों के हाथ में सौंप दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 4 साल के लिए अग्नि वीर योजना शुरुआत की है, इससे युवाओं में नाराजगी है। गठबंधन की सरकार बनी तो तीस लाख सरकारी नौकरी देने के साथ ही अग्निवीर योजना को खत्म करेंगे। 60 लाख नौजवानो की नौकरी छूट गई। परीक्षा लीक होने की वजह से इनका भविष्य अंधकार में चला गया। भाजपा सरकार आई तो पुलिस की नौकरी भी तीन साल की कर देगी। यादव ने कहा कि आज सब कुछ बिक रहा है। ट्रेन बिक गई, हवाई अड्डे बिक गए इनकी सरकार रही तो सभी नौकरियां प्राइवेट हो जायेगी। ये सरकार संविधान को बदलना चाहती हैं, लेकिन हम लोग इन्हें ही हटा देंगे। पहले, द्वितीय और तृतीय चरण के चुनाव में जनता ने भाजपा के झूठ की हवा निकालते हुए उनके मंसूबों को पर पानी फेर दिया है। अब डबल इंजन की सरकार में विकास का कोई जिक्र नहीं किया जा रहा सिर्फ हिंदू और मुस्लिम में लड़ाया जा रहा है। इस दौरान सभी प्रत्याशी और काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सैम पित्रोदा के बयान पर कांग्रेस और राहुल गांधी मांगे माफी : यादव

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता सैम पित्रोदा का बयान अत्यंत निंदनीय है और कांग्रेस पार्टी एवं पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी को इसके लिए पूरे देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। डॉ यादव ने पित्रोदा के बयान में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा का एक बयान सामने आया है, जिसकी वे कठोर शब्दों में निंदा करने हैं। उन्होंने कहा कि भारत विविधताओं से परिपूर्ण देश रहा है। गांधी के गुरु सैम पित्रोदा ने चमड़ी के आधार पर भारतवासियों को बांटने का प्रयास किया है। चुनाव में इस तरह के बयान देना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस लगातार भारतीयों को अपमानित करने पर तुली हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दक्षिण भारतीयों की तुलना अफ्रीकन के साथ करना और इस तरह के भाव लाना निंदनीय है। कांग्रेस पार्टी को इसके लिए माफी मांगना चाहिए। गांधी को पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए।



## नीमच कलेक्टर ने एक बदमाश को किया जिलाबदर

**नीमच।** मध्यप्रदेश के नीमच में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी दिनेश जैन ने एक बदमाश को तीन माह के लिए जिलाबदर कर दिया। आधिकारिक जानकारी के अनुसार कलेक्टर जैन ने आदतन बदमाश राहुल निवासी चड़ोली पुलिस थाना नीमच सिटी को म.प्र.राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत तीन माह की अवधि के लिए जिलाबदर करने का आदेश जारी किया है। यह बदमाश जिलाबदर अवधि में नीमच जिले की राजस्व सीमा तथा समीपवर्ती मंदसौर, रतलाम, शाजापुर, उज्जैन, देवास एवं आगर-मालवा जिले की राजस्व सीमा से बाहर रहेगा।

# कांग्रेस की हरियाणा में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग

एजेंसी < चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

हरियाणा में कांग्रेस ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की सरकार के अल्पमत में आने का दावा करते हुए राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय को पत्र लिखकर उनसे मिलने का समय मांगा है और राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करने तथा विधानसभा चुनाव जल्द कराने की मांग की है। कांग्रेस का कहना है कि हरियाणा में भाजपा सरकार बहुमत खो चुकी है और वहां अल्पमत की असंवैधानिक सरकार चल रही है। ऐसे में राज्यपाल को कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल को मिलने का समय देना चाहिए और कांग्रेस अपने सभी विधायकों की राजभवन में परेड करवाने के लिये तैयार है। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं विपक्ष के नेता भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने जननायक जनता पार्टी के राज्यपाल को लिखे गये पत्र के संबंध में पूछे गये सवाल के जवाब में गुरुवार को कहा कि कांग्रेस ने राज्यपाल को पत्र लिखकर मिलने का समय मांगा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने सभी 30 विधायकों को राज्यपाल के समक्ष ले जाने के लिए तैयार है। इसी तरह जेजेपी को भी अपने सभी 10 विधायकों की परेड राज्यपाल के सामने करवानी चाहिये। अगर ऐसा होता है तो कांग्रेस के 30, कांग्रेस को समर्थन देने वाले तीन निर्दलीय विधायक, जेजेपी के 10 विधायकों, इनेलो के अभय चौटाला और एक अन्य निर्दलीय बलराज कुंडू को मिलाकर कुल 45 विधायक होते हैं, जो आज की तारीख में राज्य की भाजपा सरकार को समर्थन नहीं दे रहे। अभी राज्य में 88 विधायकों के सदन में भाजपा सरकार के पास सिर्फ 43 विधायकों का समर्थन है। उन्होंने कहा कि ऐसे में प्रदेश सरकार को खुद ही नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिये। प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लागू करके जल्द विधानसभा चुनाव करवाये जाने चाहिये। इससे पहले जजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दुष्यंत चौटाला ने दत्तात्रेय को पत्र लिखकर मांग की कि नायब सिंह सैनी सरकार को विधानसभा में बहुमत सिद्ध करना चाहिए। चौटाला ने पत्र में लिखा है कि हाल में तीन निर्दलीय विधायकों ने भाजपा सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया है। उन्होंने लिखा है कि जजपा का स्पष्ट रुख है कि वह इस सरकार का समर्थन नहीं करती और किसी भी अन्य राजनीतिक दल को सरकार बनाने में समर्थन देने के लिये तैयार है।

# गुलामी की निशानियों से मुक्त होगा उत्तर प्रदेश

एजेंसी < लखनऊ
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में गुलामी की निशानियों को समाप्त कर विरासत का सम्मान करने का संकल्प लिया है। इसी क्रम में जब वह अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित कर रहे थे तो उन्होंने लोकसभा के नाम पर अपनी आपत्ति जाहिर करते हुए कहा कि 'चिंता मत करिए, ये सब बदल जाएगा। ' ये इस बात का संकेत है कि लोकसभा चुनावों में जीत दर्ज करने के बाद तीसरी बार मोदी सरकार बनी तो राज्य सरकार की ओर से अकबरपुर का नाम बदलने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को दिया जा सकता है। योगी सरकार पहले भी ऐसा कर चुकी है। सिर्फ अकबरपुर ही नहीं, प्रदेश के अंदर कई ऐसे जिले हैं जिनका नाम बदलने को लेकर मांग की जा रही है। इन जिलों के नाम गुलामी के दिनों की याद दिलाते हैं। ऐसे में अकबरपुर पर सीएम योगी की टिप्पणी के बाद ऐसे सभी नामों में बदलाव की संभावना जगी है।

अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र के घाटमपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि अकबरपुर का नाम ही ऐसा है कि बार-बार बोलने में संकोच लगता है। ये सब बदल जाएगा। हमें गुलामी के निशानों को समाप्त करना है और विरासत का सम्मान करना है। इस क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा के साथ जोड़ना है। इसके लिए जो अभियान देश में शुरू हुआ है, उसमें हमें भी एक वोट के साथ सहभागी बनना है। योगी का इशारा मुगलकालीन बादशाह अकबर के नाम पर लोकसभा क्षेत्र का नाम होने पर था। हालांकि, प्रदेश में अकबरपुर ही नहीं, कई जिले ऐसे हैं जिनके नाम भारतीय संस्कृति और विरासत से तालमेल नहीं खाते और गुलामी के दिनों की याद दिलाते हैं। मसलन, अलीगढ़, आजमगढ़, शाहजहांपुर, गाजियाबाद, फिरोजाबाद, फर्रुखाबाद और मुरादाबाद जैसे जिलों के नाम बदलने के लिए पहले भी आवाज उठ चुकी है।

# 'सी-विजिल एप' पर उल्लंघन की मिली 4 हजार 555 शिकायतें

पायनियर संवाददाता < भोपाल
www.dailypioneer.com




मध्यप्रदेश में नागरिकों से 'सी-विजिल एप' पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। आचार संहिता के 16 मार्च से 9 मई तक सी-विजिल एप पर आचार संहिता उल्लंघन की 4 हजार 555 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इन सभी शिकायतों का त्वरित निराकरण कर दिया गया है। आधिकारिक जानकारी में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि मुख्य रूप से ग्वालियर में 525, सागर में 349, दमोह में 306, उज्जैन में 273, मुरैना में 239, राजगढ़ में 198, इंदौर में 211, रीवा में 168, कटनी में 152, खरगौन में 127, सीहोर में 120, भोपाल में 135, छतरपुर में 114, नरसिंहपुर में 110 और सतना जिले में 105 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। प्रदेश के अन्य जिलों से भी इस प्रकार की शिकायतें मिली हैं। राजन ने प्रदेश के नागरिकों से आग्रह किया है कि यदि वे निर्वाचन में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़ी किसी भी प्रकार की सीधी शिकायत करना चाहते हैं, तो वे 'सी-विजिल एप' के माध्यम से कर सकते हैं। इसके लिए संबंधित नागरिक को गूगल प्ले स्टोर पर जाकर 'सी-विजिल एप' डाउनलोड करना होगा। राजन ने बताया कि नागरिक को आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़ी किसी भी घटना की जानकारी होने पर फोटो या वीडियो 'सी-विजिल एप' पर अपलोड करना होगा। शिकायत मिलने पर अगले 100 मिनट के भीतर कार्यवाही की जाएगी। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श चुनाव आचरण संहिता के उल्लंघन वाली शिकायतों के निवारण के लिए 'सी-विजिल एप' तैयार किया गया है।

## रेलकर्मियों की मेधावी पुत्रियों को किये लैपटॉप भेंट

**कोटा।** केन्द्रीय कर्मचारी हित निधि के प्रावधानों के तहत गुरुवार को कोटा रेल मंडल के दो कर्मचारियों की मेधावी पुत्रियों को अपर मंडल रेल प्रबंधक आर आर के सिंह ने लैपटॉप भेंट किये। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि सिंह ने मंडल में पदस्थ दो रनिंग कर्मचारी वरिष्ठ सहायक लोको पायलट रामस्वरूप मीणा एवं लोको पायलट शंटिंग श्रीकेश मीणा की मेधावी पुत्रियों अनीशा मीणा एवं कल्पना मीणा को लैपटॉप सुपुर्द किया। ये दोनों ही छात्रायें एमबीबीएस पाठ्यकम की प्रथम वर्ष छात्रा है। छात्राओं एवं उनके अभिभावकों ने लैपटॉप मिलने पर प्रसन्नता जाहिर की तथा इसके लिए रेल प्रशासन का आभार व्यक्त किया। गौरतलब है कि केन्द्रीय कर्मचारी हित निधि की हाल ही में मुख्यालय जबलपुर में सम्पन्न हुई बैठक में वर्ष 2023-24 में आईआईटी, एनआईटी एवं ट्रिपलआईटी संस्थानों से बीटेक (स्नातक उपाधि पाठ्यकम) या एमबीबीएस में प्रवेश लेने वाली छात्राओं के लिये कर्मचारियों की केन्द्रीय कर्मचारी हित निधि से रेल कर्मचारियों की पुत्री, जो पास नियम के अंतर्गत आती हैं, को फंड उपलब्धता के आधार पर लैपटॉप देने का निर्णय लिया गया।

## मां-बाप की हत्या का आरोपी पुत्र पांच दिन पुलिस रिमांड पर

**बारां।** राजस्थान में बारां शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के नाकोड़ा कॉलोनी में मां- बाप की हत्या करने के आरोपी पुत्र को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे 14 मई तक पुलिस रिमांड पर लिया है। शहर कोतवाली सीआई रामबिलास मीणा ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में आरोपी गजेंद्र गोत्तम की पत्नी तथा बच्चे को भी पूछताछ के लिये हिरासत में लिया है।




सूत्रों ने बताया कि मंगलवार देर रात आरोपी बड़े पुत्र गजेंद्र गौतम ने खेतिहर जमीन को जुपाने की राशि की मांग रखी थी। जमीन जुपाई की यह राशि पिता प्रेमबिहारी गोत्तम ने पुत्र को देने के लिये किसान को मना किया था। यह राशि उन्हीं के पास थी। इस राशि को देने के लिए उसने पिता से तकरार की, इसी बीच दोनों में झगड़ा हो गया, पिता नीचे गिर कर बेहोश हो गए तो मां ने उसे रोकना चाहा। गुस्से में गजेंद्र ने पत्नी बच्चों को बाहर निकाल दिया और अंदर से दरवाजे को कुंडी लगा दी। बाद में गजेंद्र ने पहले लकड़ी फिर फावड़े से हमला बोलकर मौत के घाट उतार दिया। इतना ही नहीं मां बाप को मारकर बेटा दूसरे दिन सुबह स्वयं थाने पहुंचा और वारदात को अंजाम देने की सूचना दी।

## धामी ने वन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष गहतोड़ी को श्रद्धा सुमन अर्पित किये

**काशीपुर/नैनीताल।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी काशीपुर वन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष कैलाश गहतोड़ी के आवास पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये। मुख्यमंत्री उनके परिजनों से मिलकर भावुक हो गये। उन्होंने परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया और उनके साथ बिताये पलों को साझा किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कैलाश दा ने अपने काम के बल पर समाज में अपनी जगह बनायी। वह कर्मठ व्यक्तित्व के धनी थे। खासकर राजनीतिक जीवन में कर्मठता के प्रतीक रहे हैं। उनका जन सेवा का लक्ष्य सर्वोपरि रहा है। वह गरीबों की सेवा के लिये हर समय तत्पर रहते थे। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि आदर्श चंपावत बनाने के लिये उन्होंने जो त्याग किया उसे याद रखेंगे और उनके सपनों को पूरा करेंगे। उन्होंने पुष्प अर्पित कर मृतक आत्मा को श्रद्धांजलि दी। गौरतलब है कि वन विकास निगम के अध्यक्ष गहतोड़ी का बीमारी के बाद गत 03 मई को निधन हो गया था। उन्होंने वर्ष 2022 के मुख्यमंत्री के तौर पर खटीमा से विधानसभा चुनाव हार जाने के बाद धामी के लिये विधायकी छोड़ दी थी और चंपावत सीट खाली कर दी थी। इसके बाद धामी ने यहां से भारी मतों से उप चुनाव जीता। गहतोड़ी के ही त्याग का परिणाम है कि चंपावत विधानसभा विकास के मामले में प्रदेश में सबसे आगे है। उनके इस प्रयास को चंपावत की जनता कभी भूल नहीं पायेगी।

# विक्रमादित्य सिंह ने मंडी लोकसभा सीट से नामांकन पत्र दाखिल किया

वार्ता < शिमला
www.dailypioneer.com



हिमाचल प्रदेश के मंडी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके साथ प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी राजीव शुक्ला, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और सांसद एवं कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह सहित कई बड़े नेता मौजूद रहे। सिंह के नामांकन भरने के बाद कहा कि वह नेता या अभिनेता नहीं हैं वह जनसेवक हैं। सिंह ने कहा कि आपदा के समय उन्होंने इस क्षेत्र के आपदा प्रभावित लोगों की हरसंभव मदद की। उन्होंने कहा कि न तो भारतीय जनता पार्टी ने इस दौरान लोगों की कोई मदद की और न ही उनकी पार्टी से चुनाव लड़ रहीं प्रत्याशी कंगना रनौत ने। उन्होंने कहा कि मंडी संसदीय क्षेत्र को आदर्श सांसद क्षेत्र बनाना ही उनका प्रमुख लक्ष्य है और इसी लक्ष्य को वह आगे रख कर चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो प्यार और सम्मान उन्हें व उनके परिवार को प्रदेश के लोगों से मिला है उसका ऋण वह कभी भी नहीं चुका सकते। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी कंगना पर निशाना साधते हुए कहा कि वह सुबह-शाम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का गुणगान करती हैं और मुझे गाली देती रहती हैं। मंडी में एक विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए भाजपा और बागियों पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विक्रमादित्य सिंह राजनीति के युवा हीरो हैं और वह राजनीति में नहीं होते, तो बॉलीवुड के टॉप के हीरो होते। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पिछले वर्ष आई आपदा में विक्रमादित्य सिंह ने लोक निर्माण मंत्री के रूप में बेहतर काम किया और प्रभावितों के दुख दर्द में साथ रहे। सुक्खू ने कहा कि कंगना रणौत ने फिल्म इंडस्ट्री में बहुत नाम कमाया है, लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर उन्हें जबरदस्ती राजनीति में ले आए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राज्य प्रभारी शुक्ला की रणनीति के घबराकर ठाकुर ने चुनाव से किनारा कर लिया और अपनी जगह कंगना को मैदान में उतार दिया। उन्होंने कहा कि ठाकुर ने कंगना से सिर्फ एक महीने के लिए शूटिंग की डेट माँगी है। फिल्म का नाम है 'कंगना मंडी के अंगना' लेकिन अगर डायरेक्टर फ्लॉप हो तो फिल्म का फ्लॉप होना तय है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी 2022 में ठाकुर ने फिल्म बनाई, जिसका नाम रखा 'रिवाज बदलेंगे' लेकिन जनता ने उन्हें ही बदल दिया। फिर 27 फरवरी 2024 को 'ऑपरेशन लोट्स' फिल्म बनाई, लेकिन वह फिल्म भी पिट गई। इसलिए इस बार भी फ्लॉप डायरेक्टर की फिल्म फ्लॉप होना तय है।

# आप के सांसद पंजाब का रुका हुआ धन जारी करवायेंगे : चीमा

एजेंसी < दिड़बा (संगरूर)
www.dailypioneer.com

पंजाब में संगरूर लोकसभा सीट से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार और कैबिनेट मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर और वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने बुधवार को दिड़बा निर्वाचन क्षेत्र के गांवों में चुनावी रैलियों को संबोधित किया और दावा किया कि केंद्र में नवगठित सरकार में आप की अहम भूमिका होगी। आप नेताओं ने कहा कि केंद्र में गठबंधन की सरकार बनने पर पंजाब के साथ भेदभाव बंद होगा और आप के सांसद केंद्र द्वारा रोका गया धन खुद जारी करेंगे। मीत हेयर ने कहा कि केंद्र में बनने जा रही नयी सरकार में आप संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में आप अहम भूमिका निभायेगी। हेयर ने कहा कि देश में अब तक हुये तीन चरणों के चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 400 सीटों के दावे की हवा निकल गयी है और पंजाब में भाजपा को भारी झटका लगेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा को संगरूर सीट के लिये उम्मीदवार ढूंढने में इतना समय लग गया कि अब वह चुनाव प्रचार के दौरान पूरे निर्वाचन क्षेत्र को कवर भी नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पहले ही पंजाब, खासकर संगरूर में अपनी हार स्वीकार कर ली है। दिड़बा से विधायक और वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने इस मौके पर कहा कि मीत हेयर जहां संसद में संगरूर का प्रतिनिधित्व करेंगे, वहीं अन्य सीटों पर भी आप उम्मीदवार बड़ी जीत हासिल करेंगे और पिछली केंद्र सरकारों द्वारा पंजाब के साथ किये गये भेदभाव को खत्म करेंगे। उन्होंने कहा कि आप नवगठित केंद्र सरकार में भागीदार होगी और आरडीएफ और स्वास्थ्य सेवाओं के लिये रोका गया धन तुरंत जारी किया जायेगा, जिससे पंजाब में विकास की गति तेज होगी।

## सोनीपत की मंडियों 404009 टन गेहूं की खरीद

**सोनीपत।** हरियाणा में सोनीपत की विभिन्न मंडियों में बुधवार रात तक 404009 टन गेहूं की आवक हो चुकी है। उपायुक्त मनोज कुमार ने गुरुवार यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 404009 टन गेहूं में से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने 99448 टन, हैफेड 190326 टन, एचडब्ल्यूसी द्वारा 92819 तथा एफसीआई ने 21416 टन गेहूं की खरीद की । उन्होंने बताया कि बरोदा खरीद केंद्र पर 5585 टन, भैंसवाल 3940 टन, बिचपड़ी 1383 टन, दतौली 5394 टन, फरमाणा खरीद केंद्र पर 14294 टन, गन्नौर 30112 टन, गोहाना 146258 टन, कासंडी केंद्र पर 14750 टन, कथूरा 9493 टन, खानपुर 9187 टन, खरखौदा मंडी में 42796 टन, मुण्डलाना 9872 टन, मुरथल 10362 टन, नाहरा 8727 टन, पुगथला 19878 टन, पुरखास 8452 टन, रूखी 17528 टन, सनपेड़ा 9732 टन, सोनीपत साईलो पर 7122 टन तथा सोनीपत अनाज मण्डी में 29144 टन गेहूं की आवक हुई है। उपायुक्त ने बताया कि 402611 टन गेहूं को 24461 किसान लेकर आये हैं और गेहूं की खरीद 2275 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की गयी है।

# भाजपा का इंडिया गठबंधन कर देगा पूरी तरह से सफाया : शिवपाल

वार्ता < इटावा
www.dailypioneer.com



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने दावा किया है कि इंडिया गठबंधन मौजूदा लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का पूरी तरह से सफाया कर रहा है। इटावा संसदीय सीट से इंडिया गठबंधन उम्मीदवार जितेंद्र दोहरे के समर्थन में जैतपुरा, बंसरी और महेवा में चुनावी सभाओ को संबोधित करते हुये शिवपाल ने कहा कि पहले, दूसरे,तीसरे चरण में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों को खासी कामयाबी मिलती दिखाई दे रही है। चौथे चरण में यह कामयाबी और व्यापक नजर आएगी। इटावा, बंदायूं और मैनपुरी में चुनाव के दिन हुई गुंडागर्दी की घटनाओं का जिक्र करते हुए शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि सत्ता के इशारे पर भारतीय जनता पार्टी से जुड़े हुए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन के पदाधिकारी को बुरी तरह से परेशान किया है ताकि इंडिया गठबंधन का वोट प्रभावित हो। उन्होंने कहा कि जिस तरह की परंपरा सत्ता के इशारे पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियो ने इंडिया गठबंधन के पदाधिकारी का उत्पीड़न कियार हैं वह यह क्यों भूल जाते हैं कि सत्ता परिवर्तन भी होता है जब सत्ता परिवर्तन होगा तो निश्चित ही है कि यह परंपराएं आगे भी बढ़ेगी लेकिन इसके बावजूद भी वह कुछ नहीं कहना चाहते हैं। यादव ने कहा कि भाजपा का कोई कार्यकर्ता इंडिया गठबंधन के पदाधिकारी के खिलाफ कोई झूठी भी शिकायत करता है तो पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी ऐसी कार्रवाई करने के लिए तैयार हो जाते हैं जैसे इंडिया गठबंधन का पदाधिकारी कोई बड़ा अपराधी हो या फिर उसने कोई और बड़ा जुर्म किया हो। सत्ता के इशारे पर काम करने वाले पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी यह भी भूल जाते हैं कि सत्ता का परावर्तन होता है और जब सत्ता का परिवर्तन होता है तो निश्चित है कि उनके खिलाफ भी कार्रवाई अमल में लाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सत्ता के इशारे पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से जो उत्पीड़न से जुड़ी हुई कार्यवहिया अमल में लाई जा रही हैं वह निश्चित तौर पर गलत तो कहीं जाएगी ! साथ ही स्वच्छ लोकतंत्र के खिलाफ भी मानी जाएंगे। बूथ एजेंटों को विशेष नसीहत देते हुए उन्होने कहा कि दो दिन पहले एजेंट गायब हो जाए, नही तो पुलिस झूठे मुकदमे लगाकर काम नही करने देगी, मतदान वाले दिन एजेंट पांच बजे सुबह बूथों पर पहुंचे।

# लोकसभा चुनाव के तीन चरणों में भाजपा को सबसे बुरी हार का सामना करना पड़ रहा है : महबूबा

एजेंसी < श्रीनगर
www.dailypioneer.com



पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष एवं जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने गुरुवार को दावा किया कि लोकसभा चुनाव के पहले तीन चरणों में भारतीय जनता पार्टी को सबसे बुरी हार का सामना करना पड़ रहा है। अनंतनाग-राजौरी सीट से लोक सभा चुनाव लड़ रही मुफ्ती ने पुलवामा जिले के खोनमोह इलाके में मीडियाकर्मियों से कहा, संसदीय चुनाव के अब तक हुए तीन चरणों में भाजपा को अपनी सबसे बुरी हार का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा को चुनाव के शुरुआती चरणों में नुकसान महसूस हो रहा है, लिहाजा वह धार्मिक मुद्दों पर अभियान चला रही है और मंगल सूत्र तथा हिंदू-मुस्लिम सांप्रदायिक तनाव के बारे में बात कर रही है। मुफ्ती ने कहा, लोग भाजपा की धार्मिक बयानबाजी से वाकिफहैं और उन्हें पता चल गया है कि पार्टी उनके कल्याण के लिए कुछ नहीं करेगी, यही कारण है कि वे (भाजपा) वोट हासिल करने के लिए हिंदुओं और मुसलमानों के बीच सांप्रदायिक झगड़े कराने पर आमादा हैं। लोग कांग्रेस के घोषणापत्र पर विश्वास करते हैं, जिनमें 30 लाख नौकरियां, महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण और 450 रुपये में गैस सिलिंडर उपलब्ध कराने का वादा किया गया है।' उन्होंने कहा कि उन्हें यकीन है कि लोग अब जाग गये हैं। अगर भाजपा दोबारा सत्ता में आई तो वे भारत के संविधान को खत्म कर देंगे और किसी को भी आरक्षण के बारे में बात करने या मांगने का अधिकार नहीं होगा। मुफ्ती ने कहा, मुझे भी पिछले दिनों पुलवामा जिले के त्राल इलाके का दौरा करना था, लेकिन अज्ञात कारणों से अनुमति नहीं दी गई। उत्तरी कश्मीर, दक्षिण कश्मीर और मध्य कश्मीर में पुलिस का रवैया सिर्फ भाजपा के प्रॉक्सी उम्मीदवारों का समर्थन करना है। वे नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी के आवागमन पर अंकुश लगा रहे हैं जो चुनाव आयोग के नियमों के खिलाफ है।

# चीफ जस्टिस ने नवीन व्यवहार न्यायालय भवन केशकाल एवं व्यवहार न्यायालय नारायणपुर के आवासीय परिसर का किया वर्चुअल लोकार्पण

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com






छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय मुख्य न्यायधिपति न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने कोण्डागांव व्यवहार न्यायालय में वर्चुअल नवीन नवनिर्मित व्यवहार न्यायालय भवन केशकाल एवं व्यवहार न्यायालय नारायणपुर के न्यायिक कर्मचारियों के नवनिर्मित आवासीय परिसर का वर्चुअल लोकार्पण किया। उन्होंने इस अवसर पर अपने उद्बोदन में कहा कि यह जिले के न्यायिक सदस्यों के साथ-साथ कर्मचारियों के कामकाज के लिए अच्छा माहौल स्थापित करने के लिए एक बड़ी उपलब्धी है। मै विभिन्न जिला न्यायालयों का दौरा करता रहा हूँ। पिछली बार कोण्डागांव न्यायालय के निरीक्षण से लौटते समय व्यवहार न्यायालय केशकाल में रूका था, जहाँ मैने देखा कि एक महिला न्यायिक अधिकारी एक छोटे से कमरें में अपना न्यायिक कार्य संचालित कर रही थी। इस पर मैने उनसे पूछा कि तुम ऐसे वातावरण में काम करने पर कैसा महसुस करती हो, जिस पर महिला अधिकारी ने बहुत ही विनम्रता से कहा कि अच्छा है सर। तब मैने वहाँ उपस्थित प्रशासनिक अधिकारी एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से न्यायालय भवन के संबंध में जानकारी ली, जिस पर उन्होंने बताया कि नवीन न्यायालय भवन निमार्णाधीन है, जो शीघ्र ही पूर्ण हो जायेगा। वर्तमान में जब मेरी जानकारी में यह बात आयी कि व्यवहार न्यायालय केशकाल का नवीन भवन बनकर तैयार है, इस पर मुझे बहुत खुशी हुई कि अंततः व्यवहार न्यायालय केशकाल का भवन बन चुका है। मै अपने न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों से केवल इतना कहना चाहता हूँ कि जो इन्फ्रास्ट्रक्चर उच्च न्यायालय द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है, उसका उपयोग अधिक कुशलता से किया जाये ताकि पक्षकार जो न्याय का इंतजार कर रहे है, उन्हें अधिक अच्छा परिणाम मिल सके। मै अपने न्यायिक अधिकारियों से अपेक्षा करता हूँ कि वे वर्तमान में जितना अधिक कार्य कर रहे है, उससे कुछ और अधिक कार्य पारदर्शिता सहित करें। मुख्य न्यायाधिपति महोदय ने सभी न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नवीन व्यवहार न्यायालय भवन केशकाल एवं व्यवहार न्यायालय नारायणपुर के न्यायिक कर्मचारियों को नव निर्मित आवासीय परिसर की बधाई दी गौरतबल है कि नवीन नवनिर्मित व्यवहार न्यायालय भवन केशकाल एवं व्यवहार न्यायालय नारायणपुर के न्यायिक कर्मचारियों के लिए नवनिर्मित आवासीय परिसर का निर्माण किया गया है। जिसका मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा एवं विशिष्ट अतिथि न्यायाधिपति एवं पोर्टफोलियो न्यायाधीश जिला कोण्डागांव न्यायमूर्ति संजय कुमार जायसवाल ने विडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर लोकार्पण किया। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश उत्तरा कुमार कश्यप द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि महोदय का स्वागत अभिवादन किया। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश उत्तरा कुमार कश्यप, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पी. पॉल होरो, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटीएससी (पोस्को) कमलेश कुमार जुर्री, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोण्डागांव यशोदा नाग, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नारायणपुर हरेन्द्र सिंह नाग, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शिवप्रकाश त्रिपाठी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी केशकाल अंजलि सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव सुश्री गायत्री साय, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ कोण्डागांव दीपक ठाकुर एवं पदाधिकारीगण व अधिवक्तागण, जिला कलेक्टर कोण्डागांव कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार, तहसीलदार कोण्डागांव मनोज कुमार रावटे, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग कोण्डागांव अमरूराम मरकाम, अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग कोण्डागांव आर एन उसेण्डी, न्यायलय अधीक्षक रामनारायण नाग, अध्यक्ष न्यायिक कर्मचारी संघ कोण्डागांव मोहन देवांगन एवं सभी न्यायिक कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# आज भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया जाएगा, निकाली जाएगी शोभा यात्रा



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

ब्राह्मण समाज अध्यक्ष सुरेंद्र मिश्रा ने बताया की परशुराम जयंती एक वार्षिक उत्सव है।भगवान परशुराम विष्णु भगवान के छठे अवतार हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर भगवान परशुराम का जन्म हुआ था। हर साल वैशाख महीने के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया जाता है। इसी पावन दिन अक्षय तृतीया का पावन पर्व भी मनाया जाता है। इस पावन दिन विधि- विधान से भगवान परशुराम की पूजा- अर्चना की जाती है। इस साल 10मई 2024 को भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। व नगर में शोभायात्रा निकाली जाएगी।

## परशुराम जयंती पर शोभा यात्रा : अमरेश झा

जानकारी देते हुए ब्राह्मण समाज के मीडिया प्रभारी अमरेश झा ने बताया की 10 मई की सुबह ब्राह्मण समाज भवन में भगवान परशुराम की पूजा अर्चना कर शोभायात्रा निकाली जाएगी जो ब्राह्मण समाज भवन से बाजार पारा होते हुए राममंदिर पहुंचेगी और राममंदिर में पूजा आरती कर राष्ट्रीय राजमार्ग से बस स्टैंड होते हुए ब्राह्मण भवन में यात्रा पूरी की जाएगी। उन्होंने आगे बताया की परशुराम के अवतार का महत्व विनाशकारी और अधार्मिक शासकों को नष्ट करके पृथ्वी पर बुराई को दूर करना है। प्रचलित मान्यताओं के अनुसार, यह माना जाता है कि परशुराम का जन्म प्रदोष काल के दौरान हुआ था, इसलिए जिस दिन प्रदोष काल के दौरान तृतीया आती है, वह दिन परशुराम जयंती समारोह के लिए शुभ माना जाता है। भगवान परशुराम के जन्म का उद्देश्य पृथ्वी को पापों, विनाश और अधार्मिक प्रथाओं के बोझ से मुक्त करना था। हिंदू मान्यता के अनुसार, अन्य सभी अवतारों के विपरीत, परशुराम अभी भी पृथ्वी पर रहते हैं। देश के कई हिस्सों में, विभिन्न भगवान परशुराम मंदिर स्थित हैं जहाँ परशुराम के भक्त और अनुयायी उनकी पूजा करते हैं। दक्षिण भारत में, उडुपी के पास पवित्र स्थान पजाका में, एक प्रमुख मंदिर मौजूद है जो परशुराम की याद दिलाता है।

# कलेक्टर ने जिले के मेधावी विद्यार्थियों को दी बधाई एवं शुभकामनाएं

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा जारी किए गए परीक्षा परिणामों के अंतर्गत जिले के परीक्षा परिणामों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि जिले के हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी का परीक्षा परिणाम बहुत ही उत्कृष्ट एवं सराहनीय है। इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि हमारे विद्यार्थियों के अथक परिश्रम एवं लगन के साथ-साथ शिक्षा विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारियों एवं शिक्षकों के मेहनत एवं कार्य के प्रति समर्पण के फलस्वरूप ही जिले में बेहतर नतीजे आए हैं। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि राज्य स्तरीय प्राविण्य सूची में कक्षा 12वीं के 01 विद्यार्थी तथा कक्षा 10वीं के कुल 11 विद्यार्थियों का नाम शामिल होना निश्चित रूप से हमारे जिले के लिए गौरव की बात है। उन्होंने राज्य स्तरीय प्राविण्य सूची में स्थान पाने वाले जिले के कुल 12 विद्यार्थियों सहित छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के अंतर्गत कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट अंक अर्जित करने वाले सभी मेधावी विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि जारी किए गए परीक्षा परिणाम के अंतर्गत किसी कारण से विद्यार्थी यदि अच्छे अंक नही कर पाए हैं तो उन्हें निराश होने की आवश्यकता नही है। उन्होंने कहा कि हमारे विद्यार्थी आगामी समय में मेहनत कर अपने परीक्षा परिणाम को बेहतर कर सकते हैं।

## बारहवीं में कुल 91.17 प्रतिशत विद्यार्थी परीक्षा में हुए सफल

जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले ने बताया कि हायर सेकण्डरी बोर्ड परीक्षा के अंतर्गत बालोद जिले के कक्षा 12वीं के नियमित, स्वाध्यायी एवं पत्राचार के विद्यार्थियों को मिलाकर 3 हजार 484 बालक एवं 5 हजार 4 बालिका सहित कुल 8 हजार 488 विद्यार्थियों में से 3 हजार 459 बालक एवं 4 हजार 996 बालिका सहित कुल 8 हजार 455 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। इसमें से छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा विभिन्न कारणों से 01 बालक एवं 04 बालक सहित कुल 05 विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम निरस्त एवं रोका गया था। इसमें से 3 हजार 458 बालक एवं 4 हजार 992 बालिका सहित कुल 8 हजार 450 विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। जिसमें 1 हजार 717 बालक एवं 3 हजार 187 बालिका सहित कुल 4 हजार 904 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में तथा 1 हजार 240 बालक एवं 1 हजार 415 बालिका सहित कुल 2 हजार 655 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में एवं 94 बालक एवं 51 बालिका सहित कुल 145 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। इसके साथ ही 249 बालक एवं 231 बालिका सहित कुल 480 परीक्षार्थी का परीक्षा परिणाम पूरक आया है। इसी तरह 158 बालक एवं 108 बालिका सहित कुल 266 विद्यार्थी हायर सेकण्डरी परीक्षा में अनुत्तीर्ण हुए हैं। इस तरह से 3051 बालक एवं 4 हजार 653 बालिका सहित जिले के कुल 7 हजार 704 विद्यार्थी परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। इसके साथ ही हायर सेकण्डरी बोर्ड परीक्षा में 88.23 प्रतिशत बालक एवं 93.20 प्रतिशत बालिका सहित जिले के कुल 91.17 प्रतिशत विद्यार्थी परीक्षा में सफल हुए हैं।

# जगन्नाथ मंदिर स्थापना के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित





पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरन्दुल श्री राघव मंदिर परिसर में नवनिर्मित श्री जगन्नाथ मंदिर की स्थापना व विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा जगन्नाथ धाम पुरी से पहुंचें पंडाओं पंडित रमेश चन्द्र मिश्रा, मनोरंजन दास, सरोज कुमार सतपथी, महेश्वर दास, विद्याधर दास, प्रताप कुमार दास, प्रशांत कुमार दास,सुमन पंडा, रमाकांत दास, शिवासिस मिश्रा, पवित्र कुमार दास एवम मंदिर मुख्य पंडित दीपक कुमार पंडा द्वारा की जा रहीं हैं साथ ही 7 मई से 12 मई तक विविध कार्यक्रम आयोजित की जा रहीं हैं।दिनांक 9 मई प्रातः 05 बजे से 24 प्रहरी नाम संकीर्तन आरम्भ की गई जो 72 घंटे तक चलेगी। जगन्नाथ सेवा समिति के अध्यक्ष आर सी नाहक,सचिव देवराज लेंका ने बताया गुरुवार प्रातः 08 बजे यज्ञशाला संस्कार, प्रातः 10 बजे सूर्य पूजा,प्रातः 11 बजे गौ पूजा, अपराह्न 03 बजे ध्यानाधिबास किया गया।मौके पर एनएमडीसी मुख्य महाप्रबंधक पद्मनाभ नाईक, प्रेरणा महिला समिति की अध्यक्षा मृणालिनी नाईक, कार्यकारी अध्यक्ष दीपक मोहंती, विपिन महाराणा, सुधीर प्रधान, शैलेश रथ, ब्रजेश मिश्रा एवम श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

# पहले पढ़ाई, फिर विदाई के नारे के साथ बुनागांव संकुल में बाल विवाह रोकथाम रैली कार्यक्रम आयोजित

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com






बाल विवाह मुक्त कोंडागांव अभियान के अंतर्गत कोंडागांव कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार जिले में 1 मई से 10 मई 2024 तक बाल विवाह रोकथाम रैली कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी तारतम्य में जिला शिक्षा अधिकारी आदित्य चांडक के दिशा निर्देशानुसार संकुल केंद्र बुनागाँव में बाल विवाह रोकथाम रैली कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस दौरान संकुल प्राचार्य किरण नाग संकुल समन्वयक धरम देवांगन के द्वारा इस अभियान के माध्यम से लोगों को बताया कि बाल विवाह केवल एक सामाजिक बुराई नहीं अपितु कानूनन अपराध भी है। बाल विवाह से बच्चों का संपूर्ण व्यक्तित्व विकास प्रभावित होता है। ज्ञात हो कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह करने वाले वर एवं वधू के माता-पिता, सगे-संबंधियों, बारातियों यहां तक विवाह करने वाले पुरोहित, पंडितो यदि कोई व्यक्ति किसी बाल विवाह में सहायता करता है निर्देशित करता है,उसका आचरण करता है या उसका पालन करता है तो उसे 2 वर्ष के कठोर कारावास या एक लाख रूपए और कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।। बाल विवाह के कारण बच्चों में कुपोषण, शिशु मृत्यु दर एवं माता मृत्यु दर के साथ घरेलू हिंसा में भी वृद्धि होती है। बाल विवाह बच्चों के अधिकारों का अतिक्रमण करता है बाल विवाह के कारण हिंसा, शोषण और यौन शौषण का खतरा बढ़ जाता है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कमलेश्वरी नेताम, अनिता नाग, दासो नेताम, बालमती नेताम, मितानिन फगनी नेताम ने जानकारी देते हुए कहा कि उम्र से पहले शादी होने पर बच्चा शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा से वंचित तो होता ही है, साथ ही नाबालिग होते हुए उनके गर्भवती होने और बच्चे को जन्म देने की स्थिति आ जाती है तो इसका असर माँ और शिशु के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। कुल मिलाकर बाल विवाह बच्चे का बचपन समय से पूर्व खत्म कर देता है।

# ऑल इंडिया सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप में बीजापुर के दो खिलाड़ी

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com



उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा आयोजित होने वाली ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में बीजापुर जिले के दो सॉफ्टबॉल खिलाड़ियों का चयन शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर की टीम से हुआ है उक्त प्रतियोगिता कर्नाटक के बेंगलुरु में 13 से 18 मई तक आयोजित होगी जिसमें बीजापुर जिले के शासकीय वेंकटराव कॉलेज के दो खिलाड़ी राकेश पुनेम अंतिम वर्ष वही कुलदीप वाचाम प्रथम वर्ष बस्तर यूनिवर्सिटी की टीम से खेलेंगे ज्ञात हो की पहली बार बस्तर यूनिवर्सिटी की सॉफ्टबॉल टीम यूनिवर्सिटी गेम्स में खेलने जाएंगे वहीं दोनों खिलाड़ियों को जिला के कलेक्टर अनुराग पांडेय और जिला पंचायत सीईओ हेमंत रमेश नंदनवार प्रभारी खेल अधिकारी कॉलेज के प्राचार्य खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक बधाइयां दी है वही खिलाड़ियों के साथ जिले के श्रम निरीक्षक एवं बीजापुर स्पोर्ट्स अकादमी के अंतरराष्ट्रीय कोच श्री सोपान कणेर्वार भी मौजूद थे जिन्होने समस्त जानकारी दी।

## टॉप टेन में 11 छात्र-छात्राओं ने बनाई अपनी जगह

# 10वीं के रिजल्ट में बालोद जिले का प्रदेश भर में दबदबा

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com









जिले ने शिक्षा के क्षेत्र में झंडा गाड़ दिया है। बेटो से ज्यादा बेटियां आगे हुई है। गुरुवार को छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित किया। जिसमें दसवीं में बालोद जिले के 11 छात्र-छात्राओं ने टॉप टेन में अपनी जगह बनाई हैं। जिसमें से 6 लड़कियां है। वही बारहवीं में एके छात्रा ने टॉप टेन में जगह बनाते हुए पांचवा स्थान हासिल कर जिले के मान पूरे प्रदेश में बढ़ाया है। वही इस बार के 10वीं व 12वीं के परिणाम में लड़कियों ने कमाल किया है। दसवीं में जहाँ लड़कों ने 77.01 प्रतिशत हासिल किया है तो वही लड़कियों ने 85.79 प्रतिशत हासिल किया है। इसी तरह बारहवीं में लड़कों ने 88.23 प्रतिशत तो लड़कियों ने 93.20 प्रतिशत हासिल किया है। लड़को की अपेक्षा लड़कियों का प्रतिशत कई बेहतर है। वही पिछले सत्र यानि कि 2022-23 में दसवीं में प्रदेश भर में बालोद 17वें स्थान पर था, तो वही इस सत्र 2023-24 में 12वें नम्बर हैं। इसी प्रकार सत्र 2022-23 में बारहवीं में प्रदेश भर में बालोद 8वें स्थान पर था, तो वही इस सत्र 2023-24 में 5वें नम्बर हैं।

**दसवीं में टॉप टेन में 11 ने बनाई जगह-** टॉप टेन में दसवीं के 11 छात्र छात्राओं ने अपनी जगह बनाई है। जिसमे 6 बालिकाए हैं। अर्जुन्दा नगर के प्रियदर्शनी स्कूल के छात्र राहुल गंजीर पिता लेखराम गंजीर 98.17 प्रतिशत और बालोद जिला मुख्यालय के स्वामी आत्मानन्द हिंदी माध्यम स्कूल में अध्यनरत डॉली साहू पिता पुसन कुमार साहू भी 98.17 प्रतिशत हासिल कर दोनों ने टॉप टेन में चौथे नम्बर पर अपनी जगह बनाई है। इसी तरह हाईस्कूल फागुनदाह की छात्रा पदमनी शांडिल्य पिता भूपेंद्र शांडिल्य 98 प्रतिशत एवं हाईस्कूल धनेली की छात्रा जिज्ञासा पिता जितेश कुमार 98 प्रतिशत के साथ पांचवें स्थान पर, बालोद के संस्कार शाला के छात्र लुकेश्वर राजपूत पिता दूजे राम राजपुत 97.83 प्रतिशत एवं हाईस्कूल खुटेरी की छात्र बबिता साहू पिता सुरेश कुमार साहू भी 97.83 प्रतिशत हासिल कर छटवें स्थान पर है। हाईस्कूल करहीभदर के छात्र तोषण कुमार पिता हेमंत कुमार साहू 97.5 प्रतिशत एवं हाईस्कूल भानपुरी के छात्र खोमेंद्र कुमार पिता रेखराम साहू भी 97.5 प्रतिशत अंक अर्जित आठवें स्थान पर है। वही बालोद जिला मुख्यालय के स्वामी आत्मानन्द इंग्लिश माध्यम स्कूल की छात्रा खुशी टुवानी पिता उमेश टुवानी 97.33 प्रतिशत हासिल कर टॉप टेन में नवमें स्थान में अपनी जगह बनाई है। अर्जुन्दा के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम की छात्रा हेमप्रज्ञा साहू पिता टीकाराम साहू ने 97.17 प्रतिशत और डुंडेरा हाईस्कूल के रितिक देवांगन पिता हुमेश कुमार देवांगन ने 97.17 प्रतिशत लाकर टॉप टेन के दसवें स्थान पर हैं।

**12वीं में एक छात्रा ने बनाई टॉप टेन में जगह-** कक्षा बारहवीं में भी बालोद जिले के दबदबा कायम रहा। ग्राम उमरादाह निवासी हर्षवती साहू ने 96 प्रतिशत अंक हासिल कर टॉप टेन के पांचवें स्थान पर अपनी जगह बनाई हैं। 500 में से 480 मार्क्स हासिल किए है। हर्षवती के पिता मजदूर किसान हैं। हर्षवती ने शासकीय स्कूल में पढ़ाई की हैं।

**हेलीकॉप्टर की सैर करने चाहते है बच्चे-** सुनिए सीएम साहब, हमें हेलिकॉप्टर की सैर करनी है। ये आवाज़ जिले के 10वीं एवं 12वीं में आए टॉपरों की है। दरअसल 10वीं के टॉपर राहुल गंजीर एवं डॉली साहू और 12वीं की टॉपर हर्षवती साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से हेलिकॉप्टर राइड का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हमें हेलिकॉप्टर की सैर कराएं। दरअसल पूर्व की कांग्रेस सरकार के समय पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने 10वीं एवं 12वीं के टॉपरों को हेलिकॉप्टर की राइड करवाई थी।

**बालोद जिले का कुल एवं बालक बालिकाओ के प्रतिशत (गत वर्ष की तुलना)-**
**(जिले के कुल प्रतिशत)**

| सत्र | दसवीं | बारहवीं |
|---|---|---|
| 2022-23 | 74.30 | 88.36 |
| 2023-24 | 81.85 | 91.17 |

**बालक एवं बालिकाओं का प्रतिशत- (2022-23)**

| कक्षा | बालक | बालिका |
|---|---|---|
| दसवीं | 67.92 | 79.96 |
| बारहवीं | 84.57 | 91.43 |

**बालक एवं बालिकाओं का प्रतिशत- (2023-24)**

| कक्षा | बालक | बालिका |
|---|---|---|
| दसवीं | 77.01 | 85.79 |
| बारहवीं | 88.23 | 93.20 |

# जनपद पंचायत मैनपुर में मनाया गया बाल विवाह मुक्त जिला कार्यक्रम



पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देशन में आज जनपद पंचायत मैनपुर के सभाकक्ष में बाल विवाह रोकथाम अभियान के तहत ब्लॉक स्तरीय बैठक आयोजित किया गया। जिसमे बताया गया की बाल विवाह एक दण्डनीय अपराध है जिसके कारण लड़के एवं उसके परिवार व अन्य लोगो को कानूनी सजा हो सकती है। विवाह के लिए लड़की की उम्र 18 वर्ष व लड़के का उम्र 21वर्षह्य होना जरूरी है। ग्राम स्तर पर जागरूकता हेतु सभी लोगो को अभियान में शामिल होकर जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही बाल संरक्षण टीम के माध्यम से बाल अधिकार, बाल सुरक्षा एवं सरंक्षण के बारे में बताया गया। साथ ही बाल विवाह रोकथाम हेतु शपथ दिलाया गया। यह भी बताया गया कि बाल विवाह से संबंधित कोई भी जानकारी प्राप्त होने पर चाइल्ड हेल्पलाइन टोल फ्री नम्बर 1098 में कॉल कर जानकारी दे सकते हैं। कार्यक्रम में जिला अधिकारी महिला एवं बाल विकास,जनपद पंचायत सीईओ मैनपुर, ब्लॉक परियोजना अधिकारी, यूनिसेफ जिला सलाहकार, बाल संरक्षण टीम, सेक्टर सुपरवाइजर, कार्यकर्ता एवं अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# लोनिवि प्रमुख अभियंता धमतरी पहुंचे, करोड़ों के निर्माणाधीन सड़क में हो रही अनियमितता की नहीं ली सुध

## नागरिकों में रोष, मुख्यमंत्री, लोनिवि मंत्री से की उच्च स्तरीय जांच की मांग

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com





लोक निर्माण विभाग संभाग द्वारा करोड़ों रूपये की लागत से निर्माणाधीन सड़क निर्माण के समय से विवाद के घेरे में आ गई है। लेकिन स्थानीय अधिकारी, ठेकेदार के इस त्रुटि को लेकर किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं कर रहे हैं जबकि जागरूक नागरिकों की शिकायत पर पॉयनियर में लगातार इसका प्रकाशन कर शासन द्वारा उक्त सड़क निर्माण के लिये जारी करोड़ों रूपये की राशि के अनुसार कार्य नहीं होने की बात कही जा रही है। कुछ ठेकेदारों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि 20 प्रतिशत बिलोव दर पर काम लिये ठेकेदार द्वारा ईमानदारी से काम किया ही नहीं जा सकता। इसी कारण इस सड़क के निर्माण में एस्टीमेट के विपरीत कार्य हो रहा है। मंगलवार एवं बुधवार को हुई बारिश से उक्त सड़कों में जगह-जगह पानी नजर आ रहा था। हद तो यह है कि इसी अवधि में प्रमुख अभियंता लोनिवि का धमतरी आगमन हुआ। जिन्होंने भी आंख बंद कर इस सड़क निर्माण में की गई धांधली को लेकर कोई कार्यवाही नहीं की। लोगों का ऐसा मानना था कि वे सड़क में लगने वाले मटेरियल की जांच करेंगे, लेकिन उन्हें स्थानीय अधिकारियों ने नगरी की ओर ले जाकर बाहर ही बाहर जगदलपुर की ओर रवाना कर दिया। शहरवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग 10 वर्ष बाद पूरी हुई। पूर्ववर्ती सरकार के समय इस सड़क के निर्माण के लिये लोगों ने आवाज उठाई थी किंतु उक्त सरकार द्वारा इसके लिये राशि आबंटित नहीं की गई जिसके कारण यह कार्य रूका हुआ था। प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार आते ही शहर के नागरिकों की यह मांग त्वरित स्वीकृत करते हुए इसके लिये 16 करोड़ 84 लाख रूपये की राशि स्वीकृत की गई। इसमें ठेकेदारों ने निविदा डालकर यह कार्य लेना चाहा किंतु निर्माणाधीन सड़क का कार्य मित्तल कंस्ट्रक्शन को प्राप्त हुआ। इसके पीछे इस कंपनी द्वारा 20 प्रतिशत बिलोव दर डालना बताया जा रहा है। निविदा के बाद इस सड़क का निर्माण रात्रि में प्रारंभ किया गया, बिना सफाई एवं बेसकोट डाले बिना इसका काम प्रारंभ किया गया। ठेकेदार ने स्थल पर प्रथम चरण के कार्य समाप्ति तक सूचना बोर्ड नहीं लगाया जबकि नियमानुसार विभाग के अधिकारियों को इस सड़क के निर्माण के लिये स्वीकृत राशि, कार्य प्रारंभ, कार्य समाप्ति, ठेकेदार का नाम उल्लेख करना चाहिये था, जो नहीं किया गया। पॉयनियर ने इस मामले को प्रमुखता से उठाया था। खबर का असर यह रहा है कि विभाग कुंभकरणी नींद से जागा और आनन-फानन में प्रथम चरण के निर्माण कार्य के बाद सूचना बोर्ड लगाया, वह भी अधूरी जानकारी के साथ। इस सड़क के निर्माण के बाद सोरिद एवं सिहावा चौक में सड़क दरक गई, गड्ढे हो गये, उसे सुधार किया गया। कुछ जगहों पर पुरानी सड़क को नई में मिला दिया गया है। इस तरह डेमेज कंट्रोल किया गया। श्यामतराई से सेहराडबरी, संबलपुर की ओर जाने वाली मार्ग में लगने वाले डामर मिक्सचर सेलूद के पास लगाया जाना बताया गया है। लेकिन खबर तो यह भी है कि डामर मिक्सचर दूसरे जगह से भी यहां लाकर लगाया गया है। इसी वजह से यह सड़क में लहर आ गई है। लेबलिंग सहीं नहीं के कारण वाहनें हिचकोले खा रही है। इस ठेकेदार द्वारा धमतरी जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भी पेचवर्क एवं निर्माण कार्य करवाया गया है। ये सड़कें पुनः पुराने स्थिति पर निर्मित हो चुकी है। इन्हीं सब खबरों को जागरूक नागरिकों ने प्रमुखता से उठाते हुए लोनिवि मंत्री अरूण साव से करोड़ों रूपये की लागत से निर्मित होने वाली श्यामतराई से सेहराडबरी, संबलपुर तक सड़क निर्माण के जांच की मांग की है। बताया जाता है कि इस निर्माण कार्य में की जा रही धांधली को लेकर अधिकारी एवं ठेकेदार को प्रमुख कारण बताते हुए इसकी उच्च स्तरीय जांच की मांग की जा रही है। शासन द्वारा करोड़ों रूपये के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को परखने के लिये गुण नियंत्रण विभाग जिसे क्वालिटी कंट्रोल के रूप में भी जाना जाता है, उससे भी जांच की मांग की गई। खबर है कि इस सड़क निर्माण को लेकर गुण नियंत्रण विभाग के कुछ लोग आये भी थे। लेकिन उनके द्वारा क्या कार्यवाही की गई, इसे सार्वजनिक नहीं किया गया। पिछले दिनों लोनिवि के प्रमुख अभियंता का भी दौरा हुआ जिन्हें स्थानीय अधिकारियों ने ठेकेदार को बचाने उन्हें बाहर ही बाहर नगरी ले जाकर जगदलपुर की ओर रवाना कर दिया। मिल रही शिकायतों में जागरूक नागरिकों ने छग शासन के लोनिवि मंत्री को बताया कि उक्त ठेकेदार पूर्व में कांग्रेसी शासन काल में भी भर्राशाही के रूप में काम कर चुका है जिसमें सफेदपोश नेताओं से सांठगांठ कर जो सड़कें निर्माण की गई और पेचवर्क, सुधार कार्य एवं जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सड़कें बनाई गई, उनका आज स्थल पर अतापता नहीं है। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण मेघा से छिपली, सिंगपुर मार्ग से दिया जा सकता है जहां 6 माह पूर्व उक्त ठेकेदार द्वारा बनाई गई सड़क अभी से उखड़ रही है जिसे मरम्मत कर अपनी खामियों को छुपाने का प्रयास संबंधित ठेकेदार कर रहा है। सड़क निर्माण कार्य को लेकर बुलाई गई निविदा में कार्य प्राप्त करने के बाद एस्टीमेट में दर्शित तमाम शर्तों का उल्लंघन करते हुए सेलेक्टेड सॉईल के विपरीत कार्य होने से सड़क की गुणवत्ता पर प्रश्न चिन्ह लग जाता है। इसे लेकर जागरूक नागरिकों ने जो आवाज उठाई, उसका प्रमुखता से प्रकाशन किया गया। अपनी भयंकर गलती को समाहित करने के उद्देश्य से ठेकेदार और अधिकारी ने पहले तो जनसंपर्क कार्यालय धमतरी का सहारा लेते हुए सड़क की गुणवत्ता को सहीं ठहराया। लेकिन पिछले दिनों दो दिन हुई बारिश के कारण उस सड़क की कलई खुल गई और जगह जगह बीच सड़क में पानी देखा गया जिसका मुख्य कारण सड़क का लेबलिंग नहीं होना है। इसके बाद ठेकेदार और अधिकारी मिलकर पॉयनियर को छोड़ मीडिया से जुड़े कुछ लोगों को लिफाफा पद्धति से खुश कर अपनी तारीफ के पुल बंधवाकर अपने काले कारनामों को छुपाने का असफल प्रयास भी किया जा रहा है। लेकिन क्षेत्र के जागरूक नागरिकों ने पॉयनियर द्वारा करोड़ों रूपये के निर्माणाधीन सड़क में एस्टीमेट के विरूद्ध कार्य किये जाने को लेकर लगातार समाचार प्रकाशन करने पर पॉयनियर को धन्यवाद देते हुए कहा कि उक्त अखबार ऐसे जनहित के कार्यों को प्रमुखता से उठाते हुए आ रहा है। लेकिन बड़े दुर्भाग्य के साथ कहना पड़ रहा है कि जिस ठेकेदार की तूती कांग्रेसी शासनकाल में बोलती थी, अब जब सरकार बदल गई है, तो जागरूक नागरिकों को ऐसा विश्वास था कि पूर्ववर्ती सरकार के समय किये गये भ्रष्टाचार, धांधली का अंत सन्निकट है परंतु देखा जा रहा है कि इतने महीने गुजर जाने के बाद भी सरकार के अधीन लोनिवि अधिकारियों के रवैये नहीं बदले और वे जनहित के इस काम में ठेकेदार को अनैतिक लाभ पहुंचाने हेतु इन तमाम तथ्यों पर परदा डालने की कोशिश कर रहे हैं। शिकायतकर्ताओं ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं लोनिवि मंत्री अरूण साव से अपील की है कि वे श्यामतराई से संबलपुर तक बनने वाली सड़क की जांच हेतु रायपुर से उच्च स्तरीय दल भिजवाकर सड़क निर्माण में किये गये भ्रष्टाचार की जांच करावे और दोषियों पर सख्त कार्यवाही करे।

# तिल्दा के मुख्य रेत तस्कर फिर रेत चोरी में चूर अन्य रेत तस्कर भी संलिप्त, बड़ी कार्रवाई की मांग

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com



कसडोल विधानसभा के ग्राम पंचायत तिल्दा फिर एक बार सुर्खियों के सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए दिख रहा है दरअसल बात फिर वही रेत की अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण की है जहां पहले की तरह रेत के अवैध खनन में चूर रहने वाले मुख्य तस्कर एवं उनके साथियों द्वारा फिर राजश्व नुकसान पहुचाने के साथ साथ गलियों सड़कों को बर्बाद करने में तुले हुए हैं। इन्हें गांव के कुछ दागी अपराधिक छवि के जनप्रतिनिधियों का सरंक्षण मिल रहा है। विरोध करने वाले ग्रामीणों के साथ साथ मीडिया कर्मियों को धमकाने की फ्तिरत रेत तस्करों के आदत में सुमार है।

शायद रेत तस्करों के हौसले बुलंद का एक वजह यह भी है कि खनिज विभाग इन रेत तस्करों पर अभी तक कोई बड़ी कार्रवाई नहीं किये हैं और दूसरी तरफ कानून का खौफ मानो रेत तस्करों के मन से छूमंतर हो गया है।रेत तस्करों को पुलिस प्रशासन का भी खौफ नहीं दिख रहा है, रेत तस्करों को की माने तो ये किसी भी व्यक्ति को मारने पीटने पर उतारु हो जाने की खबर लगातार मिलते रहा है। इसके अलावा रेत तस्करी में लगे तस्कर24 घण्टे रेत की अवैध चोरी में लगा हुआ है। सबसे ज्यादा आतंक महानदी किनारे पर शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर बसा मुख्य रेत तस्कर है जो इन दिनों रात दिन एक कर रेत की अवैध चोरी करने में चूर हो गया है। रेत की अवैध खनन एक बार फिर धुआंधार चलने का एक वजह चुनाव कार्यों में खनिज विभाग के कर्मचारियों एवं अधिकारियों की व्यस्तता है जिसका पूरा फायदा तिल्दा के रेत तस्कर उठा रहे हैं। कुछ रेत तस्कर रेत का अवैध भण्डारण बरसात में खपाने के लिए अभी से करते हुए दिख रहे हैं और अपने घरों के आसपास एवं गुप्त स्थानों पर करने की जानकारी मीडिया को मिल रहा है।इस मामले पर सरपंच की कार्यशैली सवालों के घेरे में है सरपंच झोलाछाप डॉक्टरी करने में हमेशा बिजी रहने की बात भी सामने आया है। वहीं जिला खनिज अधिकारी कुंदन बंजारे ने मामले पर कड़ी कार्रवाई की बात कहा है।

# कॉपियों में एमआरपी और पृष्ठ संख्या नहीं

### स्कूल ड्रेस और स्कूल बैग में भी ऐसी ही शिकायतें

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



कॉपियों में पृष्ठ संख्या और कीमत की जानकारी अभी भी नहीं मिल रही है। किताबों में बिक्री की दरें भी स्पष्ट नहीं हैं। हद तो तब, जब स्कूल ड्रेस और स्कूल बैग में भी कीमत की जानकारी देने वाले रेट स्टिकर नहीं मिलते। महीना भर पहले स्टेशनरी दुकानों द्वारा की जा रही गलतियों पर सख्त कार्रवाई की गई थी। चेतावनी दी थी कड़ी कार्रवाई और साफसुथरा कारोबार किए जाने की लेकिन कुछ दिन की खामोशी के बाद फिर से ऐसी ही शिकायतें जिला विधिक माप विज्ञान केंद्र तक पहुंचने लगी है।

### छिपा रहे जरूरी जानकारी

स्टेशनरी दुकानों में बेची जा रही कॉपियों में अभी भी कीमत और पृष्ठ संख्या का उल्लेख नहीं किया गया है। जबकि नियमानुसार इसका स्पष्ट उल्लेख किया जाना अनिवार्य है। इसी तरह किताबों में प्रिंट रेट के ऊपर स्वयं का रेट स्टिकर लगाकर बेचने का सिलसिला अभी भी जारी है। ऐसे मामले में मार्च के महीने में कड़ी कार्रवाई की जा चुकी हैं। इसके बावजूद फिर से नियम विरुद्ध व्यापारिक गतिविधियां बेखौफ जारी हैं।

### हो चुकी है पहले भी कार्रवाई

20 मार्च को जिला मुख्यालय की सुनील बुक डिपो में अधिकतम खुदरा विक्रय मूल्य से ज्यादा कीमत में किताब बेचने का मामला प्रकाश में आ चुका है। कार्रवाई हुई है लेकिन इसके बावजूद, दोबारा फिर से मिलती शिकायतें यह बताने के लिए काफी है कि स्टेशनरी दुकानों में कार्रवाई को लेकर कोई भय नहीं है।

### शिकायत ऐसी भी

जिला मुख्यालय ही नहीं बल्कि समूचे जिले में बिक रही स्कूल ड्रेस और स्कूल बैग में कीमत की जानकारी देने वाले स्टीकर नहीं मिलते। पालकों से होती हुई यह शिकायत, विभाग मुख्यालय तक पहुंचने लगीं हैं। गंभीर हैं ऐसी व्यापारिक गतिविधियों का संचालन। इसलिए विभाग से शीघ्र ही सघन जांच की योजना के संकेत मिल रहे हैं। लेकिन इसके पूर्व अपने स्तर पर गोपनीय जांच करवाने जैसी जानकारियां मिल रहीं हैं।

# आदर्श ग्राम पंचायत निपनिया में मतदान केन्द्र को मड़वा थीम में सजाया गया



**भाटापारा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 को आदर्श ग्राम पंचायत निपनिया में मतदान केन्द्र को मड़वा थीम में सजाया गया। मतदान को सरलीकरण बनाने एवं मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के अधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी, कलेक्टर, जिला सीईओ, भाटापारा सीईओ इंजीनियर के दिशा निर्देशो के अनुसार, शांति पूर्ण मतदान कराने विशेष सहयोग सीआरपीएफ जवान रविन्द्र, पुलिस सहायता केंद्र निपनिया प्रभारी किशुन कुंभकार, सरपंच कामता प्रसाद रावत, सचिव शंभू नाथ ध्रुव, पंच गन एवं ग्रामीण जनो का सहयोग भरपूर मिला जिसके तहत मतदान शांति पूर्ण रूप से कराया जिसमे बूथ क्रमांक 130 में 932 वोटर में 675 वोट पड़े बूथ क्रमांक 131 में वोटर 823 में 564 पड़े।

# रिया साहू 10 वीं बोर्ड परीक्षा में टाप टेन 9 वां स्थान

**सरायपाली।** विकास खंड के शाउमा विद्यालय तोरेसिंहा की होनहार छात्रा कु.रिया साहू के द्वारा 10 वीं बोर्ड परीक्षा में टॉप 10 में 9 वाँ स्थान प्राप्त किया है। इस अवसर पर विकास खंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश मांझी एवं बीआरसीसी सतीश स्वरूप पटेल भी घर पहुंच कर बधाई दी। वहीं शाला परिवार की ओर से हार्दिक बधाई एवं आत्मीय शुभकामनाएं।



# योगासन हमें स्वस्थ और अनुशासित बनाता है: ज्योति साहू

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com






योग शिक्षका ज्योति साहू ने कहा कि योग में हम श्वांसों के आवागमन पर अपने ध्यान को केन्द्रित करते हैं। यह श्वांसों पर नियंत्रण की कला है। श्वांस लेने का भी सही तरीका मालूम होना आवश्यक है। जब हम श्वांस लेते हैं तो हमारा पेट बाहर निकलना चाहिए और श्वांस छोडऩे पर अन्दर जाना चाहिए। अगर ऐसा नहीं होता है तो आप बीमारियों का शिकार हो सकते हैं। योग शिक्षिका ज्योति साहू प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा विश्व शान्ति भवन चौबे कालोनी में आयोजित समर कैम्प में जीवन में योगासनों का महत्व विषय पर बोल रही थीं। उन्होंने बच्चों को विभिन्न योगासनों से होने वाले लाभ से परिचित कराया। उन्होंने बतलाया कि ताड़ासन में जब बैठें तो अंगूठा और एड़ी में बराबर दूरी होनी चाहिए। यह उँचाई बढ़ाने में मदद करता है। यह खून के प्रवाह को तेज करता है और शरीर का सन्तुलन भी बनाता है। शशांक आसन से सूर्य नाड़ी और चन्द्र नाड़ी एक्टिव होती है। जिससे डिप्रेसन कम होता है। रक्त का प्रवाह अच्छा होता है और आज्ञा चक्र सक्रिय होता है। इसी प्रकार वृक्षासन हमारी एकाग्रता को बढ़ाता है। उन्होंने ताली बजाने से होने वाले लाभ की चर्चा करते हुए कहा कि जब हम ताली बजाते हैं तो यह हमारे कोलस्ट्रोल को कम करने में मदद करता है। उन्होंने बतलाया कि योग में या पढ़ाई करते समय हमें सीधा बैठना चाहिए। अगर हम सीधा नहीं बैठते हैं तो हमारी रीढ़ की हड्डी टेढ़ी हो जाती है जिससे हमें श्वांस लेने में कठिनाई होती है। भोजन करने के उपरान्त हमें कम से कम दो मिनट वज्राशन में जरूर बैठना चाहिए। यह हमारे भोजन को पचाने में मदद करता है।

# नीट परीक्षा में गलत प्रश्न पत्र से प्रभावित स्टूडेंट्स के लिए कांग्रेस ने राज्यपाल से न्याय की मांग की

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में नीट-यूजी 2024 की परीक्षा के दौरान गलत पेपर बांटे जाने के मामले में जाँच की मांग लेकर कांग्रेस राजभवन पहुंची।

कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से इस मामले में स्टूडेंट्स की शिकायतों और परीक्षा में हुए लापरवाही की जांच की मांग को लेकर चर्चा की। दरअसल, 5मई को बालोद में मेडिकल क्षेत्र की सबसे बड़ी परीक्षा नीट के लिए बालोद जिले में 2 परींक्षा केंद्र बनाये गए।

इस दौरान कुल 391 परीक्षार्थियों को पहले गलत परीक्षा पेपर दे दिया गया और 45 मिनट बाद यह बताते हुए कि, गलत प्रश्न पत्र बंट गया, प्रश्न पत्र बदल कर सही प्रश्न पत्र दिया गया। लेकिन इतनी बड़ी लापरवाही के बाद भी परीक्षार्थियों को मांग करने के बाद भी अतिरिक्त समय नहीं दिया गया। इस बड़ी लापरवाही के बाद से स्टूडेंट्स के नुकसान को लेकर उनके परिजनों ने जमकर हंगामा किया।

अब इस मामले में कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने राजभवन पहुंचकर ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू, बालोद विधायक संगीता सिन्हा, शैलेश नितिन त्रिवेदी, प्रवक्ता विकास तिवारी ने राज्यपाल से मुलाक़ात कर प्रभावित छात्र-छात्राओं की मांगो पर चर्चा की। वहीं इस मामले में संबंधित क्षेत्र की विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि, राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में इस तरह की लापरवाही परीक्षार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है, जिसकी जाँच किया जाना आवश्यक है। इस घटना से परीक्षार्थियों एवं पालकों में रोष व्याप्त है। इनको हुए नुकसान की भरपाई को दृष्टिगत रखते हुए प्रभावित परीक्षार्थियों के लिए पुनः परीक्षा आयोजित किया जाना या उन्हें क्षति हुए समय के बदले बोनस अंक प्रदान किया जाना न्यायसंगत होगा। उन्होंने आगे कहा- हमने राज्यपाल से निवेदन किया है की प्रभावित परीक्षार्थियों के लिए पुनः परीक्षा आयोजित किये जाने या उन्हें बोनस अंक प्रदान किये जाने की व्यवस्था की पहल करते हुए उक्त घटना की जाँच हेतु निर्देशित करने का कष्ट करेंगे।

# ग्राम बरारी में तेंदुए का आतंक, वन विभाग से ग्रामीणों ने की अपील

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



वन परिक्षेत्रांतर्गत आने वाले ग्राम बरारी फुलवारी पारा में पिछले लंबे समय से हिंसक जानवरों का आना-जाना लगा रहता है। लेकिन 12 दिनों से लगातार एक तेंदुआ उक्त स्थल पर अपना डेरा जमा लिया है और संध्या 6 से 8 बजे के बीच में फुलवारी पारा के रहने वाले लोगों द्वारा पाले गये कुत्ते, मुर्गा, मुर्गियों को लगातार पकड़कर अपना शिकार बना रहा है। इस तेंदुए को वहां कुछ लोगों ने देखा भी है। वह तो उनकी चतुराई से कुछ हादसा नहीं हुआ परंतु इस तेंदुए के लगातार इस क्षेत्र में सक्रिय रहने की वजह से दहशत का वातावरण निर्मित हो गया है। बीते बुधवार शाम में उक्त तेंदुए ने पाले गये चार कुत्तों को अपना शिकार बनाया है। इसकी जानकारी वन मंडलाधिकारी जाधव श्रीकृष्ण एवं उप वन मंडलाधिकारी विश्वकर्मा को दिये जाने पर उन्होंने रात्रि में ही इसका वन विभाग कर्मचारियों को उक्त स्थल पर भेजा। लेकिन तब तक तेंदुआ गायब हो चुका था।

मिली जानकारी के अनुसार पता चला है कि बरारी फुलवारी पारा में पिछले 12 दिनों से लगातार शाम 6 से 8 बजे तक यह तेंदुआ वहां के निवासी ईल्हाकुद्दीन कुरैशी द्वारा पाले गये कुत्तों का एवं बेशकीमती असील मुर्गों का शिकार करते आ रहा है जिसकी जानकारी समय समय पर विभाग को दी जाती रही है और जब-जब इस मामले को लेकर ये कर्मचारी वहां जाते हैं, उक्त तेंदुआ गायब हो जाता है। वहां के निवासियों ने बताया कि तेंदुआ नदी किनारे एक झाड़ के जड़ के नीचे अपना ठिकाना बना लिया है। शिकार करने के बाद वह उसी मांद में घुस जाता है जिसे देखने पर भी नहीं मिलता है। ग्रामीणों का कहना है कि उस स्थल पर जाना जान जोखिम में डालना है। इसी वजह से ग्रामीण तो वहां जाने से घबराते हैं किंतु वन विभाग द्वारा भी उसे पिंजरे में पकड़ने के लिये कोई पहल नहीं की जा रही है जिससे उसका आतंक लगातार बढ़ते जा रहा है। अब तो वह वहां के निवासियों के घर के सामने आकर वहां पालतू कुत्तों को अपना शिकार बनाया है। बीति रात भी चार कुत्तों का उसने एक के बाद एक शिकार किया। इस खबर पर हालांकि वन मंडलाधिकारी एवं उप वन मंडलाधिकारी ने तत्काल संज्ञान लिया और धमतरी वन परिक्षेत्र के लोगों को वहां भेजा परंतु वह तेंदुआ वहां दिखाई नहीं पड़ा। बताया जाता है कि पहले हिंसक जानवर बरारी के ऊपर पारा स्थित जंगल से पानी पीने के लिये बरारी फुलवारी पारा में आना जाना करते थे। लेकिन कभी भी ऐसा नुकसान पालतू जानवरों को नहीं पहुंचाया।

# उप पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा ली गई यातायात अधिकारी कर्मचारियों की समीक्षा बैठक, यातायात व्यवस्था बनाने दिये गये निर्देश

- पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशानुसार उप पुलिस अधीक्षक यातायात मणिशंकर चन्द्रा के द्वारा सुगम यातायात व्यवस्था हेतु यातायात अधिकारी, कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ली गई।

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



बैठक के दौरान शहर के यातायात व्यवस्था को सुगम, निर्बाध बनाने के लिए अधिकारी, कर्मचारियों को बताये कि प्रातः 8 से 11 बजे एवं शाम 5 से 8 बजे तक भीड़.भाड़ वाले स्थानों में पेट्रोलिंग करते हुए अव्यवस्थित खड़े करने वाले वाहन चालकों पर कार्यवाही करते हुए समझाईश देवें, रोड किनारे पसरा लगाकर व्यवसाय करने वालों को रोड से दूर पसरा लगाकर व्यवसाय करने, रोड किनारे अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वाले पर नगर निगम के सहयोग से कार्यवाही करने, साथ ही प्रमुख चौक में उपस्थित रहकर ट्राफिक जवानों के साथ यातायात संचालित करते हुए रांग साईड, शराब सेवन, ओव्हर स्पीड, नाबालिक वाहन चालक, मालयान में सवारी, तीन सवारी, काला शीशा, मोबाईल का प्रयोग कर चलने वाले, मोडिफाईड सायलेंसर लगाकर चलने वाले चालकों पर अधिक से अधिक कार्यवाही करते परिवहन विभाग को लायसेंस निलंबन हेतु प्रतिवेदन भेजने एवं चौक-चौराहों में वाहन चालकों को स्टाप लाईट में वाहन खड़ी करने, लेफ्ट टर्न फ्री रखने बताने के साथ यातायात नियमों का पालन कराने निर्देशित किया गया। रूद्री मार्ग में यातायात का दबाव अत्यधिक होने एवं रोड किनारे ठेला, खोमचा, पसरा लगाकर व्यवसाय करने वाले व्यवसायियों को रोड के किनारे हटाने, साथ ही नगर निगम के सहयोग से कार्यवाही करते हुए सुव्यवस्थित यातायात बनाने कहा गया। गर्मी के मौसम को देखते हुए अधिकारी, कर्मचारियों को अपने स्वास्थय का ख्याल रखने बताकर ठंडा पानी, काला चश्मा, स्कार्फ साथ रखने बताया गया। अधिकारी, कर्मचारियों के समस्याओं के बारे में पूछकर निदान करने आश्वासन दिया गया। उक्त समीक्षा बैठक में उनि खेमराज साहू, सउनि सुरेश नेताम,बोधन ध्रुव, रामकृष्ण साहू, चन्द्रशेखर देवांगन, प्रआर चमन सिंह, भेनूराम वर्मा,जितेंद्र कुमार कृदत्त, उत्तम साहू, पेमन साहू एवं कमल किशोर साहू आदि उपस्थित रहे।

# पंचधारी में फिर मौत का इंतजार, प्रतिबंध के बावजूद जान जोखिम में डालकर नहा रहे सैकड़ों लोग, शराब खोरी व हंगामे की भी आ रही खबर



पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

गर्मी का समय आ चुका है। लोग ठंढे पानी का लुफ्त उठाने के लिए शहर से लगे पंचधारी डैम, भारी संख्या में पहुंच रहे हैं। प्रतिदिन दोपहर के समय सैकड़ों की भीड़ पंचधारी डैम में देखी जा रही है। युवा, बुजुर्ग और खासकर कपल्स ठंडे पानी में नहाने के लिए पंचधारी डैम की ओर रुख कर रहे हैं, लेकिन यहां नहाना कभी-कभी लोगों को भारी पड़ रहा है। पैर फिसलने से चोट भी लग रही है। गनीमत की बात यह है कि इस वर्ष अभी तक डैम में कोई बड़ी घटना नहीं हुई है। लेकिन लोगों को यह नहीं भूलना चाहिए कि पिछले कुछ वर्षों से डेम में डूबने पर लोगों की जान जा चुकी है। लोगों को ठंडे पानी का लुफ्त उठाना भारी भी पड़ सकता है। जिसकी कीमत लोगों को जान गंवाकर चुकाना पड़ता है। पंचधारी डैम के दोनों किनारों में डैम के अंदर नहाना प्रतिबंधित होने का बोर्ड अभी लगाया गया है। बीते वर्ष एक बच्चे की मौत होने के बाद प्रशासन द्वारा डैम में नहाने वाले लोगों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की गई थी। लेकिन प्रशासन को अब कार्यवाही के लिए शायद किसी की मौत का इंतजार है। जिसके बाद ही लोगों पर कार्यवाही की जाएगी। ऐसा हम इसलिए कह रहे हैं क्योंकि अक्सर यही देखा जाता है कि जब डैम में किसी की मौत हो जाती है,जिसके बाद ही पुलिस और प्रशासन द्वारा नहाने वाले लोगों को रोका जाता है। पंचधारी डैम के आसपास शराब खोरी भी जमकर हो रही है। नशे में युवक डैम से गहराई में छलांग लगा रहे हैं। साथ ही नशे में युवकों के द्वारा पंचधारी डैम नहाने पहुंची लड़कियों के साथ छेड़खानी का भी मामला सामने आ रहा है। नशे में युवकों के द्वारा गाली-गलौज और हंगामा भी नहाते वक्त किया जा रहा है। जिससे क्षेत्रीय लोगों को ही परेशानी हो रही है।

# गुरुदेव रविन्द्र नाथ टैगोर की स्मृति में सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com






राजपूत क्षत्रिय महासभा जिला धमतरी के महिला जिलाध्यक्ष पुष्पा देवी ठाकुर एवं माधवी ठाकुर, रागिनी ठाकुर, बेबी ठाकुर एवं अन्य महिलाओं द्वारा बंगाली समाज के आयोजित कार्यक्रम में अतिथि के रूप में शामिल हुई। जहाँ पूज्य गुरुदेव श्री रविन्द्र नाथ टैगोर जी की स्मृति में सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में राष्ट्र के उत्थान में गुरुदेव के विशेष योगदान को याद किया गया। बंगाली समाज के स्वपनिल दत्ता द्वारा विश्व हिंदू परिषद के जिलाकार्यकारी अध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर एवं बजरंग दल के डाकेश्वर साहू को भी आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत सत्कार हुआ और स्वल्पाहार की भी व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में भट्टाचार्य के साथ सभी जिला पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

# स्कूल के पीछे मोहल्ले में मिला दुर्लभ पेंगोलिन

## देखने के लिए लोगों की लगी भीड़, वन विभाग के सुपुर्द किया गया

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



पेंगोलिन दुर्लभ प्रजाति का जीव है और कभी कभार ही यह नजर आता है। जहां बीती रात शहर के वार्ड नंबर 32 के जगदेव स्कूल के पीछे एक पेंगोलिन देखा गया। जिसके बाद इसे देखने के लिए धीरे धीरे लोगों की काफी भीड़ लग गई। बाद में पार्षद को इसकी सूचना दी गई और मोहल्लेवासियों ने इसे पकड़कर वन विभाग के सुपुर्द कर दिया। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार की रात करीब दस बजे जगदेव स्कूल के पीछे दुर्लभ जीव पेंगोलिन आ गया। तभी उस पर क्षेत्र के बच्चों की नजर पड़ीं। धीरे धीरे पूरे क्षेत्र में इसकी खबर फैल चुकी थी। ऐसे में काफी लोग यहां इक्ट्ठा हो गए। इसकी जानकारी क्षेत्र के पार्षद को दी गई। जिसके बाद मोहल्लेवासियों ने किसी तरह इसे पकड़ा और जूटमिल थाना ले आए। जहां मामले की सूचना वन अमला को दी गई। जानकारी मिलते ही वनकर्मी तत्काल जूटमिल थाना पहुंचे। जहां पेंगोलिन को वन अमला को सुपूर्द कर दिया गया।

### सुरक्षित जंगल में छोड़ा जाएगा

रायगढ़ सहायक वन परिक्षेत्राधिकारी रेंजर दिनबंधु प्रधान ने बताया कि बीती रात दुर्लभ जीव पेंगोलिन मिलने की सूचना आयी थी। मोहल्लेवासी इसे पकड़कर जूटमिल थाना ले आए थे। जिसके बाद मौके पर उसे वन विभाग ने अपने सुपुर्द में लिया गया। अब उसे सुरक्षित ढंग से जंगल में छोड़ा जाएगा।

# वोट देकर घर लौटी महिला ने अग्निस्नान कर की खुदकुशी

## पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है

पायनियर संवाददाता < सारंगढ़
www.dailypioneer.com

क्षेत्र की एक महिला ने वोट देने के बाद अपने घर के पीछे खेत में अग्निस्नान कर लिया। बुरी तरह झुलसी अग्निदग्धा ने रायगढ़ में सघन उपचार के बाद भी दुनिया को असमय अलविदा कह दिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक सारंगढ़ के ग्राम बंजारी निवासी राजिम बाई पिता सम्मेलाल पारधी (45 वर्ष) की शादी हुई थी, मगर पति से अनबन होने पर वह अपने मायके में ही रहती थी। बीते 7 मई को बंजारी के पोलिंग बूथ में मतदान कर घर लौटने वाली महिला को न जाने क्या सूझी कि वह खेत गई और अपने शरीर में घासलेट उड़ेलते हुए आग लगा ली। महिला की चीख चीत्कार सुनकर बदहवास परिजन जब मौके पर पहुंचे तो राजिम बाई आग की लपटों से घिर चुकी थी। किसी तरह आग बुझाने के बाद बुरी तरह झुलसी महिला को नजदीकी सारंगढ़ के अस्पताल ले जाया गया तो प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे रायगढ़ रेफर कर दिया। तकरीबन 80 फीसदी झुलसी राजिम बाई को केजीएच के बर्न वार्ड में दाखिल किया गया। फिर भी उसकी जान नहीं बची और वह काल कलवित हो गई। बुधवार दोपहर जिला चिकित्सालय में पंचनामा तैयार करने वाले सहायक उपनिरीक्षक दिलीप बेहरा ने बताया कि महिला तलाकशुदा थी। फिलहाल, पोस्टमार्टम के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों के हवाले कर दिया गया है। पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

# कलेक्टर ने शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी का जताया आभार

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने रायगढ़ जिले में लोकसभा निर्वाचन के लिए 07 मई शांतिपूर्वक मतदान संपन्न होने पर सभी मतदाताओं और निर्वाचन कार्य के सफल संपादन में भूमिका निभाने वाले सभी सहयोगियों का आभार जताया है।

कलेक्टर ने मतदान की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात अपने आभार संदेश में कहा है कि निर्वाचन की प्रक्रिया जन जन से जुड़ी होती। सभी की इसमें प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष भूमिका होती है। रायगढ़ जिले में सभी ने अपने दायित्वों का कुशलता पूर्वक निर्वहन किया जिसके फलस्वरूप रायगढ़ जिले ने मतदान में नया कीर्तिमान रचते हुए पूरे प्रदेश में सर्वाधिक मतदान का रिकॉर्ड बनाया है। कलेक्टर ने सभी मतदाताओं के प्रति विशेष रूप से आभार प्रकट किया। इसके साथ मतदान संपन्न कराने वाले अधिकारी कर्मचारी और मतदान दलों को भी उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि सभी ने इस महती जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी सजगता और गंभीरता से किया। जिससे मतदान के दौरान कहीं पर भी कोई समस्या नहीं हुई। कलेक्टर ने कहा कि जिला प्रशासन ने मौसमी चुनौतियों को देखते हुए मतदाताओं और मतदान दलों के लिए यथासंभव सुविधाएं प्रदान करने का प्रयास किया। उन्होंने स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से मतदाता जागरूकता में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाने वाले स्कूल और कॉलेज के सभी विद्यार्थियों व उनके शिक्षक, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइड के सदस्यों सहित सभी का आभार जताते हुए कहा कि आप सभी के प्रयास से मतदान के महत्व और संकल्प का संदेश जन जन तक पहुंचा। उन्होंने सुरक्षा कार्य में लगे पुलिस और सुरक्षा बलों को भी मतदान के दौरान उनके अनवरत सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा में लगे जवानों के सहयोग से मतदान का पूरा कार्य व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराया जा सका। इसके साथ सभी मतदान केंद्रों में मतदाताओं की सुविधा और सहयोग के लिए तैनात कर्मचारियों व मतदान वितरण स्थल में भोजन व साफसफाई व्यवस्था में लगे सभी कर्मचारियों को भी उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया है।

# दसवीं बोर्ड की परीक्षा में पुसौर व नंदेली की छात्राएं भी टॉप टेन में, बधाई देने लोगों का तांता

- टॉप 10 में जगह बनाकर रायगढ़ की बेटियों ने जिले का बढ़ाया मान

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com





बोर्ड की परीक्षा के बाद उसके परिणाम का इंतजार होता है और गुरूवार को दसवीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। जिसमें रायगढ़ जिले की दो बेटियों ने भी टॉप टेन में जगह बनाने में सफलता हासिल की है। जिले के पुसौर ब्लॉक के तेलीपाली में रहने वाली बबीता पटेल व नंदेली की करूणा केवर्त ने दसवीं में 97.17 प्रतिशत लाकर प्रदेश भर में दसवां स्थान प्राप्त किया है। नंदेली रहने वाली करूणा केवर्त की माता केवरा केवर्त से जब उनकी सफलता को लेकर हमने चर्चा किया तो उन्होंने बताया कि करूणा पढ़ाई में शुरू से अच्छी रही है और करीब 10 से 12 घंटे करूणा पढ़ाई करती थी। इसी का नतीजा है कि उसने प्रदेश भर में टॉप टेन में अपनी जगह बनाई है और परिवार से उसे काफी सपोर्ट भी मिलता है। करूणा के पिता प्रेमप्रकाश केवर्त किसान हैं और गांव में ही खेती किसानी करते हैं। करूणा की माता ने बताया कि उसने अभी आगे कुछ करने का सोचा नहीं है वह अभी पढ़ना चाहती है।

**ज्यादा की थी उम्मीद**-बबीता पटेल से जब हमने चर्चा किया तो उन्होंने बताया कि उनके पिता परमानंद पटेल किसान हैं और मां मोगरा पटेल गृहणी हैं। उसने बताया कि वे दो भाई बहन है। भाई छोटा है जो आठवीं कक्षा की पढ़ाई करेगा। टॉप टेन में जगह बनाने के लिए बबीता करीब 5 से 6 घंटे पढ़ाई करती थी। उसने बताया कि आईएस बनने का सपना है और उसके लिए वे लगातार मेहनत करते रहेगी। बबीता का कहना है कि दसवी बोर्ड में ज्यादा की उम्मीद थी, लेकिन जो परसेंट आया है वह भी संतुष्टि देने लायक है।

# उमेश ने किया छत्तीसगढ़ टॉपर समीर का सम्मान

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



माध्यमिक शिक्षा मंडल दसवीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ जिसमें दोनों कक्षाओं के टॉप 10 में आने वाले छात्र-छात्राओं का भी सूची जारी हुआ जिसमें जिला धमतरी विकासखंड मगरलोड के ग्राम भोथीडीह निवासी समीर चक्रधारी जो 12वीं गणित का छात्र है जो छत्तीसगढ़ में चौथा स्थान प्राप्त करके जिले को गौरवान्वित किया। जिले के सांसद प्रतिनिधि उमेश साहू के द्वारा शाल श्रीफल और विद्यापति के पौधे से सम्मानित किया गया। छात्र और उनके माता-पिता से बात होने पर पता चला कि समीर बहुत ही होनहार छात्र है। दसवीं में सिर्फ एक नंबर से पीछे रह गया था नहीं तो टॉप 10 की सूची में आ जाता। आज 12वीं में चौथा स्थान प्राप्त करने पर उनको यह खुशी दोगुना के रूप में प्राप्त हुई। परिवार के पास दो एकड़ कृषि भूमि है साथ ही करीब 10 एकड़ लीज में लेकर और कृषि कार्य करते हैं जिसमें समीर भी कृषि कार्य में पिताजी का सहयोग करता है और घरेलू कार्य को करते हुए भी अपनी पढ़ाई पूरी ईमानदारी से करता है यहां तक की बिजली जब गोल हो जाता है उस समय ऑटोमेटिक लाइट के माध्यम से अपनी पढ़ाई पूरी करता है। उनके छत्तीसगढ़ में चौथा स्थान आने पर मां पिताजी बहन पूरा परिवार के साथ पड़ोसी और गांव के सभी लोग उनकी शाला के पूरा शिक्षक परिवार काफी प्रसन्नचित्र है। उनके निवास में जाने पर सभी लोग वहां उपस्थित मिले साथ ही डिफेंस अकादमी के संचालक हितेंद्र साहू ने भी छात्र को बधाई शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिए साथ में भाजपा नेता धर्मराज सिन्हा और अजय गार्डिया ने भी समीर चक्रधारी को बधाई शुभकामनाएं प्रेषित किये।

## निर्माण कार्यों को 30 मई और अमृत सरोवर के कार्यों को 10 जून तक पूर्ण करने के दिए निर्देश

# सीईओ जिला पंचायत ने निर्माण कार्यों की समीक्षा की

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com







जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोमा श्रीवास्तव ने जनपद पंचायत नगरी की सभागार में निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी ग्राम पंचायतों में मनरेगा के कार्य प्रारंभ किये जावें व अधिक से अधिक मजदूरों को इस कार्य में नियोजित करें तथा निर्माण कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश सीईओ जनपद पंचायत को दिये। जिन ग्राम पंचायतों में जीरो लेबर प्रदर्शित हो रहा है उन पंचायतों में कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिये गये। अपूर्ण कार्यों को समयावधि में पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये वहीं प्रगतिरत अमृत सरोवर के कार्यों को प्राथमिकता के साथ 10 जून तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत बोड़रा एवं गेदरा में अमृत सरोवर के कार्य प्रारंभ कराने वन विभाग को निर्देशित किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोमा श्रीवास्तव ने सभी कमार बसाहट आवास के सूचना पटल में तकनीकी जानकारी का लेखन कार्य कराने निर्देशित किया गया। इसी तरह जिन श्रमिकों का आधार सीडिंग कार्य नहीं हुआ है का सभी ग्राम पंचायत से लिखित डाटा लेकर आगामी सप्ताह तक एम.आई.एस. में कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश सीईओ जनपद पंचायत को दिए गये। वित्तीय वर्ष 2022-23 तक के समस्त प्रगतिरत कार्यों को 30 मई तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इसी तरह वृक्षारोपण कार्ययोजना अंतर्गत मुनगा नर्सरी, वन विभाग वृक्षारोपण, अमृत सरोवर वृक्षारोपण, सी.एल.एफ एजेंसी सामुदायिक वृक्षारोपण, एफआर.ए. पैच वृक्षारोपण हेतु जून माह से पूर्व आवश्यक तैयारी पूर्ण करने निर्देश दिए गए। आदिवासी विकास विभाग द्वारा स्वीकृत आवासों की समीक्षा करते हुए सीईओ जिला पंचायत ने तत्काल कार्य प्रारंभ कराने एवं मस्टररोल जारी करने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर जिला पंचायत के विभागीय अधिकारी एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# अज्ञात वाहन के चपेट में आकर युवक की मौत

## एनआर व रायगढ़ इस्पात के बीच हुआ सड़क हादसा

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

एनआर इस्पात और रायगढ़ इस्पात के बीच संदिग्ध हालत में जख्मी मिले युवक की मेकाहारा में मौत हो गई। आशंका है कि अज्ञात वाहन की गिरफ्त में आने से युवक की जिंदगी खत्म हुई है। पूंजीपथरा पुलिस तहकीकात कर रही है। घटना की विवेचना कर रहे सहायक उपनिरीक्षक विजय कुमार एक्का ने बताया कि गेरवानी से सराईपाली रोड में विगत 4 मई की सुबह तकरीबन 8 बजे एनआर इस्पात और रायगढ़ इस्पात के बीच एक युवक बुरी तरह घायल अवस्था में बेसुध पड़ा मिला। चूंकि, युवक के चेहरे में जख्म थे तो उसका हाथ भी टूटा था इसलिए राहगीरों ने मौके की नजाकत भांप पूंजीपथरा थाने में इसकी सूचना दी। थाना प्रभारी त्रिनाथ त्रिपाठी ने मातहत स्टाफको घटना स्थल भेजा। वर्दीधारियों ने मौके का जायजा लेते हुए आहत को वाहन से रायगढ़ के मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भर्ती कराया। डॉक्टर्स के सघन उपचार के बावजूद जिंदगी और मृत्यु के बीच संघर्षरत युवक ने दम तोड़ दिया। माना जा रहा है कि बेलगाम रफ्तार के कहर ने युवक की जान ली होगी। मामले में पूंजीपथरा पुलिस अब मर्ग कायम कर जांच पड़ताल में जुटी है।

## संपादकीय

# लोकसभा चुनाव तीसरा चरण संपन्न

**लोकसभा चुनाव** का तीसरा चरण संपन्न हो गया। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने वैश्विक मंच पर भारत की शानदार लोकतांत्रिक प्रक्रिया का प्रसन्नतापूर्वक उल्लेख किया। वास्तव में देश के विशाल आकार तथा मतदाताओं की भारी संख्या को देखते हुए भारत में चुनाव काफी जटिल होते हैं और इनको संपन्न कराना एक चुनौतीपूर्ण काम है। 2024 का लोकसभा चुनाव आधे रास्ते में पहुंचने के बाद भारत का राजनीतिक परिदृश्य जोश, अनुमानों तथा चुनावी गणित से भरा है। मतदान का तीसरा चरण खासकर भारतीय जनता पार्टी-भाजपा के लिए इस कारण महत्वपूर्ण है कि इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह के गृह राज्य गुजरात में मतदान हुआ। अपने वोट डालने के लिए दोनों नेताओं की उपस्थिति इस चरण का महत्व बढ़ाती और चुनावी विमर्श बदल देती है। तीसरे चरण में 11 राज्यों व संघशासित क्षेत्रों के 93 निर्वाचन क्षेत्रों ने चुनाव प्रक्रिया में भाग लिया। उल्लेखनीय है कि गुजरात के सूरत निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हो गए। 283 लोकसभा सीटों पर मतदान के साथ कुल लोकसभा सीटों के 52 प्रतिशत पर मतदान पूरा हो गया है, जबकि अभी चुनाव के तार्किक परिणति तक पहुंचने में एक महीना बाकी है। चार और चरणों के बाद चुनाव परिणाम 4 जून को घोषित होंगे। तीसरा चरण इसलिए महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि इसमें अनेक निर्वाचन क्षेत्रों में महत्वपूर्ण राजनेता चुनाव मैदान में हैं। इस चरण के अनेक प्रमुख उम्मीदवारों में गुजरात में गांधीनगर से भाजपा के अमित शाह, मध्य प्रदेश में राजगढ़ से कांग्रेस के दिग्विजय सिंह, मध्य प्रदेश में विदिशा से भाजपा के शिवराज सिंह चौहान, उत्तर प्रदेश में मैनपुरी से सपा की डिम्पल यादव, महाराष्ट्र में बारामती से रांकापा-शरद पवार की सुप्रिया सुले, मध्य प्रदेश में गुना से भाजपा के ज्योतिरादित्य सिंधिया, कर्नाटक में धारवाड़ से भाजपा के प्रह्लाद जोशी तथा कर्नाटक में शिमोगा से भाजपा के के.एस. ईश्वरप्पा, आदि शामिल हैं।



निर्वाचन आयोग ने मतदान के पहले व दूसरे चरण के लिए क्रमशः 66.14 प्रतिशत व 66.71 प्रतिशत मतदान की घोषणा की थी। हालांकि, तीसरे चरण में उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार मतदान प्रतिशत थोड़ा बेहतर हुआ है। तीसरा चरण पूरा होने के बाद 283 लोकसभा सीटों का भविष्य तय हो गया है। इस प्रकार 52 प्रतिशत सीटों पर मतदान के साथ चुनाव आधे रास्ते तक पहुंच गया है। सभी चरणों में पिछले चुनाव के मुकाबले तुलनात्मक रूप से कम मतदान निर्वाचन मशीनरी व राजनीतिक पार्टियों के लिए चुनौती है जो मतदाताओं की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं। तीसरा चरण भाजपा के लिए खासकर महत्वपूर्ण है। 2014 से सत्तारूढ़ पार्टी के समक्ष न केवल अपने मजबूत गढ़ बनाए रखने, बल्कि देश के विभिन्न क्षेत्रों में प्रभाव विस्तार की चुनौती है। लोकसभा चुनाव के दौरान देश की जनता में व्याप्त विभिन्न प्रवृत्तियां और गतिशीलता की गहरी जानकारी सामने आती है। अनेक चुनौतियों के बावजूद भाजपा की संगठनात्मक शक्ति, जीवन्त प्रचार मशीनरी तथा मोदी का करिश्माई नेतृत्व उसे प्रतियोगिता में अन्य दलों की तुलना में लाभ प्रदान करता है। हालांकि, इसके बावजूद उसके सामने अनेक आर्थिक, सामाजिक तथा क्षेत्रीय विविधताओं की चुनौतियां बनी हुई हैं। लोकसभा चुनाव में तीसरे चरण के मतदान परिणाम भाजपा की नीतियों और नेतृत्व के लिए बहुत महत्वपूर्ण सिद्ध होंगे। इससे भारत की भावी राजनीतिक दिशा तय होगी।

# जिम्मेदार बनें निर्वाचित प्रतिनिधि

समय आ गया है कि निर्वाचित प्रतिनिधि अपने निर्वाचकों के प्रति जिम्मेदार व ईमानदार बनें। उनको प्रतिबद्ध सामुदायिक नेताओं की भूमिका निभानी चाहिए।



**जे.एस. राजपूत**
(लेखक, सेवानिवृत्त प्रोफेसर हैं)



भारत में वर्तमान समय चुनाव का है और हम में से प्रत्येक व्यक्ति इस चुनावी प्रक्रिया का हिस्सा है। यह राजनीतिक पार्टियों तथा उम्मीदवारों के लिए आदर्श आचार संहिता का भी समय है। निर्वाचन आयोग ने उम्मीदवारों के चुनाव में अधिकतम खर्च की सीमा निर्धारित की है। लेकिन सभी जानते हैं कि इसका क्या होता है। आमतौर से लोगों को इस बात की ज्यादा चिन्ता नहीं होती है कि चुनावों के विस्तार से खर्च तेजी से बढ़ता है जिसका बोझ उम्मीदवारों के साथ सरकारी खजाने पर भी पड़ता है। चुनाव प्रक्रिया लंबी खिंचने से चुनाव संचालित करने तथा प्रक्रिया पूर्ण करने में श्रमशक्ति और अन्य संसाधनों की बरबादी होती है, जबकि इससे बचा जा सकता है। इसका सबसे बुरा असर स्कूली बच्चों पर पड़ता है क्योंकि चुनाव के हर चरण पर शिक्षक सर्वाधिक आसानी से उपलब्ध श्रमशक्ति साबित होते हैं।

निर्वाचित होने के बाद कोई भी अपनी इच्छा से अगली पीढ़ी के लिए स्थान नहीं छोड़ना चाहता है। चुनाव के समय उन लोगों का व्यवहार भी जनता के समक्ष उजागर होता है जो पहले सत्ता का स्वाद चख चुके होते हैं, पर बाद में जनता उनको सत्ता से हटा देती है। अपनी निराशा के कारण वे ऐसे बयान देते हैं जो पूरी तरह असामाजिक, व्यक्तिगत तथा सभ्य समाज में अस्वीकार्य होते हैं। वरिष्ठ लोगों ने ऐसी स्थितियां पैदा की हैं जहां युवा 'मिलीनियल्स' की खोजी कार्रवाई की जरूरत होती है।

उनको समझना चाहिए कि उनके वरिष्ठ लोगों ने जातीय-गणित का सहारा लेकर, क्षेत्रीय व भाषाई भावनायें भड़का कर तथा सामाजिक विरोधाभास पैदा कर मूल लोकतांत्रिक सिद्धान्तों को नुकसान पहुंचाया है। इससे सामाजिक सद्भावना कम हो रही है। स्वतंत्र भारत ने अपनी यात्रा की शुरुआत 18 प्रतिशत साक्षरता से की थी जो अब लगभग 80 प्रतिशत हो गई है, जबकि जनसंख्या में 100 करोड़ से ज्यादा बढ़ोत्तरी हुई है। इस प्रकार हम एक सीखने वाला समाज हैं। हमारा अंतरराष्ट्रीय कद स्वतंत्रता के बाद सर्वोत्तम स्थिति में है। ऐसे में आश्चर्य होता है कि राजनेताओं द्वारा एक-दूसरे के खिलाफ प्रयोग की जाने वाली भाषा इतनी खराब व असभ्य क्यों है। इससे कोई भी पढ़ा-लिखा सभ्य व्यक्ति शर्म का अनुभव करेगा। विद्वान, प्रतिबद्ध तथा अनुभवी का सम्मान हमारी विरासत का लोकप्रिय खजाना है, लेकिन दुर्भाग्य से यह आज छिन्न-भिन्न हो रहा है।

भारत को कभी भी उस समय के महान विद्वानों की उपस्थिति को अनदेखा नहीं करना चाहिए जिनमें गांधी, पटेल, सुभाष बोस, नेहरू, राजेन्द्र प्रसाद व अन्य लोग शामिल हैं। भारत को समझने की इच्छा रखने वाला कोई व्यक्ति स्वामी विवेकानन्द, रामकृष्ण परमहंस, टैगोर या श्री अरविंद से अपरिचित कैसे रह सकता है? उम्मीद उन लोगों से है जो कुछ साल पहले स्कूलों में थे और उनको संत-वैज्ञानिक एपीजे अब्दुल कलाम से चमत्कृत होने का अवसर मिला था। मैंने स्वयं अनेक अवसरों पर देखा है कि भारत के बच्चे उनसे कितना प्रेम करते थे। इसका कारण पोखरण-2 नहीं था, इसका कारण उनके व्यक्तित्व से प्रेम था जिसका हर बच्चा और हर भारतीय अनुसरण करना चाहता था। भारत सौभाग्यशाली है कि उसे ऐसे अनेक विद्वान मिले जो अपने क्षेत्र में परिवर्तन कर सके। उम्मीद थी कि राजनीति में प्रवेश करने वाले एपीजे व अन्य विद्वानों का अनुसरण कर लोगों के साथ उचित व्यवहार करेंगे।

एपीजे अब्दुल कलाम 21वीं शताब्दी में प्रवेश करने वाले मिलीनियल्स में सर्वाधिक आकर्षण और प्रेम का केन्द्र थे। वे एक पेशेवर नेता थे जो अपने उदाहरण से नेतृत्व करते थे तथा सभी लोगों से हार्दिक रूप से संबंध स्थापित कर लेते थे। राष्ट्रीय लक्ष्य के प्रति उनकी प्रतिबद्धता एवं भक्ति सर्वोच्च स्तर की थी। उन्होंने अनेकानेक लोगों को प्रेरित किया और शान से अपना लक्ष्य प्राप्त किया। वे हर भारतीय पर विजय पाने में सफल हुए, भले ही उसकी जीवन स्थिति, उसका पेशा या उसका वैचारिक झुकाव चाहे जो होता। एपीजे भारत के बच्चों के खासकर प्रिय बन गए क्योंकि वे उनमें उभरते भारत तथा भावी भारत का चित्र देखते थे। उन्होंने लाखों बच्चों में जिज्ञासा और रचनात्मकता पैदा कर उनको 'विंग्स आफ फायर' प्रदान किए। उन्होंने दो बैग के साथ राष्ट्रपति भवन में प्रवेश किया था और पांच साल बाद उन्हीं दो बैग के साथ बाहर निकले। भारत को पंचायत स्तर से संसद तक ऐसे व्यक्तित्व वाले लोगों की आवश्यकता है जिनके साथ हर व्यक्ति जुड़ाव अनुभव कर सके और उनके साथ 'संपर्क' संभव बना सके। आम चुनाव संबंधी जानकारियां हर व्यक्ति तक पहुंचने के साथ दिमाग में ऐसी तथा ऐसी ही अनेक भावनायें पैदा होती हैं।

आम चुनावों में दर्जनों बार वोट देने वाले हम में से हर एक उन मूल परिवर्तनों के बारे में बात करना पसंद करेगा जो नेतृत्व की गुणवत्ता में बड़े पैमाने पर आए हैं। आज सार्वजनिक जीवन में मौजूद लोगों के प्रति परस्पर सम्मान और आदर की भावना कम हुई है, चाहे वे सत्ता में हों या विपक्ष में। हमने विपक्षियों के लिए ऐसी भाषा का प्रयोग देखा है जिसने हम सबको पांच दशक पहले शर्मिन्दा किया होता। लेकिन आज किसी को इसकी चिन्ता नहीं है। लेकिन खुशी का संकेत यह है कि मतदाताओं ने इस पर गौर किया है और वे इसे पसंद नहीं कर रहे हैं। दूरगामी दृष्टिकोण से देखने पर कहा जा सकता है कि यह प्रवृत्ति कारगर नहीं होगी। दु:ख की बात है कि गांधीजी ने 1922 में जिन चुनावी विकृतियों का उल्लेख किया था, आज वे चुनावों के हर चरण तक पहुंच गई हैं और उन्होंने पंचायती राज संस्थानों को भी नहीं छोड़ा है। लेकिन हमें उम्मीद नहीं छोड़नी चाहिए और चीजें चाहे जितनी खराब हो जाएं, उम्मीद तो बनी ही रहती है।

निर्वाचित प्रतिनिधियों से सामान्य उम्मीदों का उल्लेख करते हुए एपीजे अब्दुल कलाम ने हर भारतीय को स्वर दिए थे। उन्होंने कहा था, 'हमें इस बारे में स्पष्ट होना बहुत महत्वपूर्ण है कि हम अपने नेताओं से ठीक-ठीक क्या उम्मीद करते हैं। इनमें पंचायत सदस्यों से लेकर नगर निगमों के स्थानीय पार्षद तथा संसद सदस्य तक शामिल हैं।' दूसरे शब्दों में उनको अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करनी चाहिए। चाहे पंचायत सदस्य हो, विकस अधिकारी, पार्षद, विधायक, सांसद या मंत्री उनको कम से कम अपनी सर्वोत्तम क्षमता का प्रयोग करना चाहिए जिसके लिए उनको चुना गया है। हमें समुचित दृष्टिकोण वाली संसद चाहिए जहां लोगों के दिमाग में व्यापक तस्वीर हो और वे छुद्र दलगत राजनीति से ऊपर उठ कर सोच सकें।

ऐसी संसद कैसे काम कर सकती है? यह पिछली लोकसभा की तुलना में ज्यादा रचनात्मक भूमिका कैसे निभा सकती है? मुझे यह उम्मीद भी है कि अगली लोकसभा के सम्मानित सदस्य स्पष्ट रूप से व पूरी गंभीरता के साथ देश के समक्ष कोई ऐसे दृश्य नहीं पेश करेंगे जिनसे इस पवित्र सदन का कामकाज प्रभावित होता है और भारत के नौजवानों के समक्ष खराब तस्वीर रखता हो। पिछले दो दशकों में अब तक जो होता था, वह गंभीर चिन्ता का विषय है। वरिष्ठ राजनेता सी. सुब्रमण्यम ने कहा था, 'संसद और विधायिकाओं की कार्यवाहियों में अनुशासनहीनता गंभीर चिन्ता का विषय है। अराजकता से न केवल विधायिकाओं की कार्यवाही में बाधा पड़ती है, बल्कि यह विधायिकाओं के भीतर सदस्यों में हिंसा पैदा करती है। यह सामान्य और लगभग रोज होने वाली घटना बन गई है। ऐसा लगता है कि जैसे कोई भी संसद में कार्यवाही के नियम मानने को तैयार नहीं है। ऐसी स्थिति में हम भला जनता से यह उम्मीद कैसे कर सकते हैं कि वह अनुशासन का पालन करेगी तथा कानूनों और नियमों का सम्मान करेगी?' समय आ गया है कि भावी सांसद तथा अन्य निर्वाचित प्रतिनिधि अपने निर्वाचकों की उम्मीदों के प्रति जिम्मेदारी प्रदर्शित करें, ईमानदार बनें तथा प्रतिबद्ध सामुदायिक नेता बनने का प्रयास करें। उनको भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनने का प्रयास करना चाहिए। उनको प्रतिबद्धता प्रकट करनी चाहिए कि संसद में एक मिनट का समय भी बेकार नहीं किया जाएगा। यह नव-निर्वाचित सांसदों की ओर से देश को महान उपहार होगा।

# भारत में भिक्षावृत्ति और दान देने की प्रवृत्ति

"कई राज्यों में कानूनी निषेधों के बावजूद भीख मांगना जारी है और भिखारी घरेलू दान के सबसे अधिक प्राप्तकर्ताओं में से एक हैं।"

**शैव्या वर्मा**
(लेखिका, विवि में शोध प्रबंधक हैं)



भीख मांगना भारत में एक सर्वव्यापी घटना है और यह सामान्य दृष्टि से छिपी हुई है। भिक्षावृत्ति में लगे व्यक्तियों की धारणाएं भिन्न हो सकती हैं लेकिन यह भी स्पष्ट है कि कई परिवार उन्हें दान देते हैं। देश में सार्वजनिक नीति पर चर्चा से भिक्षावृत्ति में लगे लोग बड़े पैमाने पर गायब हैं। अशोक विश्वविद्यालय में सेंटर ऑफ सोशल इम्पैक्ट एंड फिलैंथ्रोपी (सीएसआईपी) के एक हालिया अध्ययन से पता चला है कि भिक्षावृत्ति में लगे व्यक्ति घरेलू दान के सबसे अधिक प्राप्तकर्ताओं में से एक हैं, जो धार्मिक संगठनों के बाद दूसरे स्थान पर हैं। इससे हमें यह प्रश्न उठता है कि वे कौन सी प्रेरणाएँ हैं जो इतने बड़े अनुपात में परिवारों को भिक्षावृत्ति में लगे व्यक्तियों को दान देने के लिए प्रेरित करती हैं। लिंग, भूगोल और उम्र के आधार पर भिखारियों को सबसे अधिक दान देने वाले कौन हैं? और भिक्षावृत्ति में लगे व्यक्तियों को दान किस रूप में मिलता है? हालांक भीख मांगना कोई अपराध नहीं है, लेकिन बीस से अधिक रायों और केंद्र शासित प्रदेशों में यह कानूनी रूप से प्रतिबंधित है और विशेष परिस्थितियों में एक वर्ष से 10 वर्ष और उससे भी अधिक की सजा हो सकती है। मौजूदा कानूनों के फायदे और नुकसान एक और बहस का विषय हैं। सीएसआईपी के अध्ययन से पता चला है कि भारतीय परिवारों द्वारा कुल नकद दान में 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो 2020-21 में 23.7 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 2021-22 में 27 हजार करोड़ रुपये हो गई है, जिसमें से भिक्षावृत्ति में लगे व्यक्ति पसंदीदा प्राप्तकर्ताओं में से एक हैं। धार्मिक संगठनों, गैर-धार्मिक संगठनों, परिवार और दोस्तों, घरेलू कर्मचारियों, और किसी उद्देश्य का समर्थन करना या याचिका पर हस्ताक्षर करना के बीच घरेलू दान। वे समग्र बाजार आकार और अध्ययन में अन्य प्राप्तकर्ता समूहों के बीच उन्हें दान देने वाले परिवारों के अनुपात के मामले में घरेलू दान के दूसरे सबसे बड़े प्राप्तकर्ता हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि बाजार का आकार और भिक्षावृत्ति में लगे व्यक्तियों को औसत नकद भुगतान 2020-21 से 2021-22 तक बढ़ गया है। जबकि भिक्षावृत्ति में लगे व्यक्ति पसंदीदा प्राप्तकर्ताओं में से एक हैं, परिवार उन पर अपने पैसे से नहीं बल्कि सामग्री को लेकर भरोसा करते हैं। भिक्षावृत्ति में लगे व्यक्तियों को दान देने वाले परिवारों के उच्च अनुपात के बावजूद, उन्हें परिवारों से सबसे कम मूल्य का नकद दान (100 रुपये से कम) प्राप्त हुआ।

जबकि अध्ययन में अन्य प्राप्तकर्ता समूहों की तुलना में भिक्षावृत्ति में लगे व्यक्तियों को नकद दान के लिए सबसे कम प्राथमिकता दी गई थी, इस प्राप्तकर्ता समूह के लिए वस्तु के रूप में दान करने की स्पष्ट प्राथमिकता नोट की गई थी। भिक्षावृत्ति में लगे व्यक्तियों को दान देने वालों में से आधे से अधिक ने वस्तु के रूप में दान दिया, जो अन्य प्राप्तकर्ता समूहों द्वारा प्राप्त वस्तु के रूप में दान से बिल्कुल अलग है। भिक्षावृत्ति में लगे व्यक्तियों को दान देते समय परिवार अधिकतर अपनी आंतरिक प्रेरणा से प्रेरित होते हैं। धार्मिक मान्यताएं शीर्ष प्रेरकों में से एक हैं। इसने 55 प्रतिशत परिवारों का मार्गदर्शन किया जो भिक्षावृत्ति में लगे व्यक्तियों को दान देते थे। धार्मिक मान्यताओं को इस प्रकार समझा जा सकता है कि दूसरों की मदद करना ईश्वर की सेवा करने का एक तरीका है, और अछे कर्म/सर्वशक्तिमान अछे कर्मों का प्रतिफल देते हैं।

इसके अलावा, पारिवारिक परंपराएं परिवारों को भिक्षावृत्ति में लगे व्यक्तियों को दान देने के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वे गरीबी के कारण दिखाई देने वाली कठिनाइयों से भी प्रभावित होते हैं और वित्तीय संकट में किसी का समर्थन करने के लिए दान करने के लिए प्रेरित होते हैं। सेवा या सेवा प्रदान करना भी भिक्षावृत्ति में लगे व्यक्तियों को देने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रेरणा के रूप में उभरा। परिवारों को छोटी मात्रा में नकद देना भी आसान लगता है, जिसके कारण कई परिवार भिक्षावृत्ति में लगे व्यक्तियों को कुछ पैसे देने की पेशकश करते हैं। लगभग 60त्न परिवारों ने उन्हें दान देने की प्रतिक्रिया व्यक्त की। अध्ययन में यह भी पाया गया कि भिक्षावृत्ति में लगे व्यक्तियों को दिया गया दान 100 रुपये से कम छोटी मात्रा में था। यह जानना दिलचस्प था कि जो दानकर्ता भिक्षावृत्ति में लगे व्यक्तियों के प्रति अधिक सहानुभूति रखते हैं, वे वे लोग हैं जिनकी समाज में असुरक्षित स्थिति है और जो मुख्य रूप से सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा के लिए दूसरों पर निर्भर हैं। ग्रामीण क्षेत्रों और निम्न सामाजिक-आर्थिक श्रेणियों की वृद्ध महिलाएं और परिवार भिक्षावृत्ति में लगे व्यक्तियों के प्राथमिक दाता हैं।

बड़े शहरों के परिवारों की तुलना में ग्रामीण भारत के अधिक परिवार भिक्षावृत्ति में लगे व्यक्तियों को दान देते हैं। वास्तव में, ग्रामीण भारत में भिक्षावृत्ति में लगे व्यक्तियों को दान देने वाले परिवारों का अनुपात भिक्षावृत्ति में लगे व्यक्तियों को दान देने वाले परिवारों के अनुपात के राष्ट्रीय औसत से अधिक था। इसी प्रकार, निम्न सामाजिक-आर्थिक श्रेणी (एसईसी डी/ई) द्वारा भिक्षावृत्ति में लगे व्यक्तियों को देना राष्ट्रीय औसत से अधिक था। जबकि उच्च और मध्यम सामाजिक-आर्थिक श्रेणियों (एसईसी ए, एसईसी बी और एसईसी सी) से लगभग 53त्न परिवारों ने योगदान दिया, 65त्न से अधिक परिवारों ने निम्न सामाजिक आर्थिक समूहों (एसईसी डी/ई) से भिक्षावृत्ति में लगे व्यक्तियों के लिए योगदान दिया। ). लिंग और उम्र के संदर्भ में, 46 से 60 वर्ष की उम्र के बीच की वृद्ध महिलाएं भिक्षावृत्ति में लगे व्यक्तियों के लिए सबसे बड़ी और प्राथमिक दान देने वाली हैं।

भिक्षावृत्ति कई रूपों में सदियों से चली आ रही है। कठिनाइयों का सामना करने के कारण, भिक्षावृत्ति में लगे व्यक्ति आमतौर पर नकारात्मकता, निराशा, कम आत्मसम्मान और कलंक से पीड़ित होते हैं। भारत में अधिकांशतः भिक्षावृत्ति में लगे लोग अक्सर धार्मिक स्थलों के बाहर दिख जाते हैं।

## आप की बात

### वोट का महत्व

**लोकसभा चुनाव** के तीसरे दौर के निर्बाध रूप से संपन्न हो जाने से चुनाव आयोग ने राहत की सांस ली होगी। मगर दुःख की बात है कि आयोग तथा विभिन्न दलों द्वारा मीडिया और सोशल मीडिया पर मतदान करने की अनेक अपीलों के बावजूद मतदान प्रतिशत मात्र 66 प्रतिशत ही रह गया है। जब एक-एक वोट महत्व रखता है तो इतनी बड़ी तादाद में लोगों का मतदान नहीं करना निराशाजनक है। मजेदार बात है कि हर छोटी बड़ी बात के लिए सरकार को कोसने वाले लोग भी वोट देने नहीं जाते हैं। ऐसे लोगों को आत्ममंथन की जरूरत है। वर्तमान समय में भारत की अंतरराष्ट्रीय ख्याति में कई देशों की तुलना में भारतीय जनता की एकजुटता तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति उसकी प्रतिबद्धता एक बहुत बड़ा फेक्टर है। मगर वोटिंग के प्रति हमारी गहन उदासीनता हमारे बिखराव को दर्शाती है। अब भी शेष बचे चुनाव के चरणों में मतदाता यदि उत्साह से वोटिंग कर मतदान प्रतिशत बढ़ाएं तो यह राष्ट्र के लिए बेहतर होगा। हालांकि, अब तक 2019 लोकसभा चुनाव में सर्वाधिक मतदान हुआ था, पर इसे शत-प्रतिशत तक ले जाना लक्ष्य होना चाहिए। मतदान के मामले में हिंदी पट्टी हमेशा से फिसड्डी साबित होती रही है और विडंबना है कि यह स्थिति अब भी बनी हुई है।

**-सुभाष बुडावन वाला**, रतलाम

### पुतिन की धमकी

**व्लादीमिर पुतिन** ने राष्ट्रपति के रूप में पांचवें कार्यकाल के लिए मंगलवार को शपथ ली। इसके एक दिन पहले उन्होंने रूसी सेना, नौसेना और यूक्रेन के निकट तैनात सैनिकों को शामिल कर सामरिक परमाणु हथियार अभ्यास की घोषणा की है। रूस द्वारा परमाणु हथियार अभ्यास की यह धमकी पूरी दुनिया और मानवजाति के लिए अभूतपूर्व व असाधारण खतरों से भरी है। रूस के पूर्वज सोवियत संघ ने अमेरिका द्वारा हिरोशिमा और नागासाकी में अणु बम गिराने से पैदा त्रासदी की प्रतिक्रिया में सारी दुनिया में नाभिकीय निशस्त्रीकरण का अभियान चलाया था। हालांकि, उसने भी अमेरिका का मुकाबला करने के लिए नाभिकीय आयुधों का विकास किया था, पर उनके कभी पहले प्रयोग न करने का वादा भी किया था। सोवियत संघ व अमेरिका के बीच नाभिकीय आयुधों की संख्या घटाने के बारे में साल्ट-1 व साल्ट-2 संधियां भी हुई थीं। लेकिन अब पुतिन ने इस पूरी प्रक्रिया को उलट कर न केवल नए नाभिकीय हथियारों के विकास पर जोर दिया है, बल्कि संभवतः वह सीमित नाभिकीय युद्ध के बारे में भी सोच रहे हैं। पुतिन की इस मानवता-विरोधी सोच पर तत्काल प्रभावी लगाम लगाने की आवश्यकता है।

**- जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

### मवेशियों से क्रूरता

**अधिक दूध** की मांग पूरी करने के लिए कुछ दुग्ध उत्पादकों द्वारा दूध में पानी मिलाने और नकली दूध बनाकर बेचने जैसे हथकंडे अपना कर लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जाता रहा है। निरीह मूक पशुओं के साथ इससे भी अधिक घिनौना कृत्य करते हुए उन्हें आक्सीटोसिन नामक इंजेक्शन देकर उनका हार्मोन स्तर बढ़ाया जाता है, जिससे वे अधिक मात्रा में दूध देते हैं। लेकिन इस अनुचित व्यवहार से दूध की मात्रा भले ही बढ़ जाती हो, परपशुओं के स्वास्थ्य पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। वैज्ञानिकों के अनुसार आक्सीटोसिन के प्रयोग से पशुओं की मांसपेशियां ऐंठती हैं और उनको भयानक दर्द होता है। मनुष्यों के लिए भी इस प्रकार अप्राकृतिक रूप से प्राप्त दूध हानिकारक होता है। इससे बच्चों में हार्मोनल परिवर्तन और पशुओं में बांझपन जैसी समस्याएं बढ़ रही है। वैसे तो आक्सीटोसिन पर समय-समय पर प्रतिबंध की घोषणा हुई, लेकिन इसे जमीनी स्तर पर लागू नहीं किया गया। पशुओं के साथ हो रही इस क्रूरता पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। दिल्ली उच्च न्यायालय ने इसे मवेशियों से क्रूरता माना है। उम्मीद है कि इस फैसले के बाद देश भर में आक्सीटोसिन के मवेशियों में अनुचित प्रयोग पर लगाम लगेगी।

**- रामबाबू सोनी**, इंदौर

### मायावती का फैसला

**बसपा सुप्रीमो** मायावती अपने घोषित उत्तराधिकारी एवं राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद को सभी जिम्मेदारियों से मुक्त करने का फैसला किया। इसने मीडिया में हलचल मचा दी है। सोशल मीडिया पर बहनजी के इस कदम से बहुजन समाज के युवाओं में रोष भी दिखाई दिया है। आकाश आनंद दरअसल बेहद आक्रामक शैली में भाषण दे रहे थे। ऐसी ही एक रैली में विरोधियों को जूते मारने जैसे भाषण पर एफआईआर हो गई थी। लगता है कि सीतापुर की रैली में दिए भाषण ने मायावती को नाराज कर दिया था। लोकसभा चुनाव में मतदान के तीन चरण के बाद ऐसा फैसला निश्चित रूप से आश्चर्यजनक है। इससे बसपा सुप्रीमो के मन में पैदा भय भी प्रकट होता है जो समाज के किसी भी हिस्से को नाराज नहीं करना चाहती हैं। हालांकि, आकाश आनन्द की टिप्पणी भाजपाइयों के प्रति थी और निर्वाचन आयोग ने इस पर अभी कोई कार्रवाई भी नहीं की थी। लेकिन मायावती अपनी पार्टी का भविष्य संवारने के लिए फूंक-फूंक कर कदम रख रही हैं। देखना होगा कि इसका बसपा कार्यकर्ताओं के मनोबल पर क्या असर होगा।

**- वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# 12वीं में 78.56 प्रतिशत एवं दसवीं में 64.80 प्रतिशत परीक्षार्थी हुए सफल

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के द्वारा बोर्ड परीक्षा के घोषित किए गए परीक्षा परिणाम में बेमेतरा शिक्षा जिला के अंतर्गत कक्षा दसवीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित हुए हैं बेमेतरा शिक्षा जिला के अंतर्गत कक्षा 12वीं में 78.56 प्रतिशत तथा दसवीं में 64.80 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा। माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा जारी किए गए परीक्षा परिणाम वेबसाइट के अनुसार बेमेतरा जिले के कक्षा 12वीं में वर्ष 2023 24 में कुल 8883 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें से 8830 परीक्षा में छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए शिक्षा मंडल के द्वारा 8830 परीक्षार्थियों के घोषित किए गए जिसमें 2420 परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी में तथा 3960 द्वितीय श्रेणी में, 557 परीक्षार्थी तृतीय श्रेणी में एवं 954 परीक्षार्थी पूरक है इस तरह से इस परीक्षा में बेमेतरा जिले में 939 छात्र-छात्राएं फेल हो गए कुल 6937 परीक्षार्थी कक्षा 12वीं में उत्तीर्ण हुए हैं जिसका 78.56 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा। इसी तरह माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा कक्षा दसवीं का वेबसाइट में परीक्षा परिणाम गुरुवार को घोषित कर दिया है इस साल बेमेतरा शैक्षणिक जिला में कक्षा दसवीं में कुल 14103 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए इसमें चार परीक्षार्थियों के परिणाम रोक गए हैं इस तरह से कुल 13921 परीक्षार्थी के परिणाम माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा घोषित किया गया है जिसमें 3357 परीक्षार्थी कक्षा दसवीं में प्रथम श्रेणी में पास हुए हैं, द्वितीय श्रेणी में 4869 परीक्षार्थी तथा तृतीय श्रेणी में 795 परीक्षार्थी सफल हुए एक परीक्षार्थी कृपा उत्तीर्ण है तथा 1176 परीक्षार्थी पूरक की श्रेणी में है कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम में 3723 परीक्षार्थी फेल हो गए इस तरह से टोटल 9022 परीक्षार्थी कक्षा दसवीं में सफल रहे इसका 64.80 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा।

## श्रेजल ध्रुवे प्रदेश के टॉप टेन में नौवें स्थान पर



माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के द्वारा घोषित 10 वीं के परीक्षा परिणाम में बेमेतरा की ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल में अध्यनरत श्रेजल धुर्वे पिता संतोष कुमार ध्रुवे ने प्रदेश में टॉप टेन में नौवे स्थान पर 97.33 प्रतिशत हासिल किया है। नगर की ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल की कक्षा दसवीं में अध्यनरत श्रेजल धुर्वे ने बताया कि वह लगातार प्रतिदिन 5 से 6 घंटे तक पढ़ाई करती थी नगर पंचायत दाढ़ी के समीप स्थित ग्राम पेंड्री की रहने वाली श्रेजल ध्रुवे कक्षा छठवीं से ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल में अध्यनरत है वह भविष्य में प्रोफेसर बनना चाहती है श्रेजल के पापा शासकीय मिडिल स्कूल उमरिया में टीचर है तथा मम्मी योगेश्वरी धुर्वे हाई स्कूल ओड़िया में शिक्षिका है श्रेजल ने बताया कि सोशल मीडिया में पढ़ाई के दौरान ब्रेक लेकर पढ़ाई से संबंधित यूट्यूब में जानकारी लेकर प्रतिदिन पढ़ाई करती थी जिससे पढ़ाई पूरी हो जाती थी बताया कि फेसबुक इंस्टाग्राम वह नहीं चलाती है। श्रेजल का कहना है कि साइंस और मैथ्स दो सब्जेक्ट इन्हें कठिन लगता था इसके लिए उन्होंने निजी कोचिंग में दो माह की पढ़ाई की है तथा मैथ्स सब्जेक्ट प्रेक्टिस करके पढ़ाई कर लिए इसके अलावा साइंस को लिखकर देखते थे जिससे सब्जेक्ट में आने वाले एम सी कीयू पी (वैकल्पिक प्रश्न) को हल करने में सहूलियत मिल गई। उनकी एक छोटी बहन अपेक्षा धुर्वे है जो कक्षा 7 वी में पढ़ाई करेगी। ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल की प्राचार्या अलका तिवारी ने बताया कि स्कूल में टॉप टेन में आने वाले छात्र-छात्राओं की पढ़ाई 11वीं एवं 12वीं दो वर्ष का फ्री कर दिया जाता है। स्कूल की टॉप टेन में आने वाले बच्चों को 21000 का प्रोत्साहन राशि भी स्कूल की तरफ से प्रदाय किया जाता है।

## दसवीं बोर्ड परीक्षा प्रावीण्यता सूची में दसवां स्थान प्राप्त कर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुम्हारी की छात्रा ने नगर को गौरवान्वित किया

पायनियर संवाददाता ∢ कुम्हारी
www.dailypioneer.com




स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुम्हारी की छात्रा रिया साहू पिता राकेश साहू ने अपने परिश्रम से अपनी प्रतिभा का अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ दसवीं बोर्ड परीक्षा सत्र 2023-24 में सभी विषयों में विशिष्टता प्राप्त करते हुए 583 अंक बटोरे और 97.17 प्रतिशत के साथ प्रवीण्य सूची में दसवां स्थान प्राप्त किया। रिया साहू के पिता राकेश साहू मोटर साइकिल मैकेनिक का कार्य करते हैं जो स्वयं भी 12वीं तक शिक्षित हैं उन्होंने अपनी पुत्री को पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हुए परीक्षा के भय को दूर करने का भरपूर प्रयास किया समय-समय पर रिया को मार्गदर्शन देते रहे जिसके परिणाम स्वरूप रिया साहू ने प्रावीण्यता सूची में अपना नाम दर्ज करा कर परिवार का नाम उज्वल कर दिया। ज्ञात हो कि इस क्रम में रिया ने किसी प्रकार का कोई ट्यूशन या कोचिंग नहीं लिया, घर पर ही पढ़ाई की। पायनियर से बात करते हुए रिया ने बताया कि वह अपनी परीक्षा तैयारी में प्रतिदिन चार से पांच घंटे तक पढ़ा करती थी एवं जैसे-जैसे परीक्षा समीप आने लगी तो यह समय प्रतिदिन 6 से 7 घंटे का हो गया उसने कहा कि मुझे सभी विषय प्रिय लगते हैं किंतु गणित और विज्ञान विशेष प्रिय विषय हैं आगे वह गणित विषय लेकर पढ़ाई करते हुए जे ई ई, आई आई टी की परीक्षा उत्तीर्ण करना चाहती है। इसमें सफलता न मिलने पर वह यूपीएससी की भी तैयारी करेगी। उसने यह भी कहा कि जब हम किसी लक्ष्य को लेकर परिश्रम करते हैं तो उसका हमें परिणाम सुखद मिलता है क्योंकि हम उसके प्रति गंभीरता से मन लगाकर आगे बढ़ते हैं पढ़ाई करते हैं हर छात्र को अपना लक्ष्य निर्धारित कर लेना चाहिए। प्राचार्या लता रघुराम ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि सभी शिक्षक शिक्षकों के संयुक्त प्रयास और परिश्रम का प्रतिफल है। रिया पढ़ाई में तीक्ष्ण बुद्धि है और वह सदैव प्रथम स्थान प्राप्त करती चली आ रही है, उसे एन एम एम एस सी के अंतर्गत छात्र वृत्ति भी प्राप्त हो रही है। उन्होंने सभी सफल छात्रों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी तथा उन सभी छात्रों को भी भविष्य में ऐसे ही परिश्रम से अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की प्रेरणा दी। उन्होंने अत्यंत प्रसन्नता से भरे लहजे में बताया कि रिया साहू के पिता राकेश साहू भी उनके पूर्व छात्र रह चुके हैं जिन्हें उन्होंने पढ़ाया है। रिया के माता-पिता से बातचीत के दौरान प्रश्न पूछने पर उन्होंने बताया कि रिया बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि की छात्रा रही है वह हमेशा प्रथम स्थान पर परीक्षा पास करती रही है यह पूछे जाने पर की आप उसे भविष्य में क्या बनाना चाहते हैं तो माता-पिता दोनों ने कहा कि हम रिया की इच्छा और उसके रुझान को प्राथमिकता देंगे वह जिस विषय को चुनना चाहेगी हम उसका समर्थन करते हुए उसकी मदद करने का भरपूर प्रयास करेंगे ताकि वह अपने लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सके। रिया साहू की सफ लतापूर्ण उपलब्धि से न केवल परिवारजन अपितु विद्यालय और समस्त नगर गौरवान्वित हुआ है। विद्यालय प्रबंधन, गुरू जनों, नगर वासियों ने रिया साहू को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं तथा उनके माता-पिता को हार्दिक बधाई दी।

## मतदान कर्मी की सड़क दुर्घटना में मृत्यु ईवीएम जमाकर लौट रही थी अपने घर

पायनियर संवाददाता ∢ कुम्हारी
www.dailypioneer.com





एक महिला मतदानकर्मी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। मृतका की ड्यूटी भिलाई के वैशाली नगर मतदान केंद्र क्रमांक 205 में लगी थी। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक महिला मतदानकर्मी मधु बंजारे (45 वर्ष) शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गिरहोला में व्याख्याता के पद पर कार्यरत थी। उसकी चुनावी ड्यूटी वैशाली नगर विधानसभा में लगी थी। मधु ने 7 मई को पूरा दिन मतदान का कार्य कराने के बाद अपने सहकर्मियों के साथ मत पेटियों (ई वी एम) को स्ट्रांग रूम में जमा कराया। इसके पश्चात प्रातः वह अपने घर कोटा रायपुर जाने के लिए अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 पीजी 6595 से निकली प्रातः करीब 6 बजे कुम्हारी के ओव्हर ब्रिज के पास दिशा सूचक बोर्ड के खंभे से टकराई और मृतका का सिर खंभे से टकरा गया इससे वह बुरी तरह घायल हो गई। आसपास के लोगों ने उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां से डॉक्टरों ने उसे स्वस्थ्य केंद्र कुम्हारी रेफर कर दिया। प्राथमिक जांच के उपरांत डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना कुम्हारी द्वारा धारा 304 ए के तहत मर्ग कायम कर मृतका को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## ब्राह्मण समाज भवन में परशुराम जी प्रकाट्य उत्सव का आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com




स्थानीय श्रमवीर चौक के समीप स्थित ब्राह्मण समाज भवन दल्लीराजहरा में 10 मई को वैशाख शुक्ल पक्ष (अक्षय तृतीया) के पावन अवसर पर प्रातः 10 बजे से ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान परशुराम जी की प्रकाट्य उत्सव पर वैदिक विधि विधान से पूजा-अर्चना हवन, आरती एवं सुंदरकांड का पाठ तथा दोपहर 1:00 बजे से महाप्रसाद व भोजन का कार्यक्रम रखा गया है। ब्राह्मण समाज के समस्त सदस्यों से निवेदन है कि सहपरिवार भगवान परशुराम जी के प्रकाट्य उत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में गरिमामय उपस्थिति प्रदान कर कार्यक्रम को सफल बनाएं। उपरोक्त जानकारी ब्राह्मण समाज अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी की ओर से ब्राह्मण समाज प्रवक्ता कमल शर्मा ने दी है।

## समाधान महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों ने मतदान के दौरान की उल्लेखनीय समाज सेवा

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



समाधान महाविद्यालय के स्वयं सेवकों ने 7 मई को आयोजित लोकसभा चुनाव में जिला प्रशासन द्वारा बनाए गये विभिन्न मतदान केन्द्रों में उल्लेखनीय समाज सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया। यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय के एन.एस.एस. अधिकारी राजेश गजपाल ने बताया कि मतदान तिथि के पूर्व जिला के कलेक्टर द्वारा निर्देश दिया गया था कि लोकसभा चुनाव के मतदान महापर्व पर मत देने वाले वृध्दजनों, अस्वस्थ एवं अन्य मतदाताओं को हर संभव सहायता प्रदान करें। उक्त निर्देश का पालन करते एन.एस.एस. विद्यार्थियों को निर्देश दिया गया था कि वह अपनी सेवाएं प्रदान करें। इसी के परिपालन में 7 मई को बेमेतरा के मतदान केन्द्रों में एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने मतदान करने आने वाले आशक्त एवं वृद्ध जनों को व्हीलचेयर की सहायता से मतदान केंद्र तक पहुंचाया तथा स्वच्छ पेय जल उपलब्ध कराया, साथ ही मतदान केंद्र में आने वाले वृद्ध एवं कमजोर व्यक्तियों को परिवार के सदस्यों की तरह सहारा देकर मतदान केंद्र तक पहुंचाया एवं मतदान पश्चात उन्हें वापस उनके वाहनों तक पहुंचाया जिलाधीश ने एन.एस.एस स्वयंसेवकों द्वारा मतदान केन्द्रों में प्रदर्शित सहयोग की भावना की प्रशंसा की एवं कहा कि इन स्वयं सेवकों ने एन.एस.एस. की मूलभूत भावना को चरितार्थ किया है साथ महाविद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ ने स्वयं सेवकों के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की।

## कृषि महाविद्यालय और अनुसंधान केंद्र में मनाया गया विश्व रेड क्रॉस दिवस

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




रेवेंद्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय और अनुसंधान केंद्र, ढोलिया, बेमेतरा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 8 मई 2024 को विश्व रेड क्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में छात्र एवं छात्राओं में शांति और सौहार्द को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. संदीप भण्डारकर ने किया। अधिष्ठाता ने छात्र एवं छात्राओं को विस्तृत जानकारी दी उन्होंने कहा कि विश्व रेड क्रॉस दिवस हर साल 8 मई को मनाया जाता है, जो इंटरनेशनल रेड क्रॉस और रेड क्रिसेंट मूवमेंट के संस्थापक हेनरी ड्यूनांट के जन्मदिन को दर्शाता है। हेनरी ड्यूनांट की दृष्टि ने दुनिया में एक ऐसी संस्था की नींव रखी जिसका उद्देश्य युद्ध और प्राकृतिक आपदाओं के समय में पीड़ित मानवता की सेवा करना है। आज के दिन हम उन सभी स्वयंसेवकों और कर्मचारियों का सम्मान करते हैं, जिन्होंने अपने जीवन को दूसरों की मदद करने में समर्पित कर दिया है। वे न केवल आपदा के समय में मदद करते हैं बल्कि शिक्षा, प्रथम चिकित्सा प्रशिक्षण, स्वास्थ्य सेवाएँ, और अधिक प्रदान करते हैं ताकि समुदायों को मजबूत बनाया जा सके। यह दिन हमें याद दिलाता है कि हर एक व्यक्ति के अंदर सेवा और समर्पण की भावना को जगाना ज़रूरी है। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. साक्षी बजाज ने अधिष्ठाता को समस्त महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी और छात्र एवं छात्राओं की तरफ से धन्यवाद ज्ञापित किया और छात्र एवं छात्राओं को संबोधित कर कहा कि अगर हमे अपने घर, परिवार, गांव, शहर, देश, विदेश में शांति बनाए रखना है तो मानवता को जीवित रखना जरुरी है इस अवसर पर, कॉलेज के प्राध्यापक और अधिकारी डॉ. के पी वर्मा, इन. डॉ टी डी साहू, उमेश कुमार ध्रुव, डॉ. असित कुमार पाण्डेय, कुंती बंजारे, डॉ. हेमलता निराला, डॉ. प्रीती पैंकरा, डॉ. भारती बघेल, प्रतिभा सिंह, एस आर साहू, स्वेता अग्रवाल, पति राम साहू, राजेश वर्मन, रीना कुर्रे, चन्द्र शेखर ठाकुर एवं महाविद्यालय के प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय वर्ष के छात्र एवं छात्राओं ने उपथिति दर्ज कर विश्व रेड क्रॉस दिवस कार्यक्रम को सफ्ल बनाया।

## जिला अस्पताल में मनाया गया विश्व रेडक्रॉस दिवस

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




कलेक्टर सह-अध्यक्ष जिला रेडक्रास सोसायटी बेमेतरा रणवीर शर्मा के मार्गदर्शन मे जिला अस्पताल बेमेतरा मे विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ चुरेन्द्र ने रेडक्रॉस के उद्देश्य की जानकारी दी और निस्वार्थ मानव सेवा के लिए जागरूक किया। जिला संगठक रेडक्रॉस उपेंद्र सेंगर ने बताया कि दुनिया भर के लोग हर साल 8 मई को साथ मिलकर विश्व रेड क्रॉस दिवस मनाते हैं। यह खास दिन अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस आंदोलन के अहम विचारों की सराहना करने के लिए दुनिया भर में कार्यक्रम बन गया है। हम इस दिन का उपयोग हेनरी डुनेंट को याद करने के लिए करते हैं। उन्होंने रेड क्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति की शुरुआत की। वह नोबेल शांति पुरस्कार जीतने वाले पहले व्यक्ति थे।

**विश्व रेड क्रॉस दिवस 2024 की थीम :** हर साल, इस विश्व रेड क्रॉस दिवस की एक खास थीम होती है। इस दिन हर किसी को शांति के लिए कुछ अच्छा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। विश्व रेड क्रॉस दिवस 2024 की थीम है I give with joy, and the joy I give is a reward. यानी मैं खुशी के साथ देता हूं, और जो खुशी मैं देता हूं वह एक इनाम है। इस थीम में मानवीय कामों में लगे रहने और रेड क्रॉस के मिशन का समर्थन करने से आने वाले खुशियों और पुरस्कार पर फोकस डाला गया है।

**रेड क्रॉस मूवमेंट के मानवीय मूल्य :** यह खास दिन लोगों को उदारता, सहानुभूति और निस्वार्थता की भावना को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है. रेड क्रॉस के मानवीय प्रयासों के केंद्र में यह लक्ष्य है। यह खास अवसर रेड क्रॉस मूवमेंट के बेहद मानवीय मूल्यों और गतिविधियों को सामने लाने के लिए काम करता है। रेड क्रॉस संगठन दुनिया भर में तमाम तरह की प्राकृतिक आपदाओं, सशस्त्र संघर्षों और बाकी संकटों से प्रभावित लोगों को राहत और मदद पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाते हैं।

**विश्व रेड क्रॉस दिवस का इतिहास :** विश्व रेड क्रॉस दिवस की शुरुआत प्रथम विश्व युद्ध के बाद की महत्वपूर्ण घटनाओं से हुई है। उस दौरान रेड क्रॉस ने शांति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। 1934 में टोक्यो में 15वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में रेड क्रॉस ट्रूस रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसमें संघर्षों के दौरान घायल सैनिकों की सुरक्षा के सिद्धांतों को सामने रखा गया था। हालांकि, इसे 1946 में द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान लागू किया गया था। इस प्रस्ताव के कारण रेड क्रॉस स्वयंसेवकों और कर्मचारियों के समर्पण और साहस को पहचानने के लिए 8 मई को हेनरी डुनेंट की जयंती का वार्षिक उत्सव मनाया गया था। तब से इस दिन को विश्व रेड क्रॉस दिवस के रूप में मनाया जाता है।

### पुलिस विभाग के संयुक्त टीम द्वारा बाल विवाह रोकवाया गया

## मूल निवास छोड़ नाना के घर हो रहा था बाल विवाह

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रणबीर शर्मा के आदेशानुसार जिले में बाल विवाह मुक्त करने हेतु संयुक्त टीम जिले में लगातार कार्यवाही कर रही है। इसी क्रम में 4 मई 2024 को चाइल्ड हेल्पलाईन न. 1098 जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग को विकासखण्ड बेमेतरा के ग्राम झालम, तहसील बेमेतरा की एक बालक एवं बालिका का बाल विवाह की जानकारी प्राप्त हुई थी, जानकारी के आधार पर चन्द्रबेश सिंह सिसोदिया जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं सी.पी. शर्मा महिला एवं बाल विकास अधिकारी के निर्देशानुसार जिला बाल संरक्षण अधिकारी व्योम श्रीवास्तव एवं खंडसरा परियोजना अधिकारी लीना दीवान के मार्गदर्शन में बाल विवाह के रोकथाम हेतु कार्यवाही की गयी। उक्त ग्राम में मालिया परिवार के एक बालक एवं पारधी परिवार के एक बालिका का बाल विवाह होने जा रहा था। बाल विवाह किये जाने की सूचना पर महिला एवं बाल विकास विभाग जिला बाल संरक्षण इकाई चाइल्ड हेल्पलाईन 1098 एवं पुलिस विभाग के संयुक्त टीम द्वारा बाल विवाह रोकवाया गया। शिकायत प्राप्त होने पर झालम में गालिया एवं पारधी परिवार में बाल विवाह रोकवाया गया। उक्त बालक का विवाह गाँव में ही अपने नाना के यहाँ आई बालिका (स्थाई निवासी गंगानगर कवर्धा कबीरधाम) से होने जा रहा था। सूचना के पश्चात टीम द्वारा बालक-बालिका के परिजनों के समक्ष कार्यवाही किया गया। बालक एवं बालिका के परिजनों के द्वारा निर्धारित आयु पूर्ण होने के उपरांत ही विवाह किये जाने हेतु अपनी सहमति प्रदान की गई तथा विवाह स्थगित करने की बात कही गई, युवक के परिजनों के कथन अनुसार हमें यह ज्ञात नहीं था कि वर्तमान में मौजूदा कानून के तहत् 18 वर्ष से कम आयु की बालिका एवं 21 वर्ष से कम आयु के बालक का विवाह गैर कानूनी है। गठित टीम में पर्यवेक्षक रूची ठाकुर, सा. कार्यकर्ता (सीडब्ल्यूसी प्र. नोडल अधिकारी) कृष्ण कुमार चंद्राकर, परियोजना समन्वयक राजेन्द्र प्रसाद चन्द्रवंशी, आरक्षक शिवकुमार, आउटरिच वर्कर अनिता सोनवानी, आ.बा. कार्यकर्ता दीपिका ध्रुव के द्वारा समझाईस दिये जाने पर वर पक्ष द्वारा उक्त बालक का विवाह वर्तमान में मौजूदा कानून के तहत् विवाह किये जाने की शपथपूर्वक कथन किया गया। संयुक्त टीम द्वारा उन्हे बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 में उल्लेखित प्रावधानों के बारे में बताया गया कि निर्धारित आयु पूर्ण होने के पूर्व विवाह करवाना अपराध है, बाल विवाह कराने वाले सभी सेवा प्रदाताओं पर भी कानूनी कार्यवाही की जा सकती है।

## श्री आदि शंकराचार्य विद्यापीठ एवं द्वादश ज्योतिर्लिंग भूमि पूजन महोत्सव

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



परम दिव्य श्री शिवनाथ नदी के पावन तट पर स्थित ग्राम बरघाट में विशाल श्री आदि शंकराचार्य विद्यापीठ का भूमि पूजन समारोह एवं यज्ञशाला, श्री विश्वंभर गौशाला, वैदिक वाचनालय आदि का भूमि पुजन अक्षय तृतीया 10 मई प्रातः 9:00 बजे से 12:00 बजे के बीच समायोजित है। जिसमें अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री दयाल दास बघेल एवं बेमेतरा विधायक दीपेश साहू एवं साजा विधायक ईश्वर साहू संरक्षक मंडल आचार्य बलदेव प्रसाद शास्त्री, आचार्य प्रमोद शास्त्री संस्थापक मानव कल्याण आश्रम करपात्री गौशाला, आचार्य झम्मन शास्त्री राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धर्म संघ पीठ परिषद् एवं बेमेतरा से अवधेश सिंह चंदेल योगेश तिवारी ज़िला अध्यक्ष प्रकाश जोशी राजेंद्र शर्मा पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा मोंटी साहू राजेश शर्मा राकेश मोहन निलू राजपूत शर्मा विकाश तम्बोली हर्ष तिवारी धर्मेंद्र साहू युगल देवागन लेखन यादव अभिषेक शर्मा थुकेन साहू शिवराज सिंह निषाद रामेश्वर निषाद संतोष साहू बिमला जनपद सदस्य दरबारी साहू निषाद किशन यादव रमेश यादव खेलावन साहू टिकेश्वर साहू संतोष शेन भगवती निर्मलकर मनीष शर्मा मनहरन यदु रहेंगे।

# झाड़ियों में घास से ढकी मिली थी युवती की लाश, 10 दिन बाद भी नहीं हुई पहचान, पीएम रिपोर्ट का इंतजार

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

## घरघोड़ा थाना क्षेत्र का मामला



घरघोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत बाईपास के नजदीक सड़क किनारे 29 अप्रैल को युवती की लाश मिली थी। जिसकी पहचान 10 दिन बीत जाने के बाद भी नहीं हो पाई है, घरघोड़ा पुलिस द्वारा आसपास के क्षेत्र में मुनादी कराई गई, वही सोशल मीडिया के जरिए युवती की तस्वीर साझा कर पहचान करने की कोशिश लगातार हुई। हालांकि, पुलिस के तमाम कोशिशों के बाद भी मृतिका की पहचान नहीं हो पाई। पहचान नहीं होने के बाद बॉडी को डिस्पोज कर दिया गया है। युवती के कपड़े सहित शरीर में पहने हुए अन्य चीजों को शिनाख्त हेतू रखा गया है।

### पीएम रिपोर्ट का इंतजार

युवती की लाश को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया था, लेकिन अभी तक पोस्टमार्टम की रिपोर्ट नहीं आई है। फिलहाल पुलिस भी पीएम रिपोर्ट के इंतजार में है। पीएम रिपोर्ट नहीं आने पर मामला अभी भी स्पष्ट नही हो पाया है। लेकिन प्रथम दृष्टिया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है।

### रेप के बाद हत्या की आशंका

युवती की लाश सड़क के किनारे झाड़ियों में पड़ी थी, लाश को छिपाने के उद्देश्य से घास से ढकने की कोशिश भी हुई है। जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि ड्राइवर या किसी अन्य व्यक्ति के द्वारा लड़की के साथ सुनसान जगह पर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया होगा, जिसके बाद उसकी हत्या कर शव को सड़क किनारे ठिकाना लगाया गया। लड़की की लाश उक्त जगह पर कहां से आई और किसने लाकर छोड़ा है। यह अभी भी रहस्य बना हुआ है। अभी तक युवती की पहचान भी नहीं हो पाई है। घरघोड़ा पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### 10 दिन बाद भी नही हो पाई पहचान

ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत भेंडरा के सीमा से लगे बायपास में भेंडरा जाने वाली सड़क के किनारे लड़की की लाश को 29 अप्रैल की सुबह देखा गया। इसके बाद कोटवार और गांव के सरपंच द्वारा मामले की जानकारी पुलिस को दी गई थी।
युवती की उम्र लगभग 20 से 25 वर्ष बताई जा रही थी। मृतिका हरे रंग की कुर्ती और काले रंग की लेगिंस पहनी हुई है और गले मे आर्टिफिशियल मंगलसूत्र पैरो में पायल है। वही लड़की के बाएं हाथ में राजू का नाम लिखा हुआ टैटू भी बना था।

### क्या कहते है थाना प्रभारी

मृतिका की पहचान नहीं हो पाई है, पीएम रिपोर्ट भी नहीं आई है। लड़की के हाथ में राजू नाम का टैटू बना हुआ है। जांच चल रही है।

# 20 दिवसीय नि:शुल्क कैरियर मार्गदर्शन शिविर चांपा में 13 मई से

## 12 वीं कक्षा के बाद कैरियर की संभावनाओं को लेकर मार्गदर्शन

पायनियर संवाददाता ◄ चांपा
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की 12वीं की रिज़ल्ट घोषित होने के बाद और कुछ ही दिनों में सीबीएससी 12 वीं का रिजल्ट भी आ जायेगा। ऐसे में छात्र/छात्राओं का अपने कैरियर को लेकर चिंता भी होने लगी है कि 12वीं पास होने के बाद वे किस सब्जेक्ट में आगे की पढ़ाई करें ताकि उन्हें आसानी से अच्छी जॉब मिल सके और वे अपने भविष्य को सुरक्षित कर सकें। छात्र-छात्राओं के लिए ये एक ऐसा समय होता है जहां फील्ड चयन करने में जरा भी लापरवाही हुई या गलत निर्णय लिए तो पूरा का पूरा कैरियर तबाह हो जाता है। छात्र-छात्राओं को ऐसे समय मे उनके रूचि और बेहतर कैरियर के लिये मार्गदर्शन देने के उद्देश्य से शान्ति देवी गुप्ता सेवा समिति और डॉ. सी.वी.रमन विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क कैरियर मार्गदर्शन की शुरूआत आइसेक्ट कंप्यूटर कॉलेज, हमर चांपा चौक, लच्छीबन्ध तालाब के किनारे कोरवा पारा चांपा में की जा रही है जिसका शुभारंभ 13 मई 2024 सोमवार को सुबह 10 बजे से की जावेगी। जो की लगातार 5 जून 2024 तक चलेगा। मार्गदर्शन हेतु प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे के बीच संस्था में आकर संपर्क किया जा सकता है।
उक्त निःशुल्क कैरियर मार्गदर्शन हेतु संस्थान में कॉलेज के बाहर अलग से डेस्क स्थापित किया गया है जहां 12वीं पास होने के बाद के विभिन्न क्षेत्रों में कैरियर की सम्भावनाओं के बारे में उचित मार्गदर्शन दिया जावेगा ताकि बाद में उन्हें अपने कैरियर और रोजगार को लेकर परेशानी न हो और वे सही विकल्प का चयन अपने रुचि के अनुसार कर सकें।इस सम्बंध में समन्वयक मूलचन्द गुप्ता ने बताया कि इस तरह की निःशुल्क कैरियर मार्गदर्शन अवश्य ही विद्यार्थियों के लिए सहायक सिद्ध होगा और वे सही कैरियर ऑप्शन का चयन कर पायेंगे।
अतः ऐसे समस्त छात्र/छात्राएं जो शहरी या ग्रामीण क्षेत्रों से हैं इस निःशुल्क मार्गदर्शन शिविर में जाकर अवश्य लाभ लेना चाहिये।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्वाचन में सहभागिता देने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, संगठनों और मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया

## यह प्रदेश में अब तक हुए लोकसभा चुनावों में सबसे ज्यादा

- मतदान प्रतिशत में हुई 1.31 प्रतिशत की बढ़ोतरी, कुल 72.8 प्रतिशत मतदान

पायनियर संवाददाता ◄ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने प्रदेश में लोकसभा आम निर्वाचन-2024 में अपनी सहभागिता प्रदान करने वाले सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, शासकीय एवं अशासकीय संगठनों, लोकसेवी संस्थाओं और मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग किया और लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी सहभागिता दी। उन्होंने निर्वाचन कार्य में संलग्न एवं नियोजित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। कंगाले ने केन्द्रीय सुरक्षा बलों और राज्य पुलिस बल के प्रति भी आभार व्यक्त किया है जिन्होंने स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन कराने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। उन्होंने प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया के सभी पत्रकारों के प्रति आभार व्यक्त किया जिन्होंने आम निर्वाचन के दौरान निर्वाचन से संबंधित महत्वपूर्ण दिशा-निर्देशों एवं निर्वाचन गतिविधियों के प्रभावी प्रचार-प्रसार के साथ ही मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित किया।
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कंगाले ने मतदाताओं को जागरुक और मतदान के लिए प्रेरित करने वाले सभी लोगों, शासकीय एवं गैर शासकीय प्रतिभागियों, विभिन्न लोक सेवी संस्थाओं और संगठनों के प्रति भी आभार व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में इस बार लोकसभा चुनाव के मतदान प्रतिशत में 1.31 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। प्रदेश में लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के लिए तीन चरणों में हुए मतदान में यहां के कुल 72.8 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यह प्रदेश में हुए अब तक के लोकसभा चुनावों में मतदान का सर्वाधिक प्रतिशत है।

# 12वीं बोर्ड परीक्षा में विवेक राठौर ने 79.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बढ़ाया जिले का मान

पायनियर संवाददाता ◄ चांपा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (सीजी बोर्ड) ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं। परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद सफल विद्यार्थियों में जहां प्रसन्नता का माहौल है तो वही असफल विद्यार्थियों में मायूसी भी देखी जा रही है। इन सब के बीच जिला मुख्यालय जांजगीर के कचहरी चौक में संचालित नरसिम्हा ऑटो पार्ट्स के संचालक प्रभात राठौर के सुपुत्र विवेक राठौर ने कक्षा 12वीं की परीक्षा में 79.4 फीसदी अंक प्राप्त कर जिले का मान बढ़ाया है। बता दें कि वाणिज्य संकाय के छात्र विवेक राठौर, जिला मुख्यालय जांजगीर में ही संचालित आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय के छात्र हैं, जिन्होंने कड़ी मेहनत कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की है।

## नहर किनारे झाड़ियों में मिली सड़ी-गली लाश

**बिलासपुर।** बिलासपुर में नहर किनारे झाड़ियों के बीच एक अधेड़ की लाश मिली है। लाश पुरानी होने की वजह से कीड़े लग गए थे और बदबू फैल रही थी। आशंका है कि उसकी हत्या कर शव को झाड़ियों के बीच फेंक दिया गया होगा। पूरा मामला पचपेड़ी थाना क्षेत्र का है। मंगलवार को ग्राम भरारी स्थित जंगल में नहर किनारे एक लाश पड़ी थी। आसपास के लोगों को जब बदबू आई, तब इसका पता चला। लोगों ने शव को देखकर पुलिस को जानकारी दी। खबर मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मिली जानकारी के मुताबिक शव दो से तीन दिन पुराना है और उसमें कीड़े लगने लगे थे। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर उसकी पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। लोगों का कहना है कि मृतक आसपास के गांव का नहीं है। ऐसे में आशंका है कि उसकी हत्या कर शव को ठिकाने लगाने के लिए झाड़ियों के बीच फेंक दिया गया होगा। मृतक की उम्र करीब 50 साल बताई जा रही है। पुलिस आसपास के थानों से गुम इंसान की जानकारी जुटाकर पहचान करने की कोशिश में जुट गई है।

# एनटीपीसी लारा पर्यावरण संरक्षण के लिए आपेक्ष इंडिया अवार्ड से पुरस्कृत

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com




एनटीपीसी लारा स्टेशन को एपेक्स इंडिया फाउंडेशन द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए किए गए प्रयासों के लिए डायमंड अवार्ड से सम्मानित किया गया है। थर्मल पावर स्टेशनों द्वारा पर्यावरण संरक्षण श्रेणी में, एनटीपीसी लारा पिछले तीन वर्षों से लगातार यह पुरस्कार प्राप्त करने वाला एकमात्र स्टेशन है। उल्लेखनीय है कि एनटीपीसी लारा स्टेशन पर्यावरण अनुकूल सुपर क्रिटिकल तकनीक से सुसज्जित है। इसकी दक्षता अन्य सबक्रिटिकल प्लांट से 40.5 प्रतिशत ज्यादा दक्षता सम्पन्न है। उच्च दक्षता सम्पन्न होने के कारण इस संयंत्र को बिजली उत्पादन के लिए कम कोयले की आवश्यकता होती है। कोयले की कम खपत के साथ यह संयंत्र पारंपरिक संयंत्रों की तुलना में कम ग्रीनहाउस गैसें उत्पन्न करता है और राख उत्सर्जन भी कम होता है। नई तकनीक के अलावा, एनटीपीसी लारा पर्यावरण संरक्षण के लिए विभिन्न उपाय करता है। मियावाकी तकनीक के साथ वनीकरण, मैत्री नगर टाउनशिप और आसपास के गांवों के खुले क्षेत्रों में लागू किया गया है। विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों द्वारा जल संरक्षण और जल निकायों के विकास का ध्यान रखा जाता है। ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र अखिलेश सिंह, एचओपी (लारा) को सौंपा गया, इस मौके पर राजीव रंजन, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), एसके सिन्हा, अपर महाप्रबंधक (प्रचालन), सुधीर दहिया, अपर महाप्रबंधक (पर्यावरण प्रबंधन) और जाकिर खान, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) की उपस्थिति रही।

# जिले के दो विद्यार्थी स्टेट टॉपर, छत्तीसगढ़ स्टेट बोर्ड की मेरिट सूची में शक्ति जिले के दो विद्यार्थियों ने बनाया अपना स्थान

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के 9 मई को घोषित परीक्षा परिणामो में शक्ति जिले के बच्चों ने एक बार फिर से मेरिट सूची में स्थान बनाया है,शक्ति शहर के अनुनय कान्वेंट स्कूल के बच्चों ने जहां पिछले वर्ष भी स्टेट की मेरिट सूची में अपना स्थान बनाया था,तो वहीं इस वर्ष भी शक्ति के अनुनय कॉन्वेंट स्कूल के कक्षा दसवीं के छात्र राहुल कुमार गबेल पिता राजेश कुमार गबेल माता रोशनी गबेल ने दसवां स्थान हासिल किया है, वहीं डभरा ब्लॉक के कामधेनु पब्लिक स्कूल तुलसीडीह की छात्रा कुमारी जानहवी पटेल पिता रामनारायण पटेल माता मंजू पटेल ने 97.83 प्रतिशत अंक अर्जित कर छटवां स्थान बनाया है, तथा शक्ति जिले के दो विद्यार्थियों की स्टेट मेरिट सूची में स्थान मिलने पर शक्ति जिले के कलेक्टर आईएएस अनृत विकास टोपनो, शक्ति जिले की आईपीएस पुलिस अधीक्षक अंकित शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार चंद्रा, सहायक जिला सांख्यिकी अधिकारी राकेश अग्रवाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कामता प्रसाद राठौर सहित शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं प्रेषित की है, साथ ही स्टेट मेरिट सूची के अलावा जिले में भी टॉपर रहने वाले बच्चों को भी सफलता की बधाई दी गई है, वहीं दोनों ही विद्यार्थियों की दसवी कक्षा की स्टेट मेरिट सूची में स्थान मिलने पर शक्ति के अनुनय कॉन्वेंट स्कूल के अध्यक्ष योगेश साहू ने कहा है की शक्ति के अनुनय कॉन्वेंट स्कूल विगत वर्ष भी स्टेट मेरिट सूची में अपना स्थान बनाया था, तथा इस वर्ष पुनः इस विद्यालय की बड़ी सफलता रही है। तथा योगेश साहू ने राहुल कुमार गबेल को पूरे विद्यालय प्रबंधन की ओर से बधाई शुभकामनाएं दी है।

# जियो मोबाइल नेटवर्क की सर्विस रूला रही शहर वासियों को शहर के अनेकों क्षेत्र में काम नहीं करता जिओ का नेटवर्क

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com




शहर में एक समय था जब रिलायंस कंपनी ने मोबाइल की सेवा में अपना कदम रखा तथा रिलायंस कंपनी की सेवाएं लगभग हर नागरिक ने ली बाद में रिलायंस को जिओ में तब्दील कर दिया गया, तथा आज भी शहर में देखा जाए तो जिओ कंपनी के ही सर्वाधिक ग्राहक हैं, किंतु इन ग्राहकों की तुलना में जिओ कंपनी की नेटवर्किंग सेवा बिल्कुल कमजोर हो चुकी है, तथा आवश्यकता अनुरूप ग्राहकों की संख्या को देखते हुए जिस तरह से जियो के मोबाइल टावर लगने चाहिए वह नहीं लग पा रहे हैं, जिसके चलते शक्ति शहर के रेलवे स्टेशन सहित अनेको क्षेत्र ऐसे हैं जहां जिओ की सेवा बिल्कुल मृतप्राय पड़ी हुई है, तथा मोबाइल में नेट चलता नहीं, कॉलिंग सिस्टम में लोगों से बात नही हो पाती है,पहले मोबाइल के उपभोक्ता एक कहावत कहा करते थे जो की जन चर्चा में बनी हुई थी कि बीएसएनएल मोबाइल की नेटवर्किंग सेवा मतलब- भीतर से नहीं लगता एवं बाहर से नहीं लगता, ऐसा चर्चाओं में था, किंतु ऐसा लगता है कि यही कहावत जिओ कंपनी की नेटवर्किंग सेवाओं पर लागू हो सकती है।
तथा न जाने क्यों जिओ कंपनी शहर के उपभोक्ताओं के साथ ऐसा पक्षपात क्यों कर रही है, तथा शहर में और भी अनेकों कंपनियों की नेटवर्किंग मोबाइल सेवाएं हैं, किंतु अधिकांशतः ग्राहकों ने जब जिओ कंपनी को अपनाया है तो उस कंपनी की जिम्मेदारी बनती है कि ग्राहकों को बेहतर सेवाएं दें तथा समय-समय पर जिओ कंपनी के ग्राहक कंपनी को विभिन्न माध्यमों से सेवाएं बेहतर बनाने अवगत भी कराते हैं, किंतु न जाने क्यों जिओ कंपनी के क्षेत्रीय अधिकारीयो के कानों में जूं भी नहीं रेंगती तथा ऐसा लगता है कि जिओ कंपनी के क्षेत्रीय अधिकारी भी दूसरी कंपनी के मोबाइल नेटवर्किंग सेवाओं से सेटिंग कर चल रहे हैं, जिसके चलते जिओ की सर्विस को दिन प्रतिदिन बेहतर बनाने की बजाय उसे कमजोर कर दिया गया है।

# आटो चालक बेटी प्रिया साहू ने टॉप टेन में स्थान बनाया, इंजीनियर बनना चाहती है

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



शहर से लगे सकरी की छात्रा प्रिया साहू ने बिलासपुर जिले सहित पूरे प्रदेश को एक सुखद पल की अनुभूति कराई है। प्रिया साहू का मूल गांव लोरमी तहसील अंतर्गत सरिसताल सारधा है। प्रिया वर्तमान में सकरी नगर के आवास मोहल्ला में किराये के मकान में रहती है जो शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी विद्यालय में अध्ययनरत है। उसने आज जारी हुए छत्तीसगढ़ हाई स्कूल की परीक्षा परिणाम के टॉप टेन में स्थान बनाया है। प्रिया के पिता इतवारी साहू एक आटो चालक है जो घर चलाते है प्रिया की मां दीपा साहू गृहणी है प्रिया के दो छोटे भाई है जिसमे से एक कक्षा आठवीं और दूसरा केजी वन में अध्ययनरत है.. प्रिया ने बताया कि वह प्रतिदिन 4 घण्टे पढ़ाई करती थी। उसका सपना है कि वह इंजीनियर बने। प्रिया ने अपने इस सफलता का श्रेय माता पिता और गुरुजन को दिया है साथ ही उसने सभी छात्र छात्राओं को ये संदेश भी दिया है कि कोई भी परीक्षा अंतिम परीक्षा नही होती है उसने बातचीत के दौरान कहा कि अगर किसी का परीक्षा परिणाम कमतर आया तो भी उसे निराश होने की जरूरत नहीं है आगे और मेहनत कर के परिणाम को बदला जा सकता है। परिणाम की जानकारी मिलने पर तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने प्रिया को दूरभाष पर उज्ज्वल भविष्य कि शुभकामनाएं दी।जैसे ही प्रशासनिक अधिकारियों सहित नगरवासियों को पता चला कि प्रिया ने टॉप टेन में स्थान बनाया है उनके घर बधाई देने वालो का ताता लगा रहा। सकरी तहसीलदार अश्वनी कंवर सहित विद्यालय के प्राचार्य एवं अध्यापकगणों ने भी उन्हें शुभकामनाएं दी।निश्चित ही ये सकरी सहित बिलासपुर के लिये गौरव की

## रेरा और टीएंडसी से अप्रूव्ड मकान,दुकान खरीदने का सुरक्षित और डिजिटल माध्यम बना हाउसिंग कार्ट

# हाउसिंग कार्ट अब ग्राहकों को सीधे बिल्डर से मिलाकर उनकी जरूरत को करेगा पूरी

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com




बिलासपुर सहित छत्तीसगढ़ में अब जमीन मकान खरीदने वालों को किसी तरह से धोखाधड़ी का शिकार नहीं होना पड़ेगा। यह इसलिए क्योंकि अब हाउसिंग कार्ट के जरिए लोगों को मकान जमीन बिना परेशानी के आसानी से प्राप्त हो सकेगा। बिलासपुर प्रेस क्लब में पहुंचे हाउसिंग कार्ट के डायरेक्टर श्याम अग्रवाल, गौरव अग्रवाल और फाउंडर एंड सीईओ अर्पण अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार किया है, जिसमें ग्राहक अपनी पसंदीदा चीज डिजिटल माध्यम से बिना बीच में किसी दलाल के सीधे बेचने वाले से संपर्क कर अपनी जरूरत पूरी कर सकता है। मकान या जमीन खरीदने के इच्छुक लोगों को इस डिजिटल प्लेटफार्म में जाकर अपना रजिस्ट्रेशन कराना होगा जिसके आधार पर उन्हें रेरा और टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से अप्रूव्ड किसी भी कॉलोनी में दुकान, मकान या घर आसानी से निर्धारित दर पर प्राप्त हो जाएगा। पत्रकारों को जानकारी देते हुए इस नए बिजनेस के बारे में उन्होंने कहा कि अभी तक लोग मकान जमीन खरीदने के चक्कर में धोखाधड़ी के शिकार हो जाते थे, मगर अब ऐसा नहीं होगा। कस्टमर अब सीधे मालिक से मिलकर अपनी जरूरत पूरी कर सकेगा। हाउसिंग कार्ट के डायरेक्टरों ने कहा कि वे कच्चा काम या अवैध काम इस माध्यम से बिल्कुल नहीं करेंगे। रेरा और टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से अप्रूव्ड किसी भी प्रोजेक्ट को लेकर ही वह ग्राहकों तक पहुंचेंगे। यही नहीं मकान,जमीन खरीदने वालों को जमीन के पेपर, सीमांकन और नामांतरण के लिए भी भटकना नहीं पड़ेगा।
सरकंडा क्षेत्र में अशोक नगर के पास बिरकोना रोड,आशावन में गैलेक्सी बिल्डकॉन गौरव तिवारी के नए प्रोजेक्ट ड्रीम रेजिडेंसी को हाउसिंग कार्ट 10,11 और 12 मई को अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर लॉन्च करने जा रहा है। रेरा से यहां 2 bhk (15 यूनिट),3 bhk (20 यूनिट), 4 bhk (20 यूनिट) घर उपलब्ध है। रेजिडेंशियल एवं सेमी कमर्शियल प्लॉट (38 यूनिट) सुनिश्चित किया गया है। यह प्रोजेक्ट अपोलो हॉस्पिटल से 5 किलोमीटर के नजदीक, नए बस स्टैंड से 7 किलोमीटर, नेहरू चौक से 5 किलोमीटर, गोल बाजार से 3 किलोमीटर, रेलवे स्टेशन से 7 किलोमीटर, साइंस कॉलेज से 3 किलोमीटर, लोयोला स्कूल ब्रिलिएंट स्कूल से 4 किलोमीटर, शॉपिंग मॉल से 7 किलोमीटर, वेजिटेबल मार्केट से दो से तीन किलोमीटर, सीपत मेंन रोड में डेढ़ किलोमीटर और सेंट्रल यूनिवर्सिटी से 4 किलोमीटर के नजदीक है। बड़ी तेजी से विकसित हो रहे हैं बिरकोना आशावन इलाके में यह एक बेहतर प्रोजेक्ट है, जिसकी मार्केटिंग हाउसिंग कार्ट को दी गई है। उनकी यह स्कीम जरूरतमंदों को बेहतर मकान उपलब्ध कराना और उनके सपनों को पूरा करना है।

# बच्चों उनका मनोबल बढ़ाने का काम करे : श्रीया अग्रवाल



पायनियर संवाददाता ◄ चांपा
www.dailypioneer.com

आप सभी के लिए एक छोटा सा संदेश खासकर ऐसे माता पिता या पड़ोसियों के लिए जिनके घर के बच्चे 10वी, 12वी बोर्ड की परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर के द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। आशा है सभी का परीक्षा परिणाम अच्छा हो लेकिन कुछ बच्चे ऐसे होते हैं कि बहुत मेहनत करने के बाद भी परीक्षा परिणाम अच्छा नही ला पाते और निराश मन लेकर कुछ गलत कदम उठा लेते हैं। तो ऐसे बच्चे जिनका परीक्षा परिणाम अच्छा न हो चाहे वो अपने घर का बच्चा हो या पड़ोसी का बच्चा उनका मनोबल बढ़ाने का काम करे न की चिढ़ाने का। आशा है आप भी इस पुनीत कार्य मे अपना सहयोग प्रदान करेंगे, क्योंकि बहुत दूर तक चलना है अभी, सफर गर लंबा है तो क्या हुआ, उड़ने को आसमां और भी है, जीने को जहां और भी है।

# एसपी ने केन्द्रीय सुरक्षा फोर्स मध्य प्रदेश पुलिस, तेलंगाना, बीजापुर एवं बेमेतरा पुलिस जवानों को मिठाई खिलाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिले में लोकसभा चुनाव 2024 स्वतंत्र, निष्पक्ष, शान्ति पूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ निर्विघ्न चुनाव कार्य संपन्न कराने में पुलिस कर्मियों और केन्द्रीय सुरक्षा फोर्स/ मध्य प्रदेश पुलिस, तेलंगाना, बीजापुर एवं बेमेतरा पुलिस जवानों एवं अन्य सभी चुनाव कार्य में लगे टीम की प्रमुख भूमिका रही। एसपी बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने जिले में लोकसभा चुनाव 2024 स्वतंत्र, निष्पक्ष, शान्ति पूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ मतदान के लिए सभी अधिकारी-कर्मचारियों, केन्द्रीय सुरक्षा फोर्स/ मध्य प्रदेश पुलिस, तेलंगाना, बीजापुर एवं बेमेतरा पुलिस जवानों और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों-जवानों एवं अन्य सभी चुनाव कार्य में लगे टीम का मनोबल बढाने के साथ ही जवानों के कार्यो की सराहना व शुक्रिया आदा करते हुये मिठाई खिलाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दिए। जिले में लोकसभा चुनाव 2024 स्वतंत्र, निष्पक्ष, शान्ति पूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ मतदान के लिए बेमेतरा जिले में आये केन्द्रीय सुरक्षा फोर्स/ मध्य प्रदेश पुलिस सुरक्षा फोर्स, जो थाना सिटी कोतवाली क्षेत्रांतर्गत कृषि महाविद्यालय और अनुसंधान केंद्र, ढोलिया, बेमेतरा मे कैंप किये हैं जहां एसपी बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने पहुच कर उपस्थित सभी केन्द्रीय सुरक्षा फोर्स/ मध्य प्रदेश पुलिस बल के अधिकारियों व जवानों को उनका मनोबल बढाने के साथ ही जवानों के कार्यो की सराहना व शुक्रिया आदा करते हुये मिठाई खिलाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना की गई। इस दौरान रक्षित निरीक्षक मनीष सिंह राजपूत, सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# आलू बोरियों के निचे छुपा कर अफीम डोडा परिवहन करते गिरफ्तार

## 1904 किलो ग्राम कीमत लगभग 20 लाख रुपए

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com




राज्य की सीमा पर स्थित सिंघोड़ा पुलिस द्वारा फिर एक ऐतिहासिक कार्यवाही करते हुवे 1904 किलो अफीम पोस्ता डोडा जिसकी बाजार कीमत लगभग 20 लाख रुपये आंकी गई है के साथ ही अंतरराज्यीय तस्कर को ट्रक सहित गिरफ्तार किया गया है। इस तरह की यह छत्तीसगढ़ राज्य में यह पहली व बड़ी कार्यवाही की गई है। अभी तक गांजा, शराब, सोना, चांदी जेवरात, नगद राशि पकड़ी गई थी किंतु अफीम पोस्ता डोडा जैसी कार्यवाही करना छत्तीसगढ़ के साथ ही सरायपाली के इतिहास में भी यह पहली ऐतिहासिक कार्यवाही है। ज्ञातव्य हो कि टीआई महेश साहू द्वारा इसके पूर्व अवैध शराब निर्माण, गांजा, सोने चांदी जेवरात, नगद व अन्य प्रकरणों में बड़ी बड़ी कार्यवाही की जा चुकी है। विगत 1 मार्च 2023 को लगभग 9 करोड़ रुपये कीमत का 1725 किलो गांजा इसी तर्ज पर पकड़ा गया था। इस संबंध में सिंघोड़ा टीआई महेश साहू ने जानकारी देते हुवे बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश व मार्गनिर्देशन के तहत सिमा पर गश्त की जा रही थी इसी दौरान मुखबीर की सूचना पर उडिसा से छत्तीसगढ की ओर आ रही एक गेरूआ कलर की वाहन ट्रक क्रमांक आरजे 19 जीएच 9947 को रोका गया, वाहन मे एक व्यक्ति सवार था पूछताछ करने पर गोल मोल जवाब देने लगा कडाई से पूछताछ करने पर वाहन के डाला मे आलु बोरियो के नीचे अफीम पोस्त (डोडा) रखकर क्रेंझर उडिसा से बाडमेर राजस्थान ले जाना बताया नाम पता पूछने पर अपना नाम जगदीश चौधरी पिता विरमा चौधरी उम्र 35 साल निवासी इंदिरा आवास खडीन थाना रामसर जिला बाडमेर राजस्थान बताया, वाहन की तलासी लेने पर वाहन के डाला मे आलु बोरियो के नीचे 1904 किलोग्राम मादक पदार्थ अफीम पोस्त (डोडा) मिलने पर आरोपी के कब्जे से 1904 किलोग्राम किमती 1904000 रूपये (उन्नीस लाख चार हजार रूपये) के अवैध मादक पदार्थ अफीम पोस्त (डोडा) जप्त कर आरोपी के विरूध्द थाना सिंघोडा में अपराध धारा 18बी नारकोटिक एक्ट के तहत् कार्यवाही की जा रही है।

# एपिसेम टेनिस आईटा सीएसटीए ऑल इंडिया चैंपियन सीरीज 18 टेनिस टूर्नामेंट बॉयज क्वॉटरफाइनल के दौर और गर्ल्स फाइनल्स के दौर के परिणाम

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



एपिसेम टेनिस आईटा सीएसटीए ऑल इंडिया चैंपियन सीरीज 18 टेनिस टूर्नामेंट अच्छे से अंदरवाय, जो भारत भर से युवा टेनिस खिलाड़ियों की अत्यद्भुत प्रतिभाओं को प्रदर्शित कर रहा है। लड़कों के क्वार्टरफाइनल के दौर और लड़कियो के एकल फाइनल्स दौर के मैच तीव्र संघर्षों और योग्यता और संकल्प के उदाहरणमय प्रदर्शनों के साथ समाप्त हुए। टूर्नामेंट युवा टेनिस प्रेमियों को अपने रोमांचक मैचों और वादिक युवा प्रतिभा के साथ आकर्षित करने में जारी रहा। छत्तीसगढ़ स्टेट टेनिस संघ के तत्वाधान में हो रहे ऑल इंडिया चैंपियनशिप सीरीज अंडर 18 टेनिस प्रतियोगिता के बॉयज क्वार्टरफाइनल्स का मैच 8 मई को एपिसेम टेनिस अकादमी में खेले गए। प्रदेश टेनिस संघ के महासचिव एवं टूर्नामेंट डायरेक्टर गुरु चरण सिंह होरा ने खेल को संबोधित कर पूरे देश से आए खिलाड़ियों को बधाई दी एवं खिलाड़ियों को उनके करियर में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरणा दी। गुरुचरण सिंह होरा ने महाराष्ट्र, हैदराबाद एवं असम के खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश करने की बधाई दी। टेनिस संघ के सह सचिव रूपेंद्र सिंह चौहान ने प्रदेश के खिलाड़ियों को बधाई दी, उन्हें निरंतर कड़ी मेहनत करने की प्रेरणा दी एवं उन्हें प्रदेश में निरंतर प्रतियोगिता कराने का आश्वासन दिया। प्रतियोगिता के बॉयज डबल्स अंडर 18 के सेमीफाइनल के परिणाम में छत्तीसगढ़ के आरिज खान एवं उनके जोड़ीदार अर्णव चौधरी ने लगातार शानदार प्रदर्शन कर प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने लक्ष्य विमल एवं जोड़ीदार धैर्य विमल को 6-4,6-4 से शिकस्त दी। आरिज़ ख़ान लगातार दूसरे टूर्नामेंट के फाइनल खेल रहे है। 29 अप्रैल के अंडर 16 टूर्नामेंट में भी आरिज का प्रदर्शन काफी सराहनीय था जिसमें उन्होंने डबल्स प्रतियोगिता अपने नाम की थी एवं सिंगल्स में सेमिफाइनलिस्ट थे। प्रतियोगिता के बॉयज अंडर 18 के क्वार्टरफाइनल के परिणाम में छत्तीसगढ़ के मोहम्मद आरिज खान को हैदराबाद के ध्रुवा हेगड़े से हार का सामना करना पड़ा।

# तिल्दा में मोबाईल टॉवर के लिए क्या पंचायत ने एनओसी पट्टा वाली जमीन देखी और टॉवर सरकारी भूमि में लगी हो, मामला धोखाधड़ी की ओर, कार्रवाई की मांग

पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com



कसडोल विधानसभा के पुलिस थाना एवं तहसील लवन अंतर्गत ग्राम पंचायत तिल्दा में आचार संहिता पूर्व किसी निजी मोबाईल कम्पनी टॉवर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सदस्यों ने ग्राम पंचायत को मोबाईल टॉवर लगाने की अनुमति चाही जिस पर पंचायत ने यह कहकर अनुमति देने से मना कर दिया कि उनके पास सरकारी जगह नहीं है। लेकिन पंचायत ने टॉवर कम्पनी के अधिकारियों को गॉव के कुछ व्यक्तियों से संपर्क करवाया कि इनके पास निजी रजिस्टर्ड पट्टे वाली जमीन हैं, जगह होगा तो चर्चा कर लेंगे। जिस पर टॉवर कम्पनी के अधिकारियों ने गॉव के उस व्यक्ति से सम्पर्क किया जिसका सुझाव ग्राम सरपंच ने दिया, मोबाईल कम्पनी ने अपने जमीन में जगह देने वाले व्यक्ति को जगह का किराए देने की पेशकश किये होंगे जिसके चलते जमीन देने वाले व्यक्ति ने पंचायत से एनओसी आवेदन लगाए या नहीं की मांग पट्टे वाली भूमि को दिखाकर किये जिस पर पंचायत पट्टे वाली भूमि का बिना सीमांकन बिना राजश्व अमला के जांच बिना एनओसी दिये गए। अब एनओसी पंचायत से मिलने पर एनओसी प्राप्त कर्ता प्रसन्नता से फुले नहीं समाय और मोबाईल कम्पनी के अधिकारियों एवं जिला प्रशासन को गुमराह करते हुए निजी भूमि पट्टे एनओसी की आड़ में टॉवर सरकारी भूमि में लगा देने की मामला का खुलासा ग्रामीणों के माध्यम से पता चल रहा है। जो धोखाधड़ी के श्रेणी में आता है, जिसके लिए शासन प्रशासन को धोखे में रखकर घटना को अंजाम देना गंभीर अपराध माना गया है। जांच हुई तो निश्चित ही सच्चाई खुलेगा और उस व्यक्ति के साथ ग्राम पंचायत भी जिम्मेदार होंगे इनसे इंकार नहीं किये जा सकते हैं? हर माह कम्पनी से किराया प्राप्त करने के लालच किसी व्यक्ति को अपराध करने में मजबूर कर दे यह अपने आप मे अनोखा मामला है। जिस पर जांच एवं कार्रवाई धोखाधड़ी में शामिल उन सभी लोगों के खिलाफ किये जाने की मांग मीडिया एवं शिकायत के आधार पर ग्रामीणों, मीडिया कर्मियों के द्वारा लगातार किये जा रहे हैं। यदि टॉवर सरकारी भूमि पर लगी है तो राजश्व लाभ सरकार को नियमित प्राप्त होता रहे और सरकारी खजाने में गलत नियत रखने वाले व्यक्ति के विरुद्ध अपराध दर्ज होनी चाहिए कि बात जोरों से उठ रही है। मोबाइल टॉवर लगने लाभ कम, हानि ज्यादा है क्योंकि इनसे निकलने वाली खतरनाक तरंगों से मानव जनजीवन के लिए बहुत हानिकारक है। इनसे निकलने वाली तरंगों से अनेकों गम्भीर बीमारियों का जन्म होता है, जो विभिन्न रिसर्चों से साबित होते रहा है। ग्रामीणों ने मोबाईल टॉवर को गॉव के आबादी के बाहर लगाने की मांग किये। पंचायत सचिव धनेश साहू ने बताया कि नारायण घृतलहरे ने पट्टे की 2 एकड़ जमीन की फोटोकॉपी एनओसी आवेदन के साथ संलग्न कर एनओसी मांगा था टॉवर लगाने के लिए जिस पर पंचायत से एनओसी दिया गया। अब टॉवर एनओसी वाली जमीन पर है या सरकारी भूमि पर राजश्व अमला के जांच से खुलासा हो सकता है।जांच की मांग तहसीलदार के समक्ष आवेदन पंचायत से भी पेश करेंगे। संवेदनशील तहसीलदार निवेश कुरेटि ने बताया कि मामले पर नोटिस जारी कर पंचायत एवं जमीन के स्वामी से जवाब तलब होगी, निश्चित ही कार्रवाई होगी।

# जिला जेल में 65 बंदियों का आयुर्वेद पद्धति से ईलाज



पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिला जेल बलौदाबाजार में परिरूद्ध 65 बंदियों का आयुर्वेद पध्दति से इलाज किया गया। बंदियो एवं जेल स्टॉफ पुराना सर्दी खांसी, चर्मरोग, उदररोग, ब्लड प्रेसर, शुगर रोग का आयुर्वेद पद्धति से रहन-सहन, खान-पान पथ्य-अपथ्य की जानकारी एंव दवाई दी गई। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. गोदावरी पैकरा ने बताया कि संचालनालय आयुष के निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त जेलों में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन परिरूद्ध बंदियों के समुचित उपचार व्यवस्था हेतु निर्देशित किया गया है। इस अवसर पर शिविर में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एल. एस. ध्रुव, फार्मासिस्ट विनोद कुर्रे, औषधालय सेवक योगेंन्द्र गेंडरे उपस्थित रहे।

# पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते 24 घण्टे के भीतर 06 साल के बच्चे से मारपीट कर उसके सांथ अप्राकृतिक कृत्य करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार


पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



प्रार्थी थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसका पुत्र जो घर के बाहर खेल रहा था, अचानक खेलते खेलते बिना बताये कही चला गया, जो अब तक वापस नहीं आया है। कि रिपोर्ट पर गुम ईसान क्र. 54/2024 कायम किया गया। सर्वोच्च न्यायालय के दिशा निर्देश पर किसी अज्ञात आरोपी द्वारा अपहरण कर ले जाने की अंदेशा पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 316/2024 धारा 363 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। पता तलाश दौरान सूचना मिला की एक अज्ञात व्यक्ति तिल्दा (कारी) खार में बालक का हाथ पैर बांधकर रखा है, कि सूचना पर अविलंब कार्यवाही करते हुये मौके पर पहुंचकर बालक के साथ होने वाले गंभीर घटना को रोकते हुये आरोपी एवं बालक को थाना लाया गया। आरोपी सेवक राम ध्रुव के कब्जे से 07/05/2024 को बालक को बरामद किया गया। पीड़ित बालक का धारा 164 जा.फौ. के तहत न्यायालय से कथन दर्ज कराया गया है। पीडित बालक एवं गवाहों के कथन के आधार पर प्रकरण में धारा 365, 377, 294, 506, 323, 342 भादवि 8 पाक्सो जोडी गई है। आरोपी सेवक राम ध्रुव पिता दाल सिंह ध्रुव उम्र 45 वर्ष साकिन चिखली थाना आरंग जिला रायपुर छ.ग. द्वारा अपराध घटित करना पाये जाने से विधिवत 08/05/2024 के 18.00 बजे गिरफ्तार कर आरोपी का न्यायिक रिमाण्ड तैयार कर न्यायालय प्रेषित किया गया हैं। उक्त कार्यवाही में प्रआर ऋषिकेश भोई, समीर शुक्ला, आर. तुलेश डडसेना, रामनाथ पैकरा, तिलक राम महिलांगे, रमेश गोयल, गुमान जायसवाल, ओलश कोसले, अशोक साहू का विशेष योगदान रहा।

# आईएसबी ने लॉन्च किया आई-वेंचर इमर्सिव प्रोग्राम, डिग्री की नहीं होगी ज़रूरत

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) ने आई-वेंचर इमर्सिव प्रोग्राम लॉन्च किया है, खास तौर पर ऐसे लोगों के लिए जो अपने इनोवेटिव आइडिआ को स्टार्टअप की शक्ल देना चाहते हैं और कारोबारी बनना चाहते हैं। इसे आईएसबी के आंत्रप्रेन्योरशिप यूनिट, आई-वेंचर ऐट आईएसबी, ने शुरू किया है। यह देशभर के उभरते व्यवसाईओं को अपने जूनून और मेहनत को सही मुकाम तक पहुँचाने का काम करेगा। दाखिला लेने के लिए बारहवीं के बाद की शिक्षा ज़रूरी नहीं है, न ही किसी मौजूदा एंट्रेंस एग्ज़ाम, जैसे GRE, GMAT वगैरा, की ज़रूरत होगी। 'ivi' के पहले बैच में दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई है और अक्टूबर से इसकी पढ़ाई शुरू होगी, जिसमें 50 सीट ऑफर की जा रही हैं। इस प्रोग्राम को 'इनक्यूबेटर से ज़्यादा और स्कूल से बढ़कर' की शक्ल दी गई है, जिसके तहत फुल-टाइम पाठ्यक्रम आईएसबी के हैदराबाद कैम्पस पर ऑफर किया गया है। एप्लाई करने के लिए वीडियोज़ अपलोड करके अपना मोटिवेशन शेयर करना होगा। सलेक्शन प्रोसेस सिर्फग्रेड और मार्क्स तक सीमित नहीं है। 'ivi' में छात्रों को काबिलियत के हिसाब से अपने आइडिया को जमीन पर लागू करने के लिए वित्तीय सहयोग भी दिया जाएगा। इस प्रोग्राम को हर तरह के आंत्रप्रेन्योर या इनोवेटर की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इनमें शामिल हैं: हाल ही में पढ़ाई पूरी करने वाले युवा जो अपना स्टार्टअप शुरू करना चाहते हैं; टेक प्रोफेशनल जो कारोबारी समझ पाना चाहते हैं, और ऐसे युवा जो अपने फैमिली बिजनेस से हटकर या बढ़कर नया वेंचर शुरू करना चाहते हैं। महिला उद्यमियों को खास तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है, ऐसे में यह प्रोग्राम उनकी खास तौर पर मदद कर सकता है। इसके अलावा, यह प्रोग्राम सैन्य सेवाओं में शामिल ऐसे लोगों के लिए भी है जो अपनी लीडरशिप स्किल का इस्तेमाल आंत्रप्रेन्योरशिप के क्षेत्र में करना चाहते हैं। पर इस प्रोग्राम का स्कोप यहीं तक नहीं है, बल्कि मूल ज़रूरत है आइडिया और जज़्बा। I-Venture@ISB के फैक्लटी डायरेक्टर प्रोफेसर भगवान चौधरी ने इस प्रोग्राम के बारे में आगे बताया, हम 'ivi' के ज़रिए एक ऐसा ईको-सिस्टम बनाना चाहता है जो रचनात्मकता को बढ़ावा दे, निवेश के लायक हो, और लीडर पैदा करे।

# ईवास वुडलैंड स्कूल की छात्रा महक ने 12 वीं बोर्ड में प्रथम स्थान, बधाई देने शुभचिंतकों का लगा तांता




पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

नगर के ईवास वुडलैंड स्कूल की छात्रा महक ने प्रथम स्थान हासिल किया। बधाई देने वालों का लगा तांता। कलेक्टर, एसडीएम, जिला शिक्षा अधिकारी व अन्य तमाम लोगों ने महक को बधाई दी है। महासमुंद जिले के सरायपाली नगर के ह्रदय स्थल जय स्तंभ चौक के पास रहने वाली महक अग्रवाल ने 12वीं में पहला स्थान हासिल किया है। महक अग्रवाल ने 97.40 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। 10वीं में भी महक अग्रवाल ने टॉप10 में अपनी जगह बनाई थी। महक अग्रवाल के पापा नवीन अग्रवाल फर्नीचर के व्यापारी हैं। वहीं, मां पूजा अग्रवाल गृहणी हैं। अपने तीन भाई-बहन में महक अग्रवाल सबसे बड़ी हैं। 12वीं में पहला स्थाना हासिल करने पर कलेक्टर, एसडीएम, जिला शिक्षा अधिकारी व अन्य तमाम लोगों ने महक को बधाई दी है। साथ ही उज्वल भविष्य की की कामना की है। महक अग्रवाल ने कहा, 'मुझे बहुत ज्यादा खुशी है, उम्मीद थी कि टॉप टेन में आऊंगी, लेकिन टॉप वन में आ गई। एग्जाम से पहले ही तैयारी हो गई थी। हमारे स्कूल में वीकली टेस्ट, मासिक टेस्ट होते रहते हैं। अपने आप टेस्ट करती रहती थी। मेरे परिवार को और मेरे अध्यापकों ने मुझे हमेशा मोटिवेट किया।

**न्यायालय तहसीलदार कोण्डागांव जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

न्या.कले.कोण्डागांव का रा.प्र.क./20240420010007/ अ-21/2023-24

मौजा-चिखलपुटी, तहसील व जिला-कोण्डागांव

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक जैमोलॉजिकल ड्व्हलपमेंट इंस्टिट्यूट पता-ए/211, नहाटा मार्केट सदर बाजार, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. वर्तमान नाम जैमोलॉजिकल डेवलपमेंट इंस्टिट्यूट ऑफ छत्तीसगढ़, पता 112, ऋषभ चेम्बर, एम.जी. रोड, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. की ओर से अध्यक्ष श्री बसंत पारख पिता श्री हिरालाल पारख उम्र-51 वर्ष जाति जैन निवासी ग्राम लंजोड़ा तहसील फरसगांव, जिला कोण्डागांव द्वारा ग्राम चिखलपुटी तहसील कोण्डागांव में स्थित भूमिस्वामी हक की परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 1/34/क रकबा 0.405 हे. तथा खसरा नंबर 1/34/ग रकबा 0.405 हे. कुल 0.810 हे. को व्यापार हेतु राशि की आवश्यकता होने से क्रेता श्रीमती संगीता जैन पति श्री ज्ञानचंद जैन जाति-जैन निवासी अस्पताल वार्ड कोण्डागांव, तहसील कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव के पास विक्रय करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर, जिला-कोण्डागांव को प्रस्तुत किये जाने पर प्रकरण शीर्ष अ-21 में दर्ज कर जांच हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोण्डागांव के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में यदि कोई व्यक्ति दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो वह अपना आवेदन पत्र न्यायालय में सुनवाई तिथि 20.05.2024 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

पेशी दिनांक - 20.05.2024
जारी दिनांक - 03.05.2024

मुहर — तहसीलदार कोण्डागांव

**न्यायालय तहसीलदार कोण्डागांव जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

न्या.कले.कोण्डागांव का रा.प्र.क./20240420010006/ अ-21/2023-24

मौजा-चिखलपुटी, तहसील व जिला-कोण्डागांव

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री बसंत पारख पिता श्री हिरालाल पारख जाति जैन निवासी ग्राम लंजोड़ा तहसील फरसगांव, जिला कोण्डागांव द्वारा ग्राम चिखलपुटी तहसील कोण्डागांव में स्थित भूमिस्वामी हक की परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 1/34/ख/2 रकबा 0.425 हे. को व्यापार हेतु राशि की आवश्यकता होने से क्रेता श्रीमती संगीता जैन पति श्री ज्ञानचंद जैन जाति-जैन निवासी अस्पताल वार्ड कोण्डागांव, तहसील कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव के पास विक्रय करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर, जिला-कोण्डागांव को प्रस्तुत किये जाने पर प्रकरण शीर्ष अ-21 में दर्ज कर जांच हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोण्डागांव के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में यदि कोई व्यक्ति दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो वह अपना आवेदन पत्र न्यायालय में सुनवाई तिथि 20.05.2024 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

पेशी दिनांक - 20.05.2024
जारी दिनांक - 03.05.2024

मुहर — तहसीलदार कोण्डागांव

**न्यायालय तहसीलदार कोण्डागांव जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

न्या.कले.कोण्डागांव का रा.प्र.क./202402200100011/ अ-20(1)/2023-24

मौजा-कोण्डागांव, तहसील व जिला-कोण्डागांव

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती संगीता वासनीकर पति श्री श्यामलाल वासनीकर, जाति-महार, निवासी पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड कोण्डागांव, तहसील कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव द्वारा ग्राम कोण्डागांव तहसील कोण्डागांव स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 626/149 रकबा 36.1230 हेक्टेयर भूमि में से 1406 वर्गफुट भूमि आवासीय प्रयोजन हेतु स्थाई पट्टे पर प्रदाय किये जाने हेतु श्रीमान् कलेक्टर महोदय के समक्ष आवेदन पत्र मय नक्शा, खसरा प्रस्तुत करने पर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोण्डागांव के माध्यम से इस न्यायालय को जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत पेशी तिथि 04.06.2024 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

पेशी दिनांक - 04.06.2024
जारी दिनांक - 08.05.2024

मुहर — तहसीलदार कोण्डागांव

**न्यायालय तहसीलदार कोण्डागांव जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

न्या.कले.कोण्डागांव का रा.प्र.क./202402200100010/ अ-20(1)/2023-24

मौजा-कोण्डागांव, तहसील व जिला-कोण्डागांव

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि गजाधर पाण्डे पिता श्री छेरकू राम पाण्डे, जाति-कलार, निवासी दण्डकारण्य वार्ड कोण्डागांव, तहसील कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव द्वारा ग्राम कोण्डागांव तहसील कोण्डागांव स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 626/149 रकबा 36.1230 हेक्टेयर भूमि में से 3300 वर्गफुट भूमि आवासीय प्रयोजन हेतु स्थाई पट्टे पर प्रदाय किये जाने हेतु श्रीमान् कलेक्टर महोदय के समक्ष आवेदन पत्र मय नक्शा, खसरा प्रस्तुत करने पर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोण्डागांव के माध्यम से इस न्यायालय को जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत पेशी तिथि 04.06.2024 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

पेशी दिनांक - 04.06.2024
जारी दिनांक - 08.05.2024

मुहर — तहसीलदार कोण्डागांव

**न्यायालय तहसीलदार कोण्डागांव जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

न्या.कले.कोण्डागांव का रा.प्र.क./202401200100015/ अ-20(1)/2023-24

मौजा-कोण्डागांव, तहसील व जिला-कोण्डागांव

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सपना दास पति स्व. श्री सरदिंदु दास, जाति-कायस्थ, निवासी डी.एन.के. कॉलोनी कोण्डागांव, तहसील कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव द्वारा ग्राम कोण्डागांव तहसील कोण्डागांव स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 626/149 रकबा 36.2540 हेक्टेयर भूमि में से 1485 वर्गफुट भूमि आवासीय प्रयोजन हेतु स्थाई पट्टे पर प्रदाय किये जाने हेतु श्रीमान् कलेक्टर महोदय के समक्ष आवेदन पत्र मय नक्शा, खसरा प्रस्तुत करने पर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोण्डागांव के माध्यम से इस न्यायालय को जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत पेशी तिथि 04.06.2024 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्देर से मुहर से जारी किया गया।

पेशी दिनांक - 04.06.2024
जारी दिनांक - 08.05.2024

मुहर — तहसीलदार कोण्डागांव

# योग से मेरे जीवन में बदलाव आया : समायरा संधू



**खूबसूरत अभिनेत्री समायरा संधू ने हाल ही में योग के उनके जीवन पर परिवर्तनकारी प्रभाव के बारे में खुलासा किया है। विभिन्न परियोजनाओं में अपने उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए जानी जाने वाली बहुमुखी अभिनेत्री ने योग के साथ अपनी यात्रा साझा की और बताया कि यह कैसे उनकी जीवनशैली का अभिन्न अंग बन गया है। एक स्पष्ट बातचीत में, समायरा ने खुलासा किया, मैंने 2022 में एक प्रसिद्ध योग गुरु के साथ उन्नत योग सीखना शुरू किया। हालांकि मैं बचपन से ही अपनी मां के साथ बुनियादी योग का अभ्यास कर रही हूं, क्योंकि वह मुझे इसके लिए प्रोत्साहित करती थीं। हालांकि, मैंने इसे सीख लिया।**

अपनी बहुमुखी प्रतिभा और आकर्षक ऑन-स्क्रीन उपस्थिति के लिए जानी जाने वाली अभिनेत्री ने हमेशा अपने उल्लेखनीय प्रदर्शन से दर्शकों पर अमिट छाप छोड़ी है। विविध किरदारों को चित्रित करने से लेकर अपने शानदार लुक से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने तक, समायरा ने अपने प्रत्येक प्रोजेक्ट में लगातार स्तर बढ़ाया है।

समायरा ने साझा किया, मनोरंजन उद्योग में जीवन की उथल-पुथल के बीच योग मेरा सहारा रहा है। यह मुझे जमीन से जुड़े रहने, ध्यान केंद्रित करने और ऊर्जावान रहने में मदद करता है। एक परिवर्तनकारी अभ्यास के रूप में योग का उनका समर्थन शारीरिक फिटनेस से परे इसकी सार्वभौमिक अपील और लाभों को रेखांकित करता है।

अंत में, समायरा संधू की यात्रा जीवन को समृद्ध बनाने और समग्र कल्याण को बढ़ावा देने में योग की शक्ति के लिए एक प्रेरणादायक प्रमाण के रूप में कार्य करती है। जैसे-जैसे वह स्क्रीन पर चमकती रहती हैं, योग के प्रति उनकी प्रतिबद्धता उनके प्रशंसकों और साथी अभ्यासकर्ताओं के लिए प्रेरणा की किरण के रूप में खड़ी होती है।

केवल पिछले दो वर्षों में बहुत गंभीरता से। योग के प्रति उनका समर्पण केवल शारीरिक फिटनेस से परे समग्र कल्याण के प्रति गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। समायरा ने इस बात पर जोर दिया कि उनके लिए योग महज व्यायाम दिनचर्या से परे है। उन्होंने बताया, मैं जिम से ज्यादा योग में विश्वास करती हूं क्योंकि यह सिर्फ शारीरिक सेहत के बारे में नहीं है, बल्कि इसमें मानसिक सेहत भी शामिल है।



## 23 साल की उम्र में पलक तिवारी ने इंटरनेट पर मचाई सनसनी, कातिलाना पोज देख हैरत में पड़े फैंस

पलक तिवारी आए दिन अपने लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंस्टाग्राम पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट बॉडीकॉन आउटफिट में फोटोज शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग फैशन देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं। एक्ट्रेस पलक तिवारी आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी कुछ तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में वो बला की खूबसूरत नजर आ रही हैं। ओपन कर्ली हेयर और न्यूड मेकअप कर के एक्ट्रेस पलक तिवारी ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। साथ ही फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। इन फोटोज में आप देख सकते हैं पलक तिवारी सिजलिंग अंदाज में पोज देते हुए ग्लैमरस फोटोज क्लिक करवा रही हैं। पलत तिवारी ना सिर्फ अपनी एक्टिंग बल्कि फिटनेस और खूबसूरती से भी फैंस को दीवाना बनाए रखती हैं। बता दें कि एक्ट्रेस 23 साल की हैं। और उन्होंने इतनी कम उम्र में दर्शकों के बीच अपनी अच्छी खासी पहचान बना रखी है। पलक तिवारी को असली पहचान म्यूजिक एलबम वीडियो बिजली-बिजली से मिली थी। वहीं एक्ट्रेस ने अपना बॉलीवुड डेब्यू सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान से किया था।

## बॉक्स ऑफिस पर आयुष शर्मा की रुसलान ने तोड़ा दम, छठे दिन का कारोबार रहा सबसे कम



सलमान खान के बहनोई आयुष शर्मा की लेटेस्ट फिल्म रुस्लान को सिनेमाघरों में रिलीज हुए अब एक हफ्ता पूरा होने वाला है. ये एक्शन थ्रिलर रिलीज के पहले दिन से बॉक्स ऑफिस पर चुनौतियों का सामना कर रही है. फिल्म ने बेहद खराब शुरुआत की थी और इसके बाद ये टिकट काउंटर पर अपनी पकड़ नहीं बनाई पाई.चलिए यहां जानते हैं फिल्म ने रिलीज के 6ठे दिन यानी बुधवार को कितना कलेक्शन किया है? रुस्लान काफी प्रमोशन के बाद सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. लग रहा था कि ये फिल्म आयुष शर्मा के करियर को नई दिशा देगी. हालांकि हुआ इसका उल्टा, दरअसल बड़े पर्दे पर दस्तक देने के बाद इस फिल्म को दर्शकों से बेहद ठंडा रिस्पॉन्स मिला. ये फिल्म रिलीज के पहले दिन से ही सिनेमाघरों में ऑडियंस के लिए तरसती हुई नजर आई और ये सिलसिला अब तक बरकरार है. फिल्म काफी मुश्किल से लाखों में कलेक्शन कर रही है. फिल्म की कमाई की बात करें तो रुस्लान ने अपने शुरुआती दिन में 60 लाख रुपये की कमाई की थी। इसके बाद फिल्म ने वीकेंड पर कुछ तेजी दिखाई और शनिवार और रविवार को मशः 80 लाख रुपये और 90 लाख रुपये की कमाई की।

## दीपिका पादुकोण ने सिंघम अगेन के सेट पर कलाकारों के साथ दिए पोज, एक्ट्रेस को दिया खास तोहफा




बी टाउन एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण, जो इस साल के अंत में पति रणवीर सिंह के साथ अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रहीं हैं। बता दें कि इन दिनों वो फिल्म 'सिंघम अगेन' की शूटिंग में बिजी हैं। इस फिल्म से दीपिका ने रोहित शेट्टी द्वारा बनाई गई पुलिस जगत में कदम रखा है और वह शक्ति शेट्टी के किरदार में नजर आएंगी। अब हाल ही में, फिल्म के सेट पर कुछ सह-कलाकारों के साथ दीपिका की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। उन्हें उनसे स्केच के रूप में एक सरप्राइज गिफ्ट भी मिला।

हाल ही में, आगामी फिल्म सिंघम अगेन के एक कलाकार ने इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण के साथ एक प्यारी तस्वीर शेयर की। फोटो में दीपिका दो लड़कियों के साथ सेल्फी लेती नजर आईं, जो उनके कॉस्ट्यूम में सजी हुई थीं। दीपिका ने अपनी नेचुरल ब्यूटी को दिखाते हुए नो-मेकअप लुक में नजर आने वाला लुक दिया था। पोस्ट में एक स्केच की झलक भी थी, जिसे लड़कियों ने दीपिका को उपहार में दिया था। पोस्ट के साथ, कलाकार ने कैप्शन में अपनी भावनाओं को कलमबद्ध किया। उन्होंने दीपिका के प्रति अपने लगाव का खुलासा किया और उनके साथ काम करने के अनुभव पर भी चर्चा की।

कैप्शन में लिखा, दीपिका पादुकोण द ओनली लेडी सिंघम। आपसे मिलकर खुशी हुई मैम। मेरे जीवन के सबसे अच्छे दिनों में से एक। आपके साथ काम करने के लिए बहुत भाग्यशाली महसूस किया। आज भी याद है जब आप मुझे देखकर मुस्कुराए थे और जिस तरह से आपने स्केच देखने के बाद सराहना की और खुश हो गए। मैं प्रार्थना करता हूं कि हम भविष्य में कई बार मिलें। हमारी तरफ से ढेर सारा प्यार!! हमेशा और हमेशा के लिए मैम। लव लव।

इससे पहले रोहित शेट्टी ने फिल्म सिंघम अगेन से अपने किरदार में दीपिका पादुकोण का दमदार लुक जारी किया था। पुलिस की वर्दी में दीपिका को अजय देवगन के प्रतिष्ठित सिंघम पोज पर प्रहार करते हुए देखा गया। रोहित ने कहा, मेरा हीरो, रील में भी और रियल में भी लेडी सिंघम!! दीपिका पादुकोण। बता दें कि 'सिंघम अगेन' रोहित शेट्टी की पुलिस यूनिवर्स की पांचवीं किस्त है। फिल्म में अजय देवगन, करीना कपूर खान, दीपिका पादुकोण, टाइगर श्रॉफ और अर्जुन कपूर जैसे सितारे प्रमुख भूमिकाओं में हैं। रणवीर सिंह और अक्षय कुमार कैमियो अपीयरेंस देने के लिए तैयार हैं।

## मनपसंद गाना लगाइए और मस्ती में थिरकिए, छूमंतर होगा स्ट्रेस, दूर होंगी कई बीमारियां

रोजाना कुछ देर डांस करके सेहतमंद बन सकते हैं. एक्सपर्ट्स इसे मेंटल और फिजिकल हेल्थ के लिए फायदेमंद मानते हैं. उनका कहना है कि डांस से पूरी बॉडी एक्टिव होती है और तनाव दूर हो सकता है. रोजाना कुछ देर डांस करके सेहतमंद बन सकते हैं. एक्सपर्ट्स इसे मेंटल और फिजिकल हेल्थ के लिए फायदेमंद मानते हैं. उनका कहना है कि डांस से पूरी बॉडी एक्टिव होती है और तनाव दूर हो सकता है. डांस सेहत के लिए फायदेमंद माना जाता है. डांस करने से पूरी बॉडी एक्टिव होती है और तनाव भी दूर होता है. इसका मकसद डांसर्स का उत्साह बढ़ाना और डांस के अलग-अलग फॉर्म्स को बढ़ावा देना है. एक्सपर्ट्स के मुताबिक, हर दिन 15-20 मिनट डांस करके ही कई फायदे पा सकते हैं, इसलिए अपना मनपसंद गाना लगाकर कुछ देर थिरक सकते हैं. ऐसे में आइए जानते हैं डांस करने से सेहत को क्या-क्या फायदे मिलते हैं...




डांस करने से फैट बहुत तेजी से कम होता है. अगर आप वजन कम करना चाहते हैं तो डांस करना फायदेमंद हो सकता है. जुंबा, बेली, क्लासिकल, हिप हॉप करके मोटापा-वजन कम कर सकते हैं. रोजाना डांस करने से बॉडी की फ्लेक्सिबिलिटी बढ़ती है और हड्डियों में ताकत आ जाती है. डांस करने से मेमोरी बेहतर होती है. कुछ स्टडी में पाया गया है कि डांस करने से डिमेंशिया के लक्षण भी कम हो सकते हैं. डांस करने से शरीर में ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है. शरीर में सही तरह ब्लड पहुंचता है और कई अंग सही तरह काम करते हैं. डांस करने से तनाव दूर हो सकता है. इससे डिप्रेशन जैसी समस्याएं झट से दूर हो जाती हैं. इसे डिप्रेशन भगाने की अच्छी थेरेपी माना जाता है.

थोड़ी देर डांस करके हार्ट को हेल्दी बनाया जा सकता है. यह एक शानदार कॉर्डियो वर्कआउट माना जाता है।

## एक नहीं है स्ट्रेस, एंग्जाइटी और डिप्रेशन की समस्या, जानें तीनों मेंटल कंडीशंस में क्या है अंतर

**एंग्जायटी और डिप्रेशन दोनों मेंटल हेल्थ से जुड़ी समस्याएं हैं. दोनों ही खतरनाक मानी जाती हैं. यही कारण है कि डॉक्टर हमेशा इनसे बचने और सावधान रहने के लिए कहते हैं. कई बार सामान्य उदासी और तनाव को लोग एंग्जायटी और डिप्रेशन मान लेते हैं, जो गलत है. क्या आप एंग्जायटी और डिप्रेशन में अंतर जानते हैं. अगर नहीं तो इस आर्टिकल में हम आपको बताने जा रहे हैं दोनों के बीच का फर्क...**



### एंग्जायटी क्या होता है

यह एक तरह का ऐसा मेंटल डिसऑर्डर होता है, जिसे चिंता, डर या आशंका से जोड़कर डॉक्टर देखते हैं. छोटी सी भी बात पर एकदम से घबरा जाना और बेचैन हो जाना इसके लक्षण होते हैं. इसके अलावा किसी चीज से डरना और उसे सोच-सोचकर तनाव महसूस करना, दिल की धड़कनों का बढ़ना, ओवरथिंकिंग एंग्जायटी होता है. ऐसी स्थितियां होने पर तुरंत डॉक्टर से मिलकर बात करनी चाहिए.

एंग्जायटी के लक्षण

* समय-समय पर बेचैनी
* चिड़चिड़ापन
* मांसपेशियों में तनाव
* ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई
* दिल की धड़कनें बढ़ना
* अधिक पसीना आना
* कांपना और सांस लेने में दिक्क तें

डिप्रेशन क्या होता है

डिप्रेशन यानी अवसाद मूड से जुड़ा डिसऑर्डर है, जिसकी चपेट में आने पर इंसान हमेशा उदास रहता है, किसी काम में मन नहीं लगता है. वो काम भी बुरे लगने लगते हैं, जो कभी बहुत ज्यादा पसंद आते थे. इसे एंग्जायटी से ज्यादा खतरनाक माना जाता है. अगर इसका सही समय पर इलाज न करवाया जाए तो स्थिति बिगड़ सकती है. हेल्थ एक्सपर्ट्स का कहना है कि गंभीर मामलों में डिप्रेशन का शिकार व्यक्ति सुसाइड तक की सोचने लगता है. डिप्रेशन मौत का कारण भी बन सकता है।

### डिप्रेशन के लक्षण

* लगातार उदास रहना
* थकान, भूख या वजन में बदलाव
* नींद में गड़बड़ी, अपराध की भावना
* ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई
* सुसाइड का ख्याल मन में आना

# एसपी शशि मोहन सिंह ने मेरिट में आए छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की

## जशपुर जिले की बेटियों ने 10वीं, 12वीं परीक्षा में प्रदेश भर में किया नाम रोशन

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आज 10वीं और 12वीं के परिणाम घोषित किए गए, जिसमें जशपुर शहर की आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल की छात्रा सिमरन सबा ने 10वीं में 99.50% अंक प्राप्त कर प्रदेश भर में प्रथम स्थान हासिल किया।

### उज्ज्वल भविष्य की कामना

इस उपलब्धि के लिए जशपुर पुलिस अधीक्षक, आईपीएस शशि मोहन सिंह ने आत्मानंद स्कूल पहुंचकर सिमरन सबा सहित अन्य मेरिट में आए छात्र-छात्राओं 10 वीं में सिमरन शबा(99.50 प्रतिशत), श्रेयांश कुमार यादव(98.33 प्रतिशत), अर्पिता शैली कुजूर (98.17 प्रतिशत), दिमित्रा सिंह (97.83 प्रतिशत), उमा बरेठ (97.67 प्रतिशत), मोना यादव (97.17 प्रतिशत), एवं 12 वी में आयुषी गुप्ता (96.80 प्रतिशत), को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**यह पल गौरव का है**-पुलिस अधीक्षक सिंह ने कहा, यह पल जशपुर जिले के सभी लोगों के लिए गौरव का क्षण है। हमारी बेटियों ने प्रदेश भर में अपना नाम रोशन किया है। मैं उनकी मेहनत और लगन की सराहना करता हूं।

### एसपी ने दिया कैरियर मार्गदर्शन

पुलिस अधीक्षक ने छात्र-छात्राओं से बातचीत कर उनके भविष्य की योजनाओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने छात्रों को आईएएस, डॉक्टर, इंजीनियर बनने के लिए प्रेरित किया और उन्हें मार्गदर्शन भी दिया।

### संस्था के लिए गर्व की बात

आत्मानंद स्कूल के प्रधानाचार्य ने भी छात्र-छात्राओं की सफलता पर खुशी व्यक्त की और कहा कि यह स्कूल के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि स्कूल हमेशा छात्रों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने और उन्हें उनके लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह उपलब्धि जशपुर जिले के लिए गौरव की बात है और यह दर्शाता है कि यहां की छात्राएं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं।

### पिता ने श्रेय शिक्षकों को दिया

इस अवसर पर सिमरन सबा के पिता, शाहिद अंसारी ने अपनी बेटी की सफलता का श्रेय शिक्षकों और परिवार के सदस्यों को दिया। उन्होंने कहा कि सिमरन बचपन से ही पढ़ाई में मेधावी रही है और उसने इस मुकाम को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत की है।

# हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा के प्रवीण्य सूची में जिले के 5 विद्यार्थी शामिल

## 10वीं में 4 और 12वीं में 1 विद्यार्थी प्रावीण्य सूची में

- हाईस्कूल में 76.86 प्रतिशत एवं हायर सेकेण्डरी में 83.40 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण
- कलेक्टर चौधरी ने विद्यार्थियों को दी बधाई एवं शुभकानाएं

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आज हायर सेकेण्डरी परीक्षा और हाई स्कूल का रिजल्ट घोषित किया गया है। जिसमें जिले में हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 76.86 प्रतिशत एवं हायर सेकेण्डरी का परीक्षा परिणाम 83.40 प्रतिशत रहा है। हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में छत्तीसगढ़ की मेरिट सूची में दुर्ग जिले के 04 विद्यार्थी एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा परिणाम में छत्तीसगढ़ की मेरिट सूची में जिले के 1 विद्यार्थी स्थान बनाने में सफल रहे। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है। जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्रा से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में हायर सेकेण्डरी परीक्षा परिणाम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेवरा सिरसा दुर्ग की भावना साहू ने 12वीं में 475 अंक (95.00 प्रतिशत) के साथ प्रावीण्य सूची में 10वां स्थान प्राप्त किया है।। इसी प्रकार हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में शासकीय हाई स्कूल महकाकला की दुर्गा रानी वर्मा ने 585 अंक (97.50 प्रतिशत) के साथ प्रावीण्य सूची में 8वां स्थान, शासकीय प्रयास आवासीय विद्यालय दुर्ग की आर्य कश्यप ने 584 अंक (97.33 प्रतिशत) के साथ प्रावीण्य सूची में 9वां स्थान, खालसा पब्लिक हाई स्कूल दुर्ग की यशवंत कुमार पारकर ने 584 अंक (97.33 प्रतिशत) के साथ प्रावीण्य सूची में 9वां स्थान एवं स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर अंग्रेजी माध्यम स्कूल कुम्हारी दुर्ग की रिया साहू ने 583 अंक (97.17 प्रतिशत) के साथ प्रावीण्य सूची में 10वां स्थान प्राप्त किया है। कलेक्टर के प्रतिनिधि के रूप में एसडीएम दुर्ग मुकेश रावटे, एसडीएम भिलाई-3 महेश राजूपत, तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने विद्यार्थियों के घर पहुंचकर उनका मुंह मीठा कर एवं पुष्प गुच्छ भेंटकर उनकी इस सफलता पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# छात्र-छात्राओं में मानसिक तनाव को दूर करने की जाएगी काउंसलिंग

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आज हाई एवं हायर सेकेण्ड्री मुख्य परीक्षा 2024 का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। परीक्षा परिणाम को लेकर छात्र-छात्राओं में काफी मानसिक तनाव होता है। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार छात्र-छात्राओं मे सकारात्मक व्यवहार के विकास हेतु जिला स्तर पर जिला चिकित्सालय के जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम एवं ग्रामीण एवं शहरी स्तर पर सी.एच.ओ. एवं ए.एन.एम. द्वारा संबंधित शिक्षकों व माता-पिता के साथ मानसिक संबंधी काउंसलिंग की जायेगी। काउंसलिंग के माध्यम से छात्रों को मनोवैज्ञानिक सहायता और समस्याओं के समाधान हेतु प्रयास किया जाएगा।


### निविदा/निविदातों से अनुज्ञप्तिधारियों का चयन की कार्यवाही 10 मई को

**दुर्ग।** राज्य शासन के आदेशानुसार दुर्ग जिले की देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों के अनुज्ञप्त परिसर से संलग्न अहातों हेतु अनुज्ञप्तियों का ऑनलाईन पद्धति से 12 अप्रैल से 25 अप्रैल 2024 तक प्राप्त निविदा/निविदातों में से अनुज्ञप्तिधारियों का चयन की कार्यवाही कलेक्टोरेट सभाकक्ष, दुर्ग में 10 मई 2024, दिन शुक्रवार को सुबह 11.00 बजे किया जायेगा। सहायक आयुक्त आबकारी दुर्ग के अनुसार किसी कारणवश निर्धारित तिथि एवं समय में अहाता अनुज्ञप्तिधारियों के चयन की कार्यवाही पूर्ण नहीं होने की परिस्थिति में अहातों हेतु अनुज्ञप्तिधारियों का चयन की कार्यवाही शासन द्वारा घोषित तिथि एवं समय में की जावेगी।

# कलेक्टर ने शांतिपूर्वक मतदान के लिए मतदाताओं के प्रति जताया आभार अधिकारी-कर्मचारियों-मीडिया को सहयोग के लिए दिया धन्यवाद

## स्काउट गाइड के बच्चो ने किया बेहतरीन कार्य, सभी बच्चों को प्रदान किया जाएगा प्रशस्ति पत्र

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान ने बलौदाबाजार भाटापारा जिले के दोनों लोकसभा अंतर्गत चारों विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान के लिए मतदाताओं, अभ्यर्थियों, राजनैतिक दलों सहित मीडिया के प्रतिनिधियों और प्रेक्षकों को धन्यवाद ज्ञापित कर उनके प्रति आभार जताया है। कलेक्टर के एल चौहान ने कहा कि लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व मतदान के लिए जरुरी प्रशासनिक व्यवस्थाएं और सुरक्षा के साथ-साथ जनभागीदारी और सभी वर्गों के लोगों का सहयोग सबसे महत्वपूर्ण है। जिले में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रशासनिक तौर पर व्यवस्थाएं समय पर पूरी कर ली जाती है, परंतु मतदान के लिए मतदाताओं को जागरुक बनाने और उन्हें मतदान केन्द्रों तक स्वस्फूर्त पहुंचकर वोट डालने के लिए प्रेरित करने का काम सबसे चुनौती भरा होता है। इसका ही सकारात्मक परिणाम है की लोकसभा चुनाव में जिले में पहली बार 67 प्रतिशत से अधिक मतदान को छुआ है। कलेक्टर ने कहा कि प्रशासनिक तैयारियों और सुरक्षा के लिए जरुरी सभी इंतजाम करने जिला प्रशासन के अधिकारियों, कर्मचारियों ने दिन रात एक कर जी-तोड़ मेहनत की है। महिला अधिकारियों ने भी पुरुष अधिकारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर मतदान की इस प्रक्रिया को निष्पक्ष-शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को इसके लिए अपनी बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने आगे कहा कि चुनाव जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में सहयोग करने वाले शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों, सुरक्षा बलों, होमगार्ड सहित अन्य सभी व्यक्तियों जिनने सफलतापूर्वक और निष्पक्ष स्वतंत्र तथा शांतिपूर्ण चुनाव में अपना अमूल्य सहयोग दिया है। कलेक्टर चौहान ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनका आभार जताया है। जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान ने इलेक्टानिक और प्रिंट, सोशल मीडिया के प्रतिनिधियों के द्वारा चुनाव कार्य से संबंधित महत्वपूर्ण सूचनाओं को अभ्यर्थियों, आम जनता तक पहुंचाने तथा चुनाव कार्य में सहयोग के लिए उनके प्रति अपना आभार जताया है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन संबंधी प्रकरण की जानकारी लोगो तक पहुचाने के साथ-साथ बलौदाबाजार भाटापारा जिले में चुनाव के दौरान कोई भ्रामक खबर या अफवाह को फैलने से रोकने में जिला प्रशासन को मीडिया का बेहतर सहयोग मिला। उन्होंने मतदान की सही और सटीक खबरों के प्रसारण को प्रमुख स्थान देने के लिए भी मीडिया प्रतिनिधियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके साथ ही उन्होंने स्काउट गाइड के बच्चो द्वारा किए गए सहयोग की जमकर सरहना की है। उन्होंने सभी स्काउट गाइड के बच्चो को प्रशस्ति प्रमाण पत्र देने का भी निर्देश दिए है।

# अंतर्राज्यीय शराब तस्कर गिरफ्तार, सायबर सेल खैरागढ एवं थाना गातापार की संयुक्त कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◄ खैरागढ़
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक खैरागढ़-छुईखदान-गंडई त्रिलोक बंसल (भा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा पाण्डेय के निर्देशन पर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी लालचंद मोहले के दिशा निर्देश में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक अनिल शर्मा एवं थाना प्रभारी गातापार उप निरीक्षक देवाराम भास्कर के नेतृत्व में नशे एवं अपराधिक गतिविधियों पर लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है इसी क्रम में 09/05/2024 को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि एक सफेद रंग के स्वीफ्ट कार में अवैध रूप से अत्यधीक मात्रा में मध्यप्रदेश निर्मित शराब रखकर मध्य प्रदेश के लांजी से छत्तीसगढ सीमा की ओर से आ रही है, कि सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों से दिशा निर्देश प्राप्त कर थाना गातापार एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम तैयार कर गातापार एवं घाघरा चेक पोस्ट में कडी नाकाबंदी कर घाघरा एवं गातापार के मध्य पेण्ट्रोलिग के दौरान घाघरा नाला के पास संदिग्ध् अवस्था में अंधेरे में एक स्वीप्ट कार खडी हुई मिली कार का चालक पुलिस पार्टी को देखकर संदिग्ध रूप से भागने लगा जिसे स्टाप के द्वारा घेराबंदी कर पकड कर नाम पता पुछने पर अपना नाम ढाल सिंह विश्वकर्मा पिता जीवन विश्वकर्मा उम्र 26 साल साकिन मुढिया मोहारा चौकी मोहारा थाना डोगरगढ जिला राजनांदगांव का होना बताया मौके पर विधिसम्मत कार्यवाही कर मौके पर स्वीप्ट कार को चेक करने पर गाडी के डिक्की एवं पीछे सीट पर 12 पेटीयों में 144 बोतल सभी बोतलों में 750 एमएल शराब भरा हुआ कुल 108 बल्क लीटर मध्यप्रदेश निर्मित गोवा व्हिस्की अंग्रेजी शराब कीमती 64080 रूपये मिला उक्त व्यक्ति के पास मध्यप्रदेश निर्मित शराब परिवहन के संबंध में वैद्य दस्तावेज नही होने से उसके कब्जे में रखे शराब एवं घटना में प्रयुक्त कार क्र. सीजी 04 एचके 0905 कीमती 400000 रू. कुल 464080 रूपये को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया, आरोपी का कृत्य आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अपराध पाये जाने से आरोपी के विरूद्ध अपराध क्र. 18/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट, कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण के कार्यवाही के दौरान ही मुखबीर से सूचना मिली की मध्यप्रदेश की ओर से एक सफेद रंग के स्कार्पियों में मध्यप्रदेश निर्मित शराब भारी मात्रा में परिवहन छत्तीसगढ की ओर किया जा रहा है।

# जशपुर की सिमरन शब्बा ने 10वीं कक्षा में 99.50 प्रतिशत के साथ प्रदेश में किया टॉप, आईएएस बनने का है सपना



- पिता चलाते हैं टेलर शॉप, मां है हाऊस वाईफ, बड़े भाई 12वीं में कर रहे हैं पढ़ाई

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय जशपुर में स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल में अध्यनरत् सिमरन शब्बा ने छत्तीसगढ़ बोर्ड की 10वीं की परीक्षा में 99.50 प्रतिशत के साथ पूरे प्रदेश में टॉप कर जशपुर का रोशन कर दिया है। सुबह 11 बजे परिणाम जारी होते ही मीडियाकर्मियों का तांता करबला रोड स्थित सिमरन शब्बा के मकान में लगना शुरू हो गया। परीचितों और प्रशासनिक अमला की ओर से लगातार बधाई के कॉल सिमरन के पिता शाहिद अंसारी को आने लगे। सिमरन को 600 अंकों में से कुल 597 अंक प्राप्त हुए हैं।

**आईएएस बनने का है सपना**-सिमरन शब्बा ने पायनियर से बातचीत के दौरान बताया कि उन्हें अपने मेहनत पर यकीन था, और वह प्रदेश में पहला स्थान पाने का लक्ष्य बनाकर पढ़ाई किया करती थी। उसने बताया कि वह स्कूल के अलावा घर में रोजाना 7 घंटे पढ़ाई किया करती थी। वह आईएएस बनने का सपना देखती है और आगे यूपीएससी की तैयारी करने की ख्वाहिश रखती है। उसने अपनी सफलता का श्रेय गुरूजनों और अपनी मां सबीहा नाज, पिता शाहिद अंसारी और बड़े भाई को देती है।

**पिता चलाते हैं टेलर शॉप** -सिमरन शब्बा ने अपने फैमिली बैग्राउंड के संबंध में बातचीत करते हुए बताया कि उनके पिता ओके टेलर के नाम से टेलर दुकान चलाते हैं और खुद भी सिलाई का कार्य करते हैं। मां सबीहा नाज हाऊस वाईफ हैं।

# श्री छत्तीसगढ़ लोहाणा महिला मंडल द्वारा निःशुल्क छाछ वितरण किया गया



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री छत्तीसगढ़ लोहाणा महिला मंडल द्वारा बुधवार को भारी गर्मी से राहत दिलाने राहगीरों को बुढ़ापारा के बिजली ऑफिस चौक में निःशुल्क छाछ वितरण कार्यक्रम किया गया। जिसमें शहर की प्रतिष्ठित कंपनी के छाछ के पाउच को ठंडा कर के वितरण कर के लगभग 2000 पेकेट वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में श्री छत्तीसगढ़ लोहाणा महिला मंडल की अध्यक्ष रेखा रायचुरा, पुष्पा वर्मा, ज्योतिका मजीठिया, इंदिरा मजीठिया, पदमा मिरानी, नेहा माणेक, योगिता पुजारा आदि उपस्थित थे।

## लगातार दूसरे वर्ष कक्षा 10वीं में प्रदेश टॉपर जशपुर से सिमरन शब्बा बनी प्रदेश टॉपर

# यशस्वी जशपुर ने बोर्ड परीक्षा में जशपुर का यश बढ़ाया, जिले से 12 विद्यार्थी प्रदेश के टॉप-10 प्रावीण्य सूची में

- कलेक्टर ,एसपी,सीईओ, प्राचार्य सहित स्कूल परिवार के सभी स्टाफ ने बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जिला कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के मार्गदर्शन में जशपुर जिले में शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने हेतु संचालित यशस्वी जशपुर कार्य योजना की बदौलत जशपुर जिले के 11 बच्चों ने कक्षा 10 वीं की प्रावीण्य सूची में एवं 1 बच्चे ने कक्षा 12 वीं की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त कर जिले को गौरान्वित किया है। यशस्वी जशपुर कार्ययोजना जशपुर जिले के लिए विद्यालयीन स्तर पर वरदान साबित हो रही है। जिसके कारण इस जिले के बच्चे बोर्ड परीक्षा की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त कर रहे हैं वही प्रदेश में 10 वीं प्रावीण्य सूची मे स्थान बनाने वाले जिलों में लगातार दूसरे वर्ष जशपुर जिला अव्वल रहा है। राज्य की प्रावीण्य सूची में सम्मिलित विद्यार्थियों मे 01 संकल्प जशपुर, 02 संकल्प पत्थलगांव, 06 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम जशपुर, 03 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम पत्थलगांव, 01 प्रयास आवासीय विद्यालय जशपुर से हैं। कक्षा 10 वीं में 99.50 प्रतिशत् के साथ सिमरन शब्बा सेजेस अंग्रेजी माध्यम जशपुर ने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही इस वर्ष कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा में इन विद्यार्थियों ने प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त किया है - सेजेस अंग्रेजी माध्यम जशपुर से 98.33 प्रतिशत के साथ श्रेयांश कुमार यादव ने तृतीय स्थान, संकल्प जशपुर से 98.17 प्रतिशत के साथ अर्पिता शैली कुजूर ने चतुर्थ स्थान, सेजेस अंग्रेजी माध्यम जशपुर से 97.83 प्रतिशत के साथ दिमित्रा सिंह खडग ने छठवां स्थान, संकल्प पत्थलगांव से 97.83 प्रतिशत के साथ रसिना चैहान और प्रीति समदूर दोनों ने छठवां स्थान, सेजेस अंग्रेजी माध्यम जशपुर से 97.67 प्रतिशत के साथ उमा बरेठ ने सातवां स्थान, सेजेस अंग्रेजी माध्यम पत्थलगांव से 97.67 प्रतिशत के साथ करिना सिंह ने सातवां स्थान, सेजेस अंग्रेजी माध्यम पत्थलगांव से 97.33 प्रतिशत के साथ सलोनी सिंह ने नवां स्थान, सेजेस अंग्रेजी माध्यम जशपुर से 97.17 प्रतिशत के साथ मोना यादव ने दसवां स्थान, प्रयास आवासीय विद्यालय जशपुर से 97.17 प्रतिशत के साथ आयुष साहू ने दसवां स्थान प्राप्त किया हैं। कक्षा 12 वीं में आयुषी गुप्ता ने सेजेस अंग्रेजी माध्यम जशपुर से 96.80 प्रतिशत के साथ पूरे प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया हैं। विद्यार्थियों की इस सफलता पर कलेक्टर जशपुर डॉ. रवि मित्तल, पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी पी.के. भटनागर, संकल्प जशपुर के प्राचार्य विनोद कुमार गुप्ता, यशस्वी जशपुर के संजीव शर्मा, अवनीश पाण्डेय, शिक्षक ज्योति श्रीवास्तव, ममता सिन्हा, मनीषा भगत, अश्विनी सिंह, दिलीप सिंह, प्रभात मिश्रा, दीपक ग्वाला, राजेन्द्र प्रेमी, शांति कुजूर, मुकेश वर्मा, शिव सुन्दर यादव, छत्रशाल पटेल, नितेश गुंजन पैंकरा स्टाफ टी.सी.कश्यप, दिलीप राम, दीपक महतो, प्रदीप नायक ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बच्चों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## भारतीय जनता पार्टी 2047 तक विकसित भारत की कल्पना कर रही है : विजय शर्मा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री/गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के सलाहकार सैम पित्रोदा ने चमड़ी के आधार पर भारतीयों को गाली दी है। शर्मा ने कहा कि नाम से भले ही वह सैम पित्रोदा हों, पर नस्ल और रंग भेद को लेकर उनके ताजा बयान के बाद उन्हें 'शेम' पित्रोदा नाम से देश जानेगा। शर्मा ने कहा कि इस प्रकार की कई घटनाएं हैं जिसमें कांग्रेस पार्टी जुड़ी हुई है। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के किसी हिडन एजेंडा को आगे लाने के लिए उनको बोलना होता है। शायद कांग्रेस पार्टी टेस्टिंग करती है कि इस पर क्या प्रतिक्रिया आ रही है? पित्रोदा द्वारा दिए गए बयान ने एक बार फिर भारत के नेता महात्मा गांधी के साथ हुए साउथ अफ्रीका में भेदभाव की घटना को याद दिला दिया है।

## 2011 के बाद जनगणना ही नहीं हुई, फिर कैसे पता किसकी आबादी बढ़ी : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मोदी के बयानों से साफ हो गया कि लोकसभा चुनाव के तीन चरणों में आधे से अधिक सीटों पर हुए मतदान के बाद तय हार से वे डर गये है। मोदी ने अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं इसीलिये प्रधानमंत्री के बयानों के स्तर गिरते जा रहे है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि 10 सालों में जिस अडानी के लिये देश की सरकार चलाया, 10 सालों में जिस अडानी की संपत्ति को बढ़ाने में मदद किया, जिस अडानी को देश की 80 प्रतिशत निजी कोयला खदानों, लौह अयस्क खदानों को सौंप दिया, जिस अडानी के हिडन बर्ग घोटाले पर पर्दा डालने के लिये संसद के 150 सांसदों को निलंबित तक कर दिया, प्रधानमंत्री उसी अडानी-अंबानी के नाम लेकर प्रधानमंत्री भाषण देने को मजबूर हो गये।




















सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403